सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-18 अंक-309 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, रविवार, 04 मई 2025
05 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## न्यूज डायरी

### मुख्यमंत्री योगी ने घायलों के समुचित उपचार के दिए निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद लखनऊ में आग लगने से हुए हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### ओडिशा में पुल निर्माण के दौरान बड़ा हादसा, स्लैब गिरा, तीन मरे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक शहर के खाननगर में एक निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार को यहां काठजोड़ी नदी पर एक पुल के निर्माण कार्य के दौरान कंक्रीट का स्लैब गिरने से एक इंजीनियर और दो श्रमिकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि इस घटना में दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। कटक के डीसीपी खिलारी ऋषिकेश ज्ञानदेव ने बताया कि स्थानीय लोग और पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और श्रमिकों को बचाया। श्रमिकों और साइट इंजीनियर पर गिरे विशाल कंक्रीट स्लैब को उठाते समय क्रेन में खराबी आ गई। डीसीपी ने बताया कि दुर्घटना का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

### गुजरात के साबरकांठा में भीषण सड़क हादसा, छह की मौत

**हिम्मतनगर।** गुजरात के साबरकांठा जिले में शनिवार को तीन वाहनों की भिड़ंत से हुए सड़क हादसे में बच्ची समेत छह लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। खेरोज पुलिस थाने के निरीक्षक उमट ने बताया कि यह दुर्घटना हिंगटिया गांव के पास राज्य राजमार्ग पर उस समय हुई जब जीप और बस में टक्कर हो गई। इस हादसे के बाद एक मोटरसाइकिल जीप से टकरा गई। उमट ने कहा कि मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और जिनमें से अधिकतर लोग जीप में सवार थे। अधिकारी ने कहा कि इस टक्कर में जीप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है, निर्णायक कार्रवाई करेंगे : मोदी

- प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति लौरेंको के साथ हैदराबाद हाउस में की द्विपक्षीय बैठक
- अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए भारत देगा 20 करोड़ डॉलर



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लौरेंको और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति लौरेंको के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद संबोधन में यह बात कही। आतंकवाद के मुद्दे पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लोरेंसू और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया। हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की ओर से, मैं अंगोला को 'अफ्रीकन यूनियन' की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि भारत की जी 20 अध्यक्षता के दौरान 'अफ्रीकन यूनियन' को जी 20 की स्थायी सदस्यता मिली। भारत और अफ्रीका के देशों ने कोलोनियल शासन के खिलाफ एक सुर में आवाज उठाई थी। एक दूसरे को प्रेरित किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर की डिफेन्स क्रेडिट लाइन को स्वीकृति दी गई है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स की मरम्मत और बदलाव और सप्लाई पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिंग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी। साथ ही डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्पेस तकनीक, क्षमता निर्माण के क्षेत्र में अंगोला के साथ अपनी क्षमताएं साझा करेंगे। हम स्वास्थ्य, डायमंड प्रोसेसिंग, फर्टिलाइजर और अहम खनिज क्षेत्रों में भी सहयोग मजबूत करेंगे। आज हम ग्लोबल साउथ के हितों, उनकी आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की आवाज बनकर एक साथ खड़े रहे हैं।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह नहीं जाएंगे रूस

### राज्यमंत्री संजय सेठ होंगें विजय दिवस में शामिल



**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रूस द्वारा नौ मई को मॉस्को में आयोजित 'विक्टरी डे परेड' में शामिल नहीं होंगे और उनके स्थान पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ वहां भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। बता दें कि मॉस्को में 9 मई को आयोजित वाले समारोह में रक्षा राज्यमंत्री सेठ को भेजने का कदम पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव मद्देनजर उठाया गया है।

रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर सोवियत विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित 'विक्टरी डे परेड' के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया था, लेकिन यह निर्णय लिया गया कि सिंह इसमें शिरकत करेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार बताया कि सेठ परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। रूस ने इस वर्ष 'विक्टरी डे परेड' में भाग लेने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री मोदी पिछले वर्ष राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्षिक शिखर सम्मेलन और कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो बार रूस गए थे। इस वर्ष रूसी राष्ट्रपति के वार्षिक शिखर सम्मेलन में शिरकत के लिए भारत आने की उम्मीद है।

## पीएम से मिले उमर अब्दुल्ला



- आतंकी हमले के बाद के हालात पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। बता दें कि, पहलगाम पर तनाव के बीच उमर अब्दुल्ला दिल्ली पहुंचे हैं, जानकारी के मुताबिक इस मुलाकात के दौरान आतंकी हमले के बाद के हालात पर चर्चा की गई है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि 26 मृतकों में दो विदेशी और दो स्थानीय निवासी हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस आतंकी हमले को हाल के वर्षों में आम लोगों पर हुए किसी भी हमले से कहीं बड़ा हमला बताया। अधिकारियों ने बताया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत की यात्रा पर हैं। इसी समय जम्मू-कश्मीर में पर्यटन और ट्रैकिंग का मौसम जोर पकड़ रहा है। 2019 की फरवरी में जम्मू-कश्मीर के ही पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला पहलगाम में हुआ है। पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन चीड़ के पेड़ों के घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा एक विशाल घास का मैदान है तथा देश व दुनिया के पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थान है।

## एंथनी अल्बनीज दूसरी बार चुने गए ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री


पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एंथनी अल्बनीज को उनकी शानदार जीत और एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह भारत और ऑस्ट्रेलिया की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। अल्बनीज ऑस्ट्रेलिया के पहले ऐसे शख्स बन गए हैं, जिन्होंने लगातार दूसरी बार तीन साल के प्रधानंत्री के कार्यकाल के लिए जीत हासिल की है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के रूप में दोबारा निर्वाचित होने और बड़ी जीत पर एंथनी अल्बनीज को बधाई। यह बड़ी जीत दिखाती है कि ऑस्ट्रेलिया की जनता को आपकी नेतृत्व क्षमता पर अब भी पूरा भरोसा है।

## संजौली मस्जिद का पूरा ढांचा गिराने के आदेश

### कोर्ट ने निचली दो मंजिलों को भी अवैध बताया



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की संजौली मस्जिद का पूरा पांच मंजिला भवन ही अब अवैध करार दे दिया गया है। नगर निगम आयुक्त कोर्ट ने शनिवार को इस मामले पर अपना अंतिम फैसला सुनाते हुए मस्जिद की निचली दो मंजिलें भी अवैध घोषित कर दीं। साथ ही इन्हें गिराने के आदेश भी जारी कर दिए हैं। ऐसे में अब पूरी संजौली मस्जिद गिराई जाएगी। इससे पहले मस्जिद की ऊपरी तीन मंजिलें ही अवैध घोषित की गई थीं। पिछले साल 5 अक्तूबर को इन्हें गिराने के आदेश जारी हुए थे। मौके पर इन्हें गिराने का काम लगभग पूरा हो चुका है। अब निचली दो मंजिलें भी गिरानी होंगी। उधर, वक्फ बोर्ड ने आयुक्त कोर्ट इस फैसले को चुनौती देने का फैसला लिया है। बोर्ड का कहना है कि फैसले की कॉपी आने पर इसे वक्फ बोर्ड के सीईओ जफर इकबाल के सामने रखा जाएगा। इसके बाद सक्षम कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी जाएगी। मस्जिद के वैध होने के दावे को पुख्ता करने के लिए पर्याप्त रिकॉर्ड पेश करने में फेल रहे वक्फ बोर्ड ने दावा किया कि मस्जिद की निचली दो मंजिलें आजादी से भी पुरानी हैं।

## दिल्ली कैबिनेट ने स्कूल फीस एक्ट को दी मंजूरी

**अब नहीं चलेगी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैबिनेट द्वारा सभी निजी स्कूलों की फीस वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए स्कूल फीस एक्ट को मंजूरी दे दी गई है। इसके बाद सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इस एक्ट के जरिए सभी 1677 स्कूलों की फीस पारदर्शी तरीके से नियंत्रित की जाएगी। पिछली सरकारों के कार्यकाल में लगातार फीस में बढ़ोतरी होती रही है। पहली बार किसी सरकार ने यह एक्ट बनाया है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही ऐसा समय आएगा जब दिल्ली सरकार इतनी व्यवस्थित हो जाएगी कि लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों की बजाय सरकारी स्कूलों में भेजने के लिए मजबूर हो जाएंगे। हम जल्द ही सदन बुलाकर एक्ट पर मुहर लगाकर इसे दिल्ली की जनता को सौंप देंगे।

मंत्री आशीष सूद ने कहा कि आप सरकार से अलग हमारी सरकार ने उन रास्तों को बंद कर दिया है, जिनके ज़रिए बच्चों को लूट का माध्यम बनाया जाता था। पिछली सरकार भी ऐसा कर सकती थी, लेकिन अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्होंने छात्रों पर दबाव बनाकर स्कूलों द्वारा वसूली गई रकम का अंडर टेबल सेटलमेंट किया। उन्होंने कहा कि 27 सालों तक हर साल फीस में लगातार बढ़ोतरी होती रही। हमारी सरकार ने डीएम कमेटी भेजी, जिसके बाद कोर्ट ने पहली बार डीपीएस को फटकार लगाई। हमारा एकमात्र उद्देश्य है कि छात्रों का मानसिक उत्पीड़न बंद हो। दिल्ली विधानसभा में पेश और पारित होने के बाद, अधिनियम कानून बन जाएगा और निजी स्कूलों की फीस संरचनाओं पर सख्त नियम लागू करेगा। अभी तक दिल्ली में निजी स्कूलों द्वारा फीस निर्धारित करने या बढ़ाने के तरीके को विनियमित करने के लिए कोई कानून नहीं था। ऐसे कानून की कमी के कारण फीस वृद्धि अनियंत्रित हो गई, जिससे कई परिवारों में परेशानी पैदा हो गई। हाल ही में स्वीकृत दिल्ली स्कूल फीस अधिनियम अभिभावकों के लिए एक बड़ी राहत के रूप में आया है, जिसका उद्देश्य निजी संस्थानों द्वारा मनमानी और अत्यधिक फीस वृद्धि को रोकना है।

## दिल्ली में शॉपिंग मॉल परियोजना में 100 करोड़ का घपला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने राजधानी में एक शॉपिंग माल परियोजना के संचालन में भ्रष्टाचार और वित्तीय कदाचार के आरोपों की जांच की मांग करने वाली याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया, जिसमें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और आपराधिक दंड कानून के प्रविधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज करने की भी मांग की गई है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 27 मई को तय की है। याचिका में आरोप लगाया गया कि पश्चिमी दिल्ली में स्थित मॉल के संचालन और प्रबंधन में अवैध धोखाधड़ी की गतिविधियां की गई हैं। आरोप लगाया गया है कि कई सरकारी अधिकारी, रियल एस्टेट डेवलपर्स, कार्पोरेट किराएदार और सब-रजिस्ट्रार भी करोड़ों रुपये के भूमि घोटाले में शामिल थे।

### सीएम ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक की

## दो साल में बन जाएगा विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर

- मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली
- इंटरनेशनल एक्जीबिशन-कम-कन्वेंशन सेंटर का काम को पूरा करें



> द्वितीय कॉरिडोर का काम 2026 तक निर्धारित किया गया है। लखनऊ मेट्रो परियोजना के तहत चारबाग से बसंतकुंज तक (11.165 किमी) की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवास में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने विकास प्राधिकरणों में लंबित भवन मानचित्रों के मामलों की जानकारी ली।

निर्देशित किया कि मानचित्र से जुड़े मामलों में बार-बार आपत्तियां लगाया जाना अनुचित है। इसे सरल तरीके से एक ही बार में निस्तारित करें। इस तरह के जो भी मामले लंबित हैं, एक समय सीमा तय करके उनका निस्तारण करें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस महीने के अंत तक नगरों में जीआईएस बेस्ड मास्टर प्लान अप्रूव करा लें। शहरी नियोजन, आवासीय सुरक्षा, अधोसंरचना विकास एवं डिजिटल प्रबंधन जैसे सभी घटकों को एकीकृत दृष्टिकोण से लागू करना आवश्यक है। इस दौरान अधिकारियों ने सीएम को मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बताया कि कानपुर मेट्रो के मोतीझील से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक 6.7 किमी लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन का निर्माण पूर्ण हो गया है। कॉरिडोर एक और दो का काम इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर को भी दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं द्वितीय कॉरिडोर का काम 2026 तक निर्धारित किया गया है। लखनऊ मेट्रो परियोजना के तहत चारबाग से बसंतकुंज तक (11.165 किमी) की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। बैठक में मुख्यमंत्री ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के सीमा विस्तार की आवश्कता जताई। साथ ही जेपीएनआईएसी को यथाशीघ्र लखनऊ विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित करने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों ने सीएम को बताया कि भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के प्रारूप पर 16 अप्रैल से 30 मई तक जनसामान्य से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त सुझावों के आधार पर इस उपविधि को अंतिम रूप में दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि 900 करोड़ से बनने वाले विश्वस्तरीय इंटरनेशनल एक्जीबिशन-कम-कन्वेंशन सेंटर का काम दो साल में पूरा करना है। यह कन्वेंशन सेंटर नए लखेनऊ की पहचान बनेगा। इसके साथ ही यूपी-एससीआर परियोजना लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी जिलों को समाहित करती है।

**आतंकवाद पर प्रहार**

### पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका

## भारत ने आयात, डाक-पार्सल सेवा बंद की

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी थी सख्त चेतावनी
- भारत ने पाकिस्तान के साथ बंद किया कारोबार
- पड़ोसी देश से आने वाली सभी वस्तुओं पर लगाई रोक



> भारत सरकार ने पाकिस्तान से किसी भी प्रकार की वस्तुओं के सीधे या परोक्ष आयात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से दो मई को जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लिया गया है। इस रोक के बाद अब पाकिस्तान से आने वाले किसी भी उत्पाद चाहे वह सीधे आयात हो या किसी तीसरे देश के जरिए परोक्ष रूप से हो इन सभी आयातों पर पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के लिए सभी श्रेणियों की डाक और पार्सल सेवाओं पर रोक लगा दी है। अब डाक और पार्सल को हवाई और जमीनी रास्तों से न ही भेजा जा सकेगा और न ही प्राप्त किया जा सकेगा। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत एक के बाद एक कदम पाकिस्तान के खिलाफ उठा रहा है। डाक और पार्सल पर रोक लगाने का फैसला उसी कड़ी का हिस्सा है। आतंकी हमले में 26 लोगों की बर्बर तरीके से हत्या कर दी गई थी, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तइबा से जुड़े गुट द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। फरवरी, 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह सबसे बड़ा आतंकी हमला था। उस हमले में सीआरपीएफ के 47 जवान शहीद हो गए थे। इससे पहले पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए थे। इसमें 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया था। इसके साथ ही एकीकृत चेक पोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया था। इसके अलावा पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति देने पर रोक लगा दी गई थी। भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया था। इससे पहले मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने एक बार फिर से पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया था। साथ ही उन्होंने पहलगाम के दोषियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई थी। उन्होंने कहा था कि पहलगाम की घटना ने देशवासियों को पीड़ा पहुंचाई है और इसे लेकर देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा है। लोग पीड़ित परिजनों के दर्द को महसूस कर सकते हैं। हर भारतीय का खून आतंक की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है।

## नेपाल सीमा से सटे जिलों के सौ से ज्यादा मदरसे सील

- महाराजगंज में 33 में से 32 पर हुई कार्रवाई



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई शनिवार को भी जारी रहा। प्रदेश के पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

अब तक महाराजगंज में 33 अवैध धार्मिक स्थल और मदरसे मिले हैं, जबकि सिद्धार्थनगर में 21 अवैध धार्मिक स्थल और मदरसे मिले हैं। वहीं सर्वाधिक कार्रवाई श्रावस्ती जनपद में हुई है। यहां अब तक 68 अवैध मदरसे सील किये गये हैं, साथ ही 164 के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई की गई है। वहीं पीलीभीत में भी एक अवैध धार्मिक स्थल मिला है। प्रशासन ने इसमें शामिल 6 लोगों के नाम नोटिस जारी किया है। महारागंज जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि कुल 33 अवैध धार्मिक स्थल और मदरसे चिह्नित किये गये हैं। इनमें से 19 मदरसे हैं, जिनमें से 4 के कब्जे हटाये गये हैं, 14 कब्जों के सापेक्ष 67(1) की कार्रवाई की गई है, जबकि एक का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। इसी प्रकार 10 अवैध धार्मिक स्थलों पर 67(1) की कार्रवाई की गई है। ऐसे ही सरकारी जमीन पर बनाए गये चार मजारों में से दो को हटा दिया गया है। एक में 67(1) की कार्रवाई की गई है, जबकि एक को वन विभाग की ओर से नोटिस दी गई है।

# सीडीओ ने तत्काल सेवा समाप्ति के दिए आदेश



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** बेटियों की शिक्षा से खिलवाड़ पर अब नकेल कसनी शुरू हो चुकी है। शनिवार को सीडीओ अभिषेक कुमार के औचक निरीक्षण ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मोहम्मदी की निष्क्रिय व्यवस्था को हिला कर रख दिया।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शिक्षिका प्रतिभा द्विवेदी 03-04 महीनों से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित हैं। पूर्व में नोटिस दिए जाने के बावजूद उनकी उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो सकी। इस पर सीडीओ ने तत्काल सेवा समाप्ति के आदेश जारी कर दिए। वहीं, एक अन्य शिक्षिका अनीता गंगवार जो छ्ठ्र अवकाश के बाद से गायब हैं, उन्हें भी सेवा समाप्ति का नोटिस देने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि उच्चीकरण के चलते विद्यालय का नवीन एकेडमिक ब्लॉक और हॉस्टल लाखों की लागत से बनकर तैयार हैं, परन्तु अभी तक उपयोग में नहीं लाए गए हैं। कारण बाउंड्री वॉल का न बनना। छात्राएं अब भी पुराने भवन में पढ़ाई कर रही हैं। इस पर सीडीओ ने बीडीओ को निर्देशित किया कि क्षेत्र पंचायत निधि से बाउंड्री वॉल का निर्माण शीघ्र कराया जाए, जिससे छात्राएं सुरक्षित और उपयुक्त वातावरण में अध्ययन कर सकें। इसके साथ ही, विद्यालय के उच्चीकरण के दृष्टिगत सीडीओ ने बीएसए को निर्देश दिए कि नवीन पदों की स्वीकृति हेतु स्वयं शासन स्तर पर सक्रिय पैरवी करें, ताकि आवश्यक शिक्षकीय व सहायक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

## बी पैक्स के सचिव पर पांच लाख रुपये ठग लेने का मामला जांच में पाया गया सही

### एआर ने आरोपी सचिव को किया निलंबित

**लखीमपुर-खीरी।** धौरहरा तहसील क्षेत्र की चकलाखीपुर? स्थित बी पैक्स के सचिव पर समिति में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये ठग लेने का मामला एडीओ सहकारिता की जांच में सही पाया गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एआर ने आरोपी सचिव को निलंबित कर दिया है। समिति का अतिरिक्त संचालन सुजईकुंड़ा सचिव के सचिव को सौंपा गया है लखीमपुर शहर की भरतपुर कॉलोनी निवासी पूजा शुक्ला पत्नी स्वर्गीय रोहित कुमार शुक्ला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि समिति में नौकरी दिलाने के नाम पर बी पैक्स चकलाखीपुर? के सचिव नवीन कुमार पुत्र ओंकार नाथ अवस्थी ने उससे पांच लाख रूपये लिए हैं। जब नौकरी नहीं मिली तो उसने रुपये वापस मांगे, लेकिन सचिव ने रुपये लौटाने से इंकार कर दिया। इस पर महिला ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की।जिस पर सचिव नवीन कुमार ने एक लाख पिचहत्तर हजार रुपये का चेक दिया और शेष रुपये एक माह बाद वापस करने की बात कही, लेकिन चेक बैंक से बाउंस हो गया। महिला ने सचिव से अपने रुपये मांगे, तो सचिव ने उससे अभद्रता की। पीड़िता ने जिलाधिकारी, सचिव सहकारिता विभाग के साथ ही अन्य उच्च अधिकारियों से शिकायत की।

# समाधान दिवस 83 शिकायती आयी मात्र 11 शिकायतो का निस्तारण हुआ



**लखीमपुर-खीरी।** डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 83 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 32, पुलिस 08, विकास 28 विद्युत 05 नगर पालिका के 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, सीओ अरुण कुमार सिंह, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, तहसीलदार प्रीति तिवारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0233/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस में वांछित अभियुक्त इम्तियाज पुत्र महताब निवासी ग्राम कचियानी थाना मितौली थाना फूलबेहड़ को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा जा रहा है।

# कांग्रेस पार्टी ने धन्यवाद जुलूस निकाला



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व मे बिजनौर मुख्यालय पर सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराये जाने पर जो दबाओ नेता विपक्ष आदर्णीय राहुल गाँधी ने सरकार पर बनाया उसकी वजह से सरकार को राहुल गाँधी ने झुकने पर मजबूर कर दिया। उसके लिए एक धन्यवाद जुलूस निकाला गया तथा एक मासिक बैठक का भी आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता हैनरीता राजीव सिंह ने की और संचालन आर के सिंह ने किया। जिसमे उपस्थित हैनरीता राजीव सिंह जिलाध्यक्ष, आर के सिंह पूर्व ई ए एस, हुमायुं बेग शहर अध्यक्ष, सुधीर पाराशर, वसीम अकरम एड. जिलाध्यक्ष, अल्पसंख्यक, बिजनौर), हाजी नसीम अंसारी, जावेद अंसारी, , नज़ाकत अल्वी, सुधीर कुमार एड, अनिल त्यागी, मुनीश त्यागी, मो सलीम, नरेश भास्कर, मास्टर रामपाल, प्रदीप ठाकुर, मिस बाबूल हसन, गुरमुख सिंह, जसराम सिंह, हरि सिंह सागर, हुकुम सिंह, क़ाज़ी आतिफ, अशरफ अंसारी, समीर अहमद, ज़फ़र मालिक, अभिनव अग्रवाल, वसी उर रहमान, सरफराज मालिक, हाफिज सददन फुरकान अंसारी, अब्दुल समद आज़ाद,अहसन जमील, मो आज़म, मो अकरम खाँ, नरेंद्र कुमार, कवीता राठौड़, हरेंद्र राठौड़, कोमल सिंह योगेश कुमार, राशिद अली शौकीन सैफी मुज़म्मिल अंसारी, राजेंद्र, राकेश शर्मा, नवीन कुमार, अयान जावेद, नवीन, फ़िरोज़, शाहिद, कमर अज़ीज़, मुश्ताक अहमद, खलीक चौधरी, नवाजिश अंसारी, विरेश गहलोत, जसवेंद्र सिंह राजेंद्र चौहान, सुमन चौधरी, लोकेश कुमार, डॉ नदीम नजाकत, पीयूष त्रिपाठी, सरदार गुरुदयाल, अज़ीम अंसारी, नौशाद अली, फैजुद्दीन, नरपाल सिंह, महेंद्र सिंह, कमलेश भुइयार डॉ मो अशरफ, तस्लीम अहमद, वलीउल्ला, ओम प्रकाश, शफकत अली, आदि मौजूद रहे।

## भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत पर हुए हमले के विरोध में किसानों हुए आक्रोशित



**बिजनौर** - पहलगाम की घटना पर विरोध प्रदर्शन में भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के साथ किसी के इशारे पर कुछ तथाकथित लोगों ने चौधरी राकेश टिकैत पर हमला करते हुए पगड़ी पर बार किया है जिससे किसान संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आक्रोशित है जिसके चलते जिला मुजफ्फरनगर के पदाधिकारियों की आपात बैठक बुलाई गई है! जिसमें निर्णय लिया गया कि हमले का विरोध किया जाए और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए! वहीं जनपद बिजनौर के नजीबाबाद में मंडल अध्यक्ष बाबूराम तोमर और ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में किसान एकजुट हुए और हमले का विरोध कर जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की! भाकियू जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, वीरेश राणा, युवा मुख्य जिला महासचिव अंकित चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य यशवीर सिंह, ब्लॉक सचिव सोनू गिरिराज, ब्लॉक मीडिया प्रभारी रोहित कुमार, सोमवीर सिंह, ऋषभ चौधरी, सरदार कुलदीप गिल, ब्रजपाल सिंह, अफजाल हुसैन, जय सिंह प्रधान, मौ दिलशाद, अहसान अहमद, संजीव चौधरी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे!

# हीटस्ट्रोक से पशु-पक्षियों को बचाने के लिए पिलाये जल

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** बढ़ते तापमान और हीटस्ट्रोक से पशु-पक्षियों को बचाने के लिए आज नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति और मैक्स इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्तवाधान में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को निशुल्क मिट्टी के बर्तन वितरित किए गए और पशु-पक्षियों पानी उपलब्ध कराने की शपथ दिलायी गयी।

पुराना चिलकाना रोड स्थित मैक्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर ने किया। महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में पक्षियों के समक्ष ज्यादातर जल की समस्या पैदा हो जाती है और तालाब समेत अन्य छोटे-छोटे गड्ढो में भरा पानी भी सूख जाता है। कुछ पक्षी बेहोश होकर गिर जाते है, तो कई मौत का ग्रास बन जाते है। ऐसे में सभी को उनके बचाव के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर द्वारा भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के संरक्षण को लेकर बच्चों से कई प्रश्न पूछे गए, जिसमे बच्चों ने पक्षियों के बचाव को लेकर बड़े ही सुंदर ढंग से जवाब दिये। जिस पर थाना प्रभारी ने मरयम, जकी, हलीमा, युसुफ व रहमत को मैडल पहनाकर सम्मानित किया। नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल व स्कूल की प्रधानाचार्या सुरैया कौसर ने बच्चों को मिट्टी के बर्तन वितरित करते हुए कहा कि बच्चों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस पास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है। उन्होंने कहा कि सुबह आंखें खुलने के साथ ही घरों के आस-पास गौरेया, मैना व अन्य पक्षियों की चहक सभी के मन को मोह लेती है। यदि इनकी पक्षियों की इन सुरीली आवाज को बरकरार रखना है, तो इनका संरक्षण करना भी प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बन जाता है। इस दौरान मैक्स इंटरनेशनल स्कूल के स्कूली बच्चों द्वारा बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए जल उपलब्ध कराने के लिए उठाये गये इस कदम की सराहना की गई। कार्यक्रम अध्यक्ष राहुल जैन, प्रदेश मंत्री अमित खुल्लर ने स्कूली बच्चों को मिट्टी के बर्तन वितरित करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत प्रदान करने के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करायें, ताकि पशु पक्षी हीटस्ट्रोक का शिकार न बन सकें। इस दौरान शिफा खान ने मिट्टी के 50 बर्तन देने की भी घोषणा की। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि जो लोग दो माह तक पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने की फोटो इस नम्बर 8979159500 पर भेजेंगे, उनको विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।

# नियुक्त विधानसभा अध्यक्ष का फूल मालाओं से हुआ स्वागत!



**नजीबाबाद** – तातरपुर लालू वाला आदर्शनगर में सुरज सिंह के निवास स्थान पर बहुजन समाज पार्टी की सेक्टर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया! जिसमें नव नियुक्त बसपा के विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष नरेंद्र कुमार रवि का पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया! बैठक के मुख्य अतिथि धनीराम (पूर्व राज्य मंत्री) द्वारा सेक्टर का गठन किया, जिसमें सेक्टर के अध्यक्ष सुरज सिंह को महासचिव प्रेम सिंह, सचिव शाहिद अंसारी को बनाकर क्षेत्र और आने वाले विधानसभा चुनाव के बारे में चर्चा की गई! बैठक की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नरेंद्र कुमार रवि, संचालन भाईचारा कमेटी संयोजक के विजेंद्र कश्यप ने किया! इस दौरान बैठक मे राकेश रवि, डॉटर अमित कुमार उपाध्याय, अनुज कुमार, मुकेश कुमार, नरेंद्र कुमार, रवि, विजेंद्र आदि उपस्थित रहे!

# पहलगाम में मृतकों की याद में दो मिनट का रखा मौन

### समिति ने 12वें स्थापना दिवस कार्यक्रमों को किया रद्द

**सहारनपुर।** पंजाबी एकता समिति ने अपने 12वें स्थापना दिवस के कार्यक्रमो को रद्द करके पहलगाम मृतको की याद मे 2 मिनट का मौन रख उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सर्वसम्मति से एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन करते हुए उसके फायदे गिनवाये। दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में पंजाबी एकता समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक का उद्देश्य समिति के 11 वर्ष पूरे होने और समिति के 12वें स्थापना दिवस के कार्यकमो की रुपरेखा तय करना था। बैठक में वक्ताओं ने कश्मीर के पहलगांव की घटना की वजह से फिलहाल स्थापना दिवस के होने वाले कार्यक्रमों को रद्द किया एवं कश्मीर के आतंकियों द्वारा किये गये कृत्य की कड़े शब्दों मे निंदा की। बैठक दौरान एक राष्ट्र एक चुनाव नीति पर भी वार्ता करते हुए सभी सदस्यों ने समर्थन किया। इसके बाद पहलगाम के आतंकी हमले के मृतकों की याद मे 2 मिनट का सार्वजनिक मौन रख के सभा का समापन किया। समिति के अध्यक्ष एमपी सिंह चावला, महामंत्री राजीव फुटेला, संरक्षक एससी सपड़ा, सलाहकार हरजीत सिंह ने कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों मे निंदा की और एक राष्ट्र एक चुनाव के फायदे गिनवाये। इस मौके पर सलाहकार हरजीत सिंह, नवनीत अरोड़ा, विवेक चावला, सन्नी परुथी, बब्बू, भानू, अनिल गिल्होत्रा, डा.दीपक ठक्कर, गुरजीत मल्होत्रा, अनिल धारिया, बलजीत सिंह, मुकेश तलवार, वरुण चावला, अजय ठकराल, अरविंदर पाल चावला, विनोद आदि मौजूद रहे। संचालन गगनदीप ने किया।

## दलित उत्पीड़न के विरोध में 11 मई को होगी दलित महापंचायत



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** देशभर में हो रहे दलित उत्पीड़न व हत्याओं की घटना के विरोध में नेशनल भीम आर्मी चीफ के कार्यकर्ताओं ने 11 मई को दलित महापंचायत करने की घोषणा की है। कलेक्ट्रेट रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए नेशनल भीम आर्मी चीफ लोकेश कटारिया ने दलित समाज के तमाम नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह नीजि स्वार्थ के लिए चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। देश भर के दलितों के साथ-साथ बाबा साहब डॉ.भीम राव अंबेडकर का लगातार अपमान हो रहा है। आये दिन दलित उत्पीड़न व हत्याएं की घटनाएं बढ़ रही है। कभी दलितों की बारात तक रोक दी जाती है। इस मामले में समस्त दलित सासंद, मंत्री व विधायक चुप्पी साधे बैठे हैं। इस मामले में केवल बहन कु.मायावती ने आवाज उठाने का काम किया है। उन्होंने एक स्वर में कहा कि अब दलित उत्पीड़न की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और 11 मई को दलित महापंचायत का आयोजन कर ठोस रणनीति तैयार की जायेगी। इस दौरान रविदास सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू खालसा, सुशील बौद्ध, सुनील भीम, अकरम मलिक, मनोज बादशाह, दीपक बावरे, कुलवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

# महापौर ने वृक्षों पर लटकाए घोंसले और बर्ड फीडर

## नगर निगम ने शुरु किया पक्षियों को दाना-पानी और आसरा देने का अभियान

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** चिलचिलाती धूप और लगातार बढ़ती गर्मी में नगर निगम ने एक नयी पहल करते हुए पक्षियों को दाना-पानी और आसरा (घोंसला) उपलब्ध कराने का अभियान शुरु किया। अभियान की शुरुआत 'पर्यावरण संरक्षण और हम' कार्यक्रम के तहत महापौर डॉ. अजय कुमार ने गांधी पार्क में पेड़ों पर घोंसले लटकाकर व पार्क परिसर में बर्ड फीडर रखकर की। पक्षियों के लिए मिट्टी के बर्तनों में पानी भी रखा गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की पर्यावरण आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता और क्विज कांटेस्ट का भी आयोजन किया गया। अभियान की शुरुआत महापौर डॉ. अजय कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। महापौर ने लोगों से प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करने तथा जल संरक्षण एवं पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संतुलन बनाये रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह आध्यात्मिक दृष्टि से ही नहीं पर्यारण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निगम का यह अभियान एक सप्ताह तक चलेगा। इस दौरान निगम शहर के मुख्य पार्को, कलक्ट्रेट, कचहरी व अन्य सरकारी कार्यालय परिसरों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए घोंसले लगाने तथा दाना पानी आदि का प्रबंध करेगा और लोगों को भी प्रेरित करेगा।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने बच्चों से पर्यावरण विज्ञान में क्या पढ़ाया जाता है, पेड़ों से हमें क्या लाभ है, वृक्ष हमें क्या-क्या देते हैं आदि प्रश्न पूछे। बच्चों ने बड़े उत्साह से प्रश्नों के उत्तर दिए। महापौर ने सभी बच्चों को एवं उनके शिक्षक को पुरस्कृत किया और घोंसले प्रदान करते हुए उन्हें अपने घर तथा आसपास लगाने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने महापौर का स्वागत करते हुए कहा कि पर्यावरण पर प्रदूषण का बहुत दुष्प्रभाव पड़ा है, जिसके कारण गौरया लगभग लुप्त होने की ओर है। हम सब मिलकर पक्षियों को बचाएं और लोगों को प्रेरित करें, निगम के इस अभियान का यही प्रयास है।

उपसभापति मुकेश गक्खड़ ने भी लोगों से अपने घरों पर पक्षियों के लिए पानी व दाना रखने और घोंसले रखने की अपील की। क्षेत्रीय पार्षद राजेंद्र कोहली ने कहा कि जंगलों से वृक्ष काटकर कंकरीट के जंगल खड़े करने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ा है। साहित्यकार डॉ. वीरेन्द्र आज़म ने कहा कि आदमी की त्रुटियों के कारण धरती लगातार गरमा रही है और ग्लेशियर पिघल रहे है। परिणामतः गौरया, तोता, कोयल और मोर आदि पक्षी व तितली प्रकृति से गायब हो रहे हैं।

# एसपीएस स्कूल में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान में किया छात्र-छात्राओं को जागरुक



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था सहारनपुर पब्लिक स्कूल में आयोजित 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को विभिन्न योजनाओं के साथ ही सोशल मीडिया के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जागरूकता अभियान के कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य देश की हर बेटी को उनकी सुरक्षा व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, क्योंकि जागरुकता के अभाव मे अनेक व्यक्ति उत्पीड़न का शिकार बन जाते है। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हर लड़की सुरक्षित और शिक्षित हो सके। जब हर बेटी को पढ़ने का अवसर मिलेगा, तो वह अपने सपनों को पूरा कर सकेगी। कोतवाली सदर बाजार प्रभारी रोजन्त त्यागी ने कहा कि छात्राएं अपने अधिकारो व सुरक्षा के प्रति सजग रहे तथा अपने साथ होने वाले किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार पर हेल्प लाइन या नजदीकी थाने पर सूचना अवश्य दें, ताकि अवांछित तत्वों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सकें। स्कूल के प्रधानाचार्य सुधीर जोशी ने सोशल मीडिया के लाभ व हानि बताते हुए कहा कि आग जब तक अपनी सीमा मे रहतीं तो ठीक है अन्यथा कंट्रोल से बाहर होने पर सब कुछ जलाकर राख कर देती है। ठीक ऐसा नियम सोशल मीडिया पर भी लागू होता है इसलिए सोशल मीडिया का का उपयोग सीमित दायरे मे करे ताकि नुकसान न उठाना पड़े। बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज ने छात्राओं के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स व सोशल मीडिया के बारे में विस्तार से चर्चा की। महिला उपनिरीक्षक अंजू ने हैल्पलाइन नंबर 112,1090, 1076, 1098, की जानकारी देकर उनका लाभ लेने का आह्वान किया। महिला कल्याण विभाग की जिला मिशन समन्वयक नेहा शर्मा ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए जागरूक किया कार्यक्रम मे संरक्षण अधिकारी एकता शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता रीना, महिला कल्याण विभाग के वन स्टाप सेंटर की स्टाफ नर्स शैलजा शर्मा व रविता मैथानी ने अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## उड़ान स्कूल के बच्चों को वाटर कूलर कराया उपलब्ध



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सामाजिक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत कैनरा बैंक एम्प्लाइज यूनियन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में उड़ान स्कूल के बच्चों को वाटर कूलर व अन्य सामान उपलब्ध कराया गया।

शुक्रवार को कैनरा बैंक एम्प्लाइज यूनियन द्वारा यूनियन के 75वें वर्ष में प्रवेश करने पर उड़ान बाल एवं प्रोढ़ शिक्षा केंद्र के प्रयास स्कूल क्रेजी ग्रीन समिति द्वारा संचालित सहारनपुर में एक सामाजिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें यूनियन द्वारा स्कूल के बच्चों के लिए गर्मियों में ठंडा पानी पीने को एक बड़ा वाटर कूलर लगवाया गया। इसके अतिरिक्त कॉपीज, रजिस्टर व स्टेशनरी आदि अन्य उपयोगी सामान का वितरित किया गया। तत्पश्चात बच्चों के लिए जलपान आदि की व्यवस्था भी यूनियन द्वारा की गयी। केनरा बैंक एम्प्लाइज यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष कॉ. अतुल चोपड़ा ने सामाजिक सहभागिता की आवश्यकता पर व यूनियन की उपलब्धियों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इस दौरान उड़ान संस्था से अजय सिंघल व संदीप शर्मा ने संस्था के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर केनरा बैंक एम्प्लाइज यूनियन की ओर से चन्द्रमोहन, संगीता, संजय, रविन्द्र, विकास, आकाश व आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

# सिटी प्रेस क्लब का हुआ विस्तार, नये नए सदस्य संगठन में हुए शामिल

## पत्रकारों का उत्प्रीरण नहीं किया जाएगा बर्दाश्तः नईम सिद्दीकी



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद की आयोजित मासिक बैठक में नये सदस्यों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। शनिवार को हरिद्वार मार्ग स्थित सरपंच टी स्टाल पर सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद की मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष नईम सिददीकी ने कहा कि पत्रकार किसी भी अख़बार या संगठन का हो हम उनका सम्मान करते हुए सहयोग करेंगे। हमारे लिए पत्रकार का सम्मान सर्वोपरि है। पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा। संगठन में नये सदस्यों मौ0 शाकिर, अनिल सक्सैना, गुलजार अहमद व विकास आर्य का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान क्लब के पदाधिकारियों ने नये सदस्यों को बधाई दी और आशा कि है कि नये सदस्य संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। नईम सिद्दीकी की अध्यक्षता व खिज़्र अहमद के संचालन में आयोजित बैठक में संगठन में शामिल हुए नए सदस्यों का जितेन्द्र जैन, गुलजार कुरैशी, हिफजुर्रहमान, मोहम्मद शाकिर, संतराम शर्मा, राजवीर सिंह, कुलदीप राजपूत, शहनवाज अहमद, रमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 106 शिकायतें प्राप्त, 10 का मौके पर निस्तारण




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** तहसील सदर के सभागार में शुक्रवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए जिससे शिकायतकर्ता पूरी तरह संतुष्ट हो सके।इस अवसर पर विभिन्न ग्रामों से आए लोगों ने अतिक्रमण, चकमार्ग, नाली, फर्जी दस्तावेज, चकरोड कब्जा, आवास पास व अन्य मामलों में शिकायतें दर्ज कराई। ग्राम देवगिरिया (थाना गोसाईगंज) के एक शिकायतकर्ता ने चकमार्ग व नाली से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने पुनः पैमाइश कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम टोनिया (मसौधा) के प्रकरण में तहसीलदार को पुनः जांच के निर्देश मिले।वहीं दर्शन नगर (कोतवाली अयोध्या) के निवासी ने फर्जी दस्तावेजों से आवास पास कराने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। नाली अवरुद्ध होने की शिकायत पर संयुक्त टीम गठित कर जांच करने के आदेश दिए गए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 106 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को त्वरित व प्रभावी ढंग से निस्तारित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अधिकतर शिकायतें पैमाइश, अतिक्रमण, राजस्व, पुलिस, विद्युत और सिंचाई विभाग से संबंधित रहीं।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने कैम्पस में विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## अवध विवि में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन समर्थ पोर्टल पर शुरू




**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में संचालित कोर्स में सत्र 2025-26 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रवेश समिति द्वारा गुरूवार को प्रवेश आवेदन की सूचना जारी की गई। परिसर में संचालित यूजी कोर्सों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित की गई है। वहीं पीजी एवं पीजी डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 25 जून तक किया जा सकता है। यूजी कोर्स के लिए ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से किया जायेगा जिसकी अंतिम तिथि 12 जून व पीजी कार्स के लिए अंतिम तिथि 28 जून निर्धारित की गई है। स्नातक स्तरीय कोर्सो में प्रवेश काउंसिलिंग 01 जुलाई से संभावित है। परास्नातक व पीजी डिप्लोमा कोर्स की काउंसिलिंग 15 जुलाई से प्रारम्भ होगी। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू आरएमएलएयू एडीएम डॉट समर्थ डॉट ईडीयू डॉट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते है।आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि परिसर के यूजी कोर्स में बीए, बीएससी, फाइन आर्टस, सूचना एवं लाइब्रेरी साइंस, बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीवोक मास कम्यूनिकेशन एण्ड जर्नलिज्म, फैशन डिजाईनिंग एण्ड गारमेंटस टेक्नोलॉजी में प्रवेश आनलाइन आवेदन शुरू है।

## डॉक्टर पर लगा 15 साल की किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप

# जांच में जुटी पुलिस,आरोपी डाक्टर ने मामले को बताया निराधार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला अस्पताल में इलाज कराने गई 15 वर्षीय किशोरी के साथ कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आने से सनसनी फैल गई है। पीड़िता के परिजनों ने जब उसकी आपबीती सुनी, तो उन्होंने आईजी और सीएमओ से शिकायत कर इंसाफ की मांग की। आरोपी चिकित्सक ने खुद पर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया है, जबकि पुलिस और अस्पताल प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। बता दे कि नगर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी को दांत संबंधी परेशानी के चलते उसकी मां इलाज के लिए जिला अस्पताल लाई थीं। शुरुआती जांच के बाद जब दोबारा अस्पताल लाने की बात हुई, तो किशोरी ने साफ इनकार कर दिया। कारण पूछने पर उसने बताया कि परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने उसके




साथ अनुचित हरकत की। किशोरी की इस आपबीती से परिवार में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने मामले को गंभीर मानते हुए आईजी रेंज प्रवीण कुमार और मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुशील बनियान को लिखित शिकायत दी, जिसके बाद जिला अस्पताल प्रशासन ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह के अनुसार, पीड़िता और आरोपी चिकित्सक दोनों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जांच निष्पक्ष होगी और जो दोषी पाया जाएगा, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू दहशरी सगठन ने पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला फूंका



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पहलगाम में विगत दिनों आतंकवादियों द्वारा 27 निर्दोष लोगों का नरसंहार किए जाने के मामले को लेकर भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन के कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इस आतंकी घटना को लेकर भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन के जिलाध्यक्ष निहाल अहमद सिद्दीकी के निर्देश पर दशहरी संगठन के जिला सचिव मनीष कुमार यादव की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारत माता की जय के नारे लगाते हुए पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला जलाया। दशहरी संगठन के जिला सचिव मनीष यादव ने कहा कि हम भारत के अमन पसन्द नागरिक हैं। हम हमेशा से ही मिल्लत व मोहब्बत का पैगाम देते चले आ रहे हैं। विगत दिनों कश्मीर के पहलगाम में हुए हृदय विदारक आतंकी हमले की हम घोर निंदा करते हैं तथा इस घटना में मारे गए निर्दोष 27 लोगों ने आतंकियों से लड़ते हुए अपनी जान गवाने वालो निर्दोषों के प्रति हम अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं और इस अमानवीय कृत्य को लेकर काफी आक्रोशित हैं। अयोध्या मंडल महामंत्री सुशील कुमार यादव ने कहा कि इस मामले को संज्ञान में लेकर आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें आतंकवाद को जड़ से ख़तम करने के लिए दशहरी संगठन ने की मांग। इस मौके पर सीथनाथ, रामदयाल, सोनू, परसराम, सत्यम, सर्वेश यादव, प्रशांत सिंह, रंजीत, प्रधान दादी, ब्रजेश, सुनील, अनिल, संजीत, विरेन्द्र सुमित, लवकुश, हुकुम, दोपक, राजू, अवलेश, सरवण, राजेश, छोटू, विशाल, मंत्री शोभेदार, अवधेश, मुनोज, कुलदीप, परवश सुनीष का मनील मसौली ब्लाक अध्यक्ष, रामकिशोर, दीपक,सचिन, लाल, प्रदीप रमेश रावत, इन्द्रेश आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में पूर्व प्रधान सहित दो की मौत, तीन घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**चिऊटहा(महराजगंज)।** चिऊटहा निचलौल रोड पर स्थित निचलौल थाना क्षेत्र के जमुई पंडित पचमा तिराहे पर दो मोटरसाइकिल की आपस में भिड़ंत हो गई। जिससे मौके पर ही दो लोगों की मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान मनवा पत्नी सलामत निवासी सेमरी थाना सिन्दुरिया महराजगंज उम्र करीब 55 वर्ष, मोहर्रम अली पुत्र रहमान उम्र 50 वर्ष निवासी सेमरी थाना कोठीभार महाराजगंज हुई। जबकि अन्य तीन लोग घायल हो गए। घटना में सलामत, सिन्टू, शनि कालीचरन साहनी निवासी बरियारपुर थाना कोठीभार के है। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुचकर घायलो को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी निचलौल भेजा । जहाँ डाक्टरो द्वारा मानवा पत्नी सलामत उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया गया तथा शेष घायलो को जिला अस्पताल महराजगंज रेफर किया गया है । घायलो के परिजनों को सूचना दी जा रही है ।

## समाधान दिवस में 33 मामले का हुआ निस्तारण



**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा तहसील नौतनवा में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनशिकायतों की सुनवाई की गयी। जिसमें कुल 229 मामले आये, जिनमें उनके द्वारा मौके पर ही 33 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों में जिलाधिकारी ने समयांतर्गत और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें और निस्तारण आख्या को विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत स्तर पर देखें, ताकि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को सुनिश्चित किया जा सके। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी महोदय ने फरियादियों की समस्या सुनने के साथ ही उनको मिलने वाली पेंशन, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। जिनको उक्त योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था, उनके पात्रता की मौके पर जांच करवाते हुए आवेदन करवाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। फरियादी समस्या के निस्तारण के साथ जिलाधिकारी के इस पहल से काफी खुश दिखे।

## स्टेट बैंक सिसवा में व्यापारियों के लिए खुला वन स्टॉप सेंटर

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीय कस्बे के व्यापारिक समुदाय को बैंकों से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कमर्शियल) की सिसवा शाखा में वन स्टॉप सेंटर की शुरुआत की गई है। यह केंद्र विशेष रूप से स्थानीय व्यापारियों को ध्यान में रखते हुए खोला गया है। शाखा प्रबंधक आकर्ष श्रीवास्तव ने बताया कि अब व्यापारियों को ऋण, चालू खाता, डिजिटल बैंकिंग, जीएसटी से जुड़े बैंकिंग समाधान, टैक्स पेमेंट, बीमा और निवेश जैसी सुविधाओं के लिए अलग-अलग काउंटरों पर नहीं जाना पड़ेगा। सभी सेवाएं एक ही केंद्र पर विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जाएंगी। स्थानीय व्यापारियों और उद्योग प्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत किया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष शिबू खान ने कहा कि यह केंद्र व्यापारिक गतिविधियों को और अधिक सहज एवं पारदर्शी बनाएगा। स्टेट बैंक की यह पहल प्रधानमंत्री के ÷ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के विजन को स्थानीय स्तर पर मजबूती प्रदान करेगी। इस मौके पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष मकसूद अंसारी,उपाध्यक्ष सुधीर जायसवाल, उपाध्यक्ष राजउल अंसारी मंत्री साहेब सिंह सेठी,बैंक कर्मचारी रंजीत कुमार, कन्हैया वर्मा, राजकुमार वर्मा, स्वप्निल सैनी, अकरम हुसैन, सूरज कुमार,सवरू यादव व अनिरुद्ध अन्य लोग उपस्थित रहे।

## घटिया सामग्री से बना टैंक बारिश में ढहा, 8 महीने से मरम्मत नहीं



**बाराबंकी।** सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के बक्सावां मजरे कोठी पंचायत में वाटर सेक्योरिटी प्लांट (डब्ल्यूएसपी) योजना तहत निर्माण हुआ वाटर फिल्टर टैंक संचालन से पहले ही पहली बारिश में ढह गया। क्योंकि टैंक में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया। इसमें घटिया ईंट, बालू और मौरंग का प्रयोग का अनुपात सही से नहीं होने का स्थानीय लोगों का कहना है। इस निर्माण में बरती गई लापरवाही के कारण टैंक जुलाई-अगस्त 2024 की बारिश में ही ढह गया। इसका अभी तक संचालन में नहीं हो सका। उस समय स्थानीय लोगों की शिकायत पर डीपीआरओ कार्यालय ने जांच भी कराई थी। लेकिन आठ महीने बीतने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ठेकेदार सरकारी धन का हनन कर रफूचक्कर हो गया। जांच में सामने आया कि ठेकेदार, सचिव और प्रधान ने निर्माण कराया था।? लेकिन मूसलाधार बारिश में तालाब का पानी अधिक होने से निर्माण कार्य ढह गया। यही बात आज भी ब्लाक अधिकारियों की जुबानी है। एसबीएम जेई अक्षय कुमार के अनुसार प्लांट की मरम्मत का काम अभी तक शुरू नहीं हो सका है। वह उसी क्षतिग्रस्त स्थिति में है। कोठी सचिव गीता वर्मा ने बताया कि टैंक के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी हैं। जिसे तत्कालीन सचिव सुषमा अवस्थी समय बनाया गया था। उन्होंने दोबारा निर्माण संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं होना बताया। मगर उन्होंने बताया कि स्वयं इसका निरीक्षण कर चुकी। टैंक के क्षतिग्रस्त होने से ईंटें बिखरी पड़ी हैं।

# तहसील एत्मादपुर में डीएम आगरा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न




*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** तहसील एत्मादपुर में जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के साथ साथ सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से संपर्क करें तथा उनसे वार्ता कर शिकायत को निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण होने के बाद शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। जिससे उनको भी निस्तारण स्थिति का पता चल सके और निस्तारण आख्या में सम्पूर्ण घटनाक्रम को अंकित करते हुए पोर्टल पर अपलोड की जाए।जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए वह अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली स्थाई/अस्थाई गौ संरक्षण केन्द्रों पर संरक्षित गोवंशों हेतु भूसा/चारे की व्यवस्था, पीने हेतु पानी की व्यवस्था तथा गौवंशों के लिए छाया हेतु आवश्यक प्रबंधन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में ई ऑफिस प्रणाली लागू हो चुकी है। अतः सभी पत्रावलियों का प्रचालन ई ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किया जाए साथ ही पत्रावलियों का प्रचालन समय से किया जाए ताकि समय से अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। तहसील दिवस के दौरान कुल 85 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें से 11 का जिलाधिकारी द्वारा तत्काल निस्तारण कराया गया। शेष 74 शिकायतों में मुख्यतः विद्युत, पेंशन, राशन, भूमि विवाद, चकरोड निर्माण/अतिक्रमण, नाली निर्माण, अवैध अतिक्रमण आदि से सम्बन्धित थीं, जो कि 39 राजस्व विभाग, 15 पुलिस विभाग, 11 विकास खण्ड, 5 सप्लाई तथा 4 अन्य से सम्बंधित प्राप्त हुई।

## संगीतमय प्रस्तुतियां के माध्यम से याद किया महाकवि सूरदास को




**आगरा।** अमृता विद्या एजुकेशन फार इम्मोर्टालिटी सोसाइटी और छांव फाउंडेशन ने सूरदास की 547 वीं जयंती पर के अवसर महाकवि को उनकी काव्यमयी श्रद्धांजलियां के साथ ÷सबसे ऊंची प्रेम सगाई÷ आयोजन के साथ स्मरण किया किया गया। फतेहाबाद रोड के होटल और पर्यटन क्षेत्र में स्थित 'शीरोज हैंग आउट ' रेस्टोरेंट में शुक्रवार 2 मई को संपन्न हुए कार्यक्रम में महाकवि सूरदास के प्रेम और वात्सल्य भाव से भरपूर काव्य को मौजूदा दौर में और भी अधिक प्रासंगिक बताते हुए वक्ताओं ने बृज साहित्य की अमूल्य निधि बताया। मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस कमिश्नर आगरा दीपक कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाकवि सूरदास की वैश्विक ख्याति है,उनके द्वारा रचित काव्य हिन्दी साहित्य की अमूल्य निधि है।खुशी की बात है कि आगरा के लोगों के द्वारा अनवरत याद किये जाने की परंपरा को बनाया हुआ है।

प्रख्यात गजल गायक सुधर नारायन ने कहा कि वर्तमान समय में सूरदास भजन ÷सबसे ऊँची प्रेम सगाई÷ बहुत प्रासंगिक है। यदि हम कबीर, खुसरो आदि को देखें तो उन्होंने भी प्रेम की बात की। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत काल से ब्रजवासी ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ में विश्वास करते हैं और अब तो इसकी वैश्विक स्वीकार्यता है।

## जल जीवन मिशन द्वारा कराए जा रहे कार्य का विधायक ने किया निरक्षण

**बाराबंकी।** जैदपुर में जल जीवन मिशन द्वारा कराए जा रहे कार्यों का जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत ने जल निगम व पीएनसी के अधिकारियों को साथ में लेकर विकासखंड हरख के विभिन्न गांव में मौके पर पहुंचे और विभाग द्वारा कराए जा रहे हैं कार्यों में जो कमियां मिलीं उनको संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया। शनिवार को जैदपुर विधायक ने जल जीवन मिशन से संबंधित समस्त अधिकारियों को साथ में लेकर विकासखंड हरख के ग्राम शरीफाबाद, मसूदपुर अख्तियारपुर व धीराईका पुरवा गांव में जाकर जल निगम द्वारा डाली जा रही पानी की पाइपलाइन से क्षतिग्रस्त सड़कों को तुरंत ठीक करने का निर्देश दिया।

## युवक के सिर में गोली मारने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, बदमाशों के पैर में लगी गोली



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** सिकंदरा-बोदला रोड स्थित देवीराम स्वीट्स के पास एक युवक को गोली मारने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने शुक्रवार देर रात में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। फिलहाल दोनों का इलाज चल रहा है। गौरतलब है कि गत 26 अप्रैल को एक युवक मिलन को देवीराम स्वीट्स के पास जूस पीते समय मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने दिन दहाड़े गोली मार दी थी। उसे घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस घटना के दिन से फायरिंग करने वाले बदमाशों की तलाश में जुटी थी। एसीपी ने बताया कि गत रात में थाना सिकंदरा पुलिस सघन चैकिंग अभियान चलाए हुई थी। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मिलन को गोली मारने वाले दोनों बदमाश अमन और अभिषेक उर्फ रौनी सुनारी से मथुरा की ओर जाने वाले हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों की घेराबंदी कर ली। जैसे ही दोनों बदमाशों ने पुलिस को देखा तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। पुलिस फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। दोनों मोटरसाइकिल से गिर पड़े। पुलिस ने दोनों को अपनी गिरफ्त में ले लिया। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# शातिर चोर व पुलिस में हुई मुठभेड़ में चोर गिरफ्तार, भेजा जेल

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** जनपद में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत है, तो वही नवागत एसपी ने अपराधियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी क्रम में बीती रात थाना सतरिख के ग्राम कमरपुर के पास चोरी में वांछित अपराधी और पुलिस के बीच जमकर मुठभेड़ हुई। इस दौरान शातिर चोर को पुलिस की गोली लग जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक कमरपुर चौराहा पर चेकिंग लगा रखी थी। इसी दौरान एक बिना नम्बर प्लेट की बाइक आती दिखी। संदेह के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार को रुकने का निशारा किया। पुलिस को देखते ही बाइक सवार बरौली जाटा गांव की ओर भागने लगा। संदिग्ध का पीछा कर रही पुलिस टीम ने मानपुर पुलिस चौकी को सूचना देकर घेराबंदी शुरू की। अपने को चारो ओर से घिरते हुए देख कर बदमाश ने तमंचा से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। बदमाश के पैर में लगी गोली÷ बदमाश द्वारा फायरिंग किये जाने पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इसमें बदमाश के पैर में गोली लगी जिससे वह गिर गया। पुलिस टीम ने उसे धरदबोचा। पकड़े गए बदमाश की पहचान महेन्द्र कुमार पुत्र विश्वनाथ निवासी भेड़िहन पुरवा मजरे सिकन्दरपुर थाना सतरिख के रूप में की गई। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके पास से बाइक, तमंचा, मोबाइल फोन आदि बरामद हुआ है। मुठभेड़ की सूचना पर एएसपी दक्षिणी डा. अखिलेश नारायण सिंह ने घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। चोरी के दो मामलों में थी बदमाश की तलाश÷ छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि सतरिख थाना में दर्ज चोरी के दो मुकदमों में महेन्द्र कुमार उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि महेंद्र के एक साथी दिवाकर पुत्र रामसनेही यादव निवासी भड़िहन पुरवा मजरे सिकन्दरपुर थाना सतरिख को पुलिस 30 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोपी ने बताया कि वह कार से रेकी करने के पश्चात दुकानों व घरों को चिन्हित कर चोरी की घटना करते थे। आरोपी ने 11 मार्च की रात कमरपुर सरैया स्थित मोबाइल की दुकान व कास्मेटिक की दुकान से मोबाइल व स्मार्ट वाच तथा नकदी और एक अप्रैल की रात कमरपुर स्थित वीएस ट्रेडर्स गल्ला की दुकान से सीसीटीवी डीवीआर व केबल चोरी की गयी थी। फिलहाल पुलिस ने वांछित बदमाश को जेल भेज दिया

## श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के समापन के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण

**बाराबंकी।** सिद्धौर ब्लाक के जफरपुर मजरे बिबियापुरघाट गांव में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुक्रवार हवन पूजन व पूर्ण आहुति यज्ञ साथ समापन हुआ। इसके आयोजक गिरीश कुमार मिश्र थे। इस कार्यक्रम शुभारंभ 25 अप्रैल 2025 को कलश यात्रा से शुरू हुआ था। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं की कथा का वर्णन किया गया।? जिसे सुनकर श्रोतागण भाव भी और हुई और आरती के बाद उन्हें प्रसाद वितरण भी किया जाता। कथा के समय भगवान के गगनचुंभी जयकारों व शंखनाथ ध्वनि से वातावरण भक्ति में था। सात दिनों तक चले कार्यक्रम के समापन के बाद शुक्रवार को 2 बजे के बाद में भंडारा आयोजित हुआ।

## कुत्तों के अवैध स्थानांतरण पर विनिता अरोरा ने कहा - कानून विहीन RWAs को हमारे शहरों को नष्ट करने से रोके




*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** एक ओर जहां लोग बेजुबानों के लिए सड़को पर भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराते नजर आते हैं तो वही आए दिन बेजुबान कुत्तों पर लोग अत्याचार करते नजर आते हैं। इसमें जनपद आगरा भी पीछे नहीं है जहां आए दिन कुत्तों के साथ क्रूरता के मामले सामने आते हैं। वही इन बेजुबानों के लिए हमेशा अपनी आवाज उठाने वाली और कैस्पर होम नाम से शेल्टर चलाने वाली विनिता अरोरा ने एक और मुद्दे पर अपनी आवाज उठाई है। दरअसल इन दिनों जगह जगह कुत्तों का अवैध स्थानांतरण देखा जा रहा हैं। जिससे इन बेजुबानों को बहुत मुसीबतों का सामना करना पड़ता है तो वही यह इंसानों के लिए भी ठीक नहीं है। इस पर कैस्पर होम संचालिका विनीता अरोरा का कहना है कि कानूनविहीन RWAs हर समय अपने अवैध स्थानांतरण के माध्यम से रेबीज फैलाने का मुख्य कारण हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब वे अपनी कॉलोनी के कुत्तों को दूसरी कॉलोनियों, बाज़ारों, राजमार्गों, नालों, घाटों, दूरदराज के गाँवों, अनिर्मित इमारतों, अतिक्रमणों आदि में स्थानांतरित करते हैं, तो रेबीज फैलने का बहुत बड़ा खतरा होता है क्योंकि वहाँ कई संक्रमित या बिना टीकाकरण वाले कुत्ते हो सकते हैं जो दूसरे क्षेत्रों के कुत्तों से लड़ेंगे और अधिक संक्रमण फैलाएँगे। अरोरा का कहना है कि इसके अलावा, जब इन स्थानांतरित कुत्तों को कहीं भी भोजन नहीं मिलता है, तो उन्हें भोजन और पानी की तलाश में अन्य आवासीय और बाज़ार क्षेत्रों में प्रवेश करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

# अवैध मदरसे को बुलडोजर द्वारा किया गया ध्वस्त

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** तहसील शोहरतगढ़ के थाना क्षेत्र ढेबरूआ अन्तर्गत पिपरा गांव में बने अवैध

**प्रशासन के द्वारा 11 अप्रैल को नोटिस देते हुए 26 अप्रैल तक अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था**



मदरसे को बुलडोजर द्वारा ध्वस्त किया गया। आपको बता दें कि योगी सरकार के आदेश के बाद लगातार अवैध मदरसे और मस्जिदों पर कार्यवाही की जा रही है।

वहीं खलियान के भूमि पर इस्लामिया इस्लामदुल मुस्लमीन मदरसा के रूप में किये अवैध अतिक्रमण को पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में थाना ढेबरुआ क्षेत्र के ग्राम पिपरा में गाटा संख्या 102/0.110 हेक्टेयर पर प्रशासन ने हटवाया। अतिक्रमण को हटाने से पूर्व धारा 67 राजस्व संहिता के तहत आदेश पारित कर कार्यवाही की गई। प्रशासन के द्वारा 11 अप्रैल को नोटिस देते हुए 26 अप्रैल तक अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था, लेकिन अतिक्रमण न हटाने पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण को हटाया गया। इण्डो-नेपाल बॉर्डर के 10 किलोमीटर के सीमा के अन्दर सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण किया गया था, जिसके बाद से अब प्रशासन द्वारा कार्यवाही हो रही है। आपको बता दें कि प्रभारी निरीक्षक ढेबरूआ गौरव सिंह मय पर्याप्त पुलिस बल के नेतृत्व में एवं राजस्व टीम की मौजूदगी में शनिवार को न्यायालय तहसील शोहरतगढ के वाद संख्या 01373/2019 ग्राम सभा बनाम समसुल्लाह थाना ढ़ेबरुआ अन्तर्गत ग्राम पिपरा के गाटा संख्या 102/0.110 हे0 अवैध अध्याषी समसुल्लाह पुत्र एनुल्लाह को ग्राम सभा की भूमि से बेदखल किये जाने हेतु आदेश के क्रम में अवैध निर्माण/अतिक्रमण को विधि पूर्वक हटवाया गया। मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम है।

# कर्बला की ज़ियारत के लिए रवाना हल्लौर से काफिला

अवधनामा संवाददाता

**सकुशल वापसी के लिए अल्लाह की बरगाह में सभी ने की दुआ**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** हर शिया मुसलमान की ख्वाहिश होती है कि अपनी जिंदगी में एक बार करबला जैसी मोक़द्दस जगहों की ज़ियारत करे। इसी अरमान को लेकर शनिवार शाम हल्लौर से ज़ाकिरे अगलेबैत जमाल हैदर, वजीर हैदर, नायाब एसआईएल, इंजी0 इंतेज़ार हैदर, सैफ अब्बास, शम्स हैदर संजू, शब्बीर हसन मास्टर, सलमान के अलावा नौ खूवातीन करबला कुम नजफ़ जैसी मोक़द्दस जगहों की ज़ियारत के लिए रवाना हुआ।

रवानगी से पूर्व वक्फ शाह आलमगीर सानी में मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें मजलिस की ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर व मर्सिया ख्वानी की अम्बर मेंहदी व हमनवा ने अंजाम दिया बाद मजलिस सभी ने सकुशल वापसी की दुआएं की। बताते चले कि ये लोग मशहद में आठवें इमाम इमाम अली रज़ा अस का रौज़ा, सहन इमाम रज़ा अस, इमाम रज़ा कैम्पस, कदम इमाम रज़ा अस की निशानी, पहाड़ी पर ख्वाज़ा मुराद का रौज़ा, अबा सलत का रौज़ा, कदम गाह, चश्मे इमाम, इमाम ज़ादे महरुक का रौज़ा, इमाम ज़ादे इब्राहीम का रौज़ा, इमामज़ादे का कब्रिस्तान, ईरान कुम में मस्जिद जमकरान, बीबी शतीता, इमाम खुमैनी सहित तमाम ओलमा की कब्र की ज़ियारत जो तेहरान एयरपोर्ट के नज़दीक, मासूम ए कुम का रौज़ा, कोहे शहर बानो का रौज़ा, नजफ़, सामर्रा में दसवें इमाम का रौज़ा, ग्यारहवें इमाम का रौज़ा, आखरी इमाम की माँ नरजिस खातून का रौज़ा, हकीमा खातून का रौज़ा, बेसमेन्ट इमाम ज़माना, सैय्यद मुहम्मद का रौज़ा, नबी अय्यूब का रौज़ा, बक्र बिन अली का रौज़ा, मक़ामे इब्राहीम का रौज़ा, मिसमे तमर्रा का रौज़ा, जनाबे हुर का रौज़ा, हज़रत मुस्लिम के दोनो बेटों का रौज़ा, जनाबे औन का रौज़ा, पहाड़ी पर किले नमरूद, बीबी शरीफा बिन्ते इमाम हसन अस का रौज़ा, हज़रत अली अस का घर, मक़ामे इमाम ए महदी अस, रौज़े इमाम अली अस, मक़ामे इमाम ए जैनुलआब्दीन अस, वादिये इमाम ज़माना अस और इमाम ए जाफ़रे सादिक़ अस, मक़ामे खिज़्र अस, मकाम बैतुत तश्त, मकाम ए हज़रत मोहम्मद मुस्तफा स अ, जनाबे मुख्तार का रौज़ा, हज़रत मुस्लिम अस का रौज़ा, मक़ामे इमाम ए जैनुलआब्दीन अस, मस्जिदे कूफ़ा में जहाँ मौला अली को ज़रबत लगी थी,की ज़ियारत करने के साथ रौज़ा हजरत अब्बास अस, रौज़ा, इमाम हुसैन अस, रौज़ा हज़रत अली, रौज़ा असगर अस, गंजे शहीदां, हज़रत अब्बास के दाहिना बाजू का स्थान, बायां बाजू का स्थान, वो जगह जहाँ मशक ए सकीना पर तीन मारा गया था, नहरे फरात, इमाम जाफ़रे सादिक़ अस की बाग, असद ए फिज्जा, खैमागाह, हज़रत अब्बास का खैमा, जनाब ज़ैनब का रौज़ा, टीले ज़ैनबिया, मक़ामे झूला अली असगर, मक़ामे अली अकबर अस की ज़ियारत करेंगे।

मजलिस के दौरान मौलाना शाहकार हुसैन जैदी, मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, मौलाना मौजिज अब्बास, अम्बर मेहदी, मैक्स रिज़वी, अब्बास अली, जलाल हैदर, शादाब संजू, वसी हैदर, नफीसुल हसन, कामयाब हैदर, निसार शब्लू, इंतेज़ार हुसैन शबाब, काज़िम रज़ा, असग़र जमील, शब्बू दुबई, हसन ताक़ीब रिज़वी, राहिब रिज़वी, मोहम्मद मेहदी, अजीम हैदर, बबलू, गुलाम मेहदी तमाम लोग मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 137 शिकायतें

**अमेठी।** शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 137 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ है। अमेठी में डी एम संजय कुमार चौहान ने स्वयं जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को सुबह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से बैठने और जनता की समस्यायों को सुनने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील अमेठी में कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 27 शिकायतें प्राप्त हुई

# विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर उप्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के तत्वावधान में विचार गोष्ठी



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जनपद इकाई द्वारा होटल शुभम पैलेस में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सहित जिले के वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किये।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एसपी गौड़ ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वरिष्ठ पत्रकार बी0पी0 त्रिपाठी ने संबोधन में अपने अनुभवों को साझा करते हुए विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। सिद्धार्थ प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन भले ही अनेकों रहे, किंतु पत्रकारों से जुड़े मुद्दों पर हम सभी को एकजुट रहना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार अरविंद झा ने अपने संबोधन के दौरान पत्रकारिता के गिरते मूल्यों पर चिंता व्यक्त की तथा विभिन्न माध्यमों से समाचार प्रेषित करने वाले नई पीढ़ी को खूब अध्ययन करने का सुझाव दिया। कहा कि खबरों की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करें। युवा पत्रकार संगठन के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने पत्रकारों के हित में कोष बनाने का सुझाव रखा। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश श्रीवास्तव राहुल ने अपने संबोधन के बाद सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। गोष्ठी को पत्रकार अजीत सिंह, प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद त्रिपाठी, उमेर सिद्दीकी आदि ने भी संबोधित किया। गोष्ठी के बाद यूनियन द्वारा जारी पहचान पत्र को सदस्यों में वितरित किया गया। इस दौरान कैलाश नाथ द्विवेदी, जयशंकर प्रसाद मिश्र, जफर अहमद, सलमान, विकास कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, संतोष दुबे आदि तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## उद्योग के नाम पर लोन लेकर दुरूपयोग करने वालों का जल्द होगा खुलासा

**अम्बेडकरनगर।** यूपी में सरकारी अधिकारियों की मनमानी के चलते होने वाले भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए सूबे की योगी सरकार प्रयास करती रही है। इसके चलते जीरो टॉलरेंस नीति पर लगातार आगे बढ़ रही योगी सरकार ने इस दिशा में अहम कदम उठाए हैं। इसके पश्चात भी व्यवसाय के नाम पर विभाग को छलने वाले फरेबी व्यापारियों तथा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और बैंक की मिली भगत से दिए गए लाभ का दुरुपयोग करने वाले व्यापारियों का खुलासा जल्द ही मीडिया करेगी। लोगों द्वारा बताया जाता है कि जिसमें कुछ फरेबी व्यवसायी ऐसे भी हैं, जो जिला उद्योग केंद्र से ऋष्ा की फाइल तैयार कराने के बाद बैंकों की मिली भगत से सिर्फ सब्सिडी का लाभ लेने तक सीमित है। अधिकांश व्यापारियों द्वारा इकाईयां स्थापित न कर उसे धन का उपयोग अन्य व्यवसाय में व्यापारियों द्वारा किया जा रहा है ऐसे लोगों द्वारा सरकार की योजनाओं का लाभ विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों से मिलकर तथा बैंक को मिलाकर लिया जाता है और जो लोग सिर्फ सब्सिडी का लाभ लेने के लिए फाइल तैयार करते हैं।

## रास्ते के विवाद मे बाहरी लोगों बुलाकर दो पक्षो मे हुई भीषण जंग, पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर किया बचाव

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र कैथवारा गांव में रास्ते के चल रहे पुराने विवाद ने शुक्रवार की रात लगभग 1:30 बजे हिंसक रूप ले लिया। देर रात दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और तोड़फोड़ की अराजकता वाली घटना सामने आई। घटना कैथवारा गांव के दो पक्षों के बीच उत्पन्न हुई। राम जियावन और वीरेंद्र कुमार के बीच रास्ते के चल रहे पुराने विवाद के बीच शुरू हुई। कहा सुनी के दौरान राम जियावन ने वीरेंद्र के साथ मारपीट कि। इसके बाद वीरेंद्र ने बाहरी लोगों को लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों को बुला लिया। उसके बाद राम जियावन पर हमला कर दिया। जब गांव वालों को पता चला कि बाहरी लोग आकर मारपीट कर रहे हैं, तो वीरेंद्र के घर पहुंच गए। गुस्साए ग्रामीणों ने बाहरी लोगों का विरोध करना शुरू कर दिया। और उनके साथ मारपीट भी किया। मामला यही नहीं थमा भीड़ ने वीरेंद्र के घर पर खड़ी बाइक और अन्य वाहनों का तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्य में कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची दंगा कर रहे लोगों को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस के बंदूक की बोट का इस्तेमाल कर दंगा नियंत्रण में लाने का प्रयास शुरू कर दिया। माहौल इत्ता गरम हो गया था कि कई थानों की पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर असंतुलित मामले को संतुलन में लाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिसिया बल के प्रयोग से कुछ लोगों का हाथ, पैर और अन्य शारीरिक नुकसान होने की भी सूचना मिली। हालांकि इब्राहिमपुर पुलिस ने कई थानों की फोर्स के साथ मामले को नियंत्रण में लाने का प्रयास करते हुए सफलता हासिल कि। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले गई हैं। उक्त संबंध में थाना अध्यक्ष रितेश पांडेय ने क्या बताया जाने थाना अध्यक्ष इब्राहिमपुर ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही हैं। लेकिन इस घटना में स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों पक्षों में लंबे अंतराल से जमीनी विवाद को लेकर विवाद उत्पन्न होता रहा लेकिन स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन इस मामले को रफादफा कर अपना उल्लू सीधा करने में जुटी थी अगर उस समय ही मामला प्रशासन द्वारा सुलझा दिया जाता तो शायद इत्ती बड़ी घटना इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र में देखने को न मिलती जब की पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा हैं कि कही कोई अपराधिक व अनहोनी घटनाएं न घटित होने पाएं लेकिन इब्राहिमपुर पुलिस के द्वारा कुछ न कुछ लापरवाहियां की जाती रहती हैं, जिससे आए दिन इस थाने में अपराधिक घटनाओं का मामला संज्ञान में आता रहता हैं।

# तहसील समाधान दिवस में आये 40 मामलों में 3 का निस्तारण

### एक बार फिर ज़मीनी विवादों में घिरा रहा संपूर्ण समाधान दिवस



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील सभागार में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता और उप जिलाधिकारी डा. संजीव दीक्षित की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे, ताकि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में कुल 40 मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें सबसे अधिक 29 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं। इसके अतिरिक्त, पुलिस विभाग से 3 और अन्य विभागों से 8 शिकायतें दर्ज हुई। हालांकि, मौके पर निस्तारण की बात करें तो राजस्व विभाग के केवल तीन मामलों का ही समाधान हो सका। इस अवसर पर तहसीलदार रवि कुमार यादव, नायब तहसीलदार बिंद्रेश गुप्ता, खंड विकास अधिकारी आलोकदत्त उपाध्याय, कार्तिकेय मिश्र, पूर्ति निरीक्षक मुकेश प्रसाद, अधिशासी अधिकारी राजन गुप्ता, लाल कृष्ण श्रीवास्तव, संजय वरुण, प्रवेश शुक्ला, देवेंद्र गुप्ता, माता प्रसाद भारती, सत्येंद्र मिश्रा, अजय पाठक, उदयभान और मुकेश श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। उम्मीद की जा रही है कि शेष शिकायतों पर भी संबंधित विभाग जल्द ही उचित कार्रवाई करेंगे।

# मुसीबत का सबब बना जानलेवा गढ्डा, फोटो बीडीओ हो रहा सोशल मीडिया पर वायरल

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** एनएच 730 बढ़नी मलगहिया के बीच घरुआर गांव के आस पास सड़क के बीच में छोटे-बड़े कई गड्ढे हो चुके हैं। जिसके कारण आने जाने वाले कई राहगीर गिरकर चोटहिल हो चुके हैं। बढ़नी क्षेत्र के कुछ समाजसेवी लोगों ने चिंता जाहिर करते हुए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल उक्त गढ्ढों को ठीक कराये जाने की मांग की गई है। वहीं कुछ लोगों ने चोटहिल राहगीरों व सड़क के गढ्ढों का फोटो बीडीओ बनाकर सोसल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। जिससे संबंधित लोगों का ध्यान आकर्षित कर समस्या का समाधान हो सके।

एक व्यक्ति ने लिखा है बढ़नी से मड़नी तक सड़क में कई जगह जानलेवा गड्ढे को लेकर मै 3 मार्च 2025 को अपने ट्विटर के माध्यम से प्रकाशित खबर को पोस्ट किया था और 10 मार्च को में अपने मोबाइल से वीडियो और फोटो द्वारा सड़क गड्ढे को सही करने के लिए पोस्ट किया था जो अभी तक सड़क ठीक नहीं हो पाया है और न हीं मेरे किए गए पोस्ट को ध्यान नहीं दिए आज दिनांक 30 मार्च को तुलसीपुर से इस्लाम और उनकी पत्नी साथ में बैठ कर बढ़नी बाजार की तरफ अपने बाइक से ले जा रहे थे। किसी डॉक्टर को दिखाने जो महीने में बुधवार को आते है और अचानक गड्ढा आ जाने के कारण बाइक न सभाल पाने के कारण के गिर गए जिससे उनको काफी गंभीर चोट लग गई है।हम लोग उनको वहां से उनको तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी ब्लॉक पे पहुंचाया गया वहां के डॉक्टर गंभीर हालत देखकर हमें बताया कि इनको जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर के लिए रेफर करना पड़ेगा उसके बाद में हम 108 पे काल करके एंबुलेंस बुलाया उसके बाद में उनके घर वालों को सूचना दे कर जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया था। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार शनिवार को रानी जोत निवासिनी (50) वर्षीय सुनीता पत्नी बनवारीलाल भी गिरकर चोटहिल हो चुकी है। जिनका प्राथमिक उपचार स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी में चल रहा था। उक्त संबंध में मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने कहा कि मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है, जल्द ही संबंधित विभाग को ठीक कराने का दिशा-निर्देश जारी किया जायेगा।

## दुल्हन का फ़ोन व्यस्त रहने के चलते प्रेमी ने प्रेमिका की काटी गर्दन युवक ने खुद की आत्महत्या

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है. प्यार में शक हुआ तो प्रेमी ने अपने होने वाली दुल्हन का गला रेत दिया. प्रेमी ने गला रेत कर हत्या करने का प्रयास किया. प्रेमिका का गला रेत कर युवक ने खुद आत्महत्या कर ली. सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला इब्राहिम थाना क्षेत्र का है. ग्राम चांदपुर निवासी अभिषेक उम्र लगभग 23 वर्ष का ग्राम अमीनपुर निवासी प्रतिभा उम्र तकरीबन 20 वर्ष से शादी तय हुई थी. शुक्रवार देर शाम अभिषेक अपनी होने वाली दुल्हन के घर पहुंचा. अभिषेक ने अपनी प्रेमिका का गला रेत दिया और उसे मरणासन्न पर छोड़ खुद आत्महत्या कर ली. अभिषेक और प्रतिभा दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे. दोनों ने एक दूसरे से शादी करने का निर्णय किया था. दोनों एक ही जाति के थे, जिसके चलते परिवार वालों ने भी कोई आपत्ति नहीं जताई और शादी तय कर दी थी।

**प्रेमिका पर शक हुआ तो काट दी गर्दन-** अभिषेक और प्रतिभा एक दूसरे से बहुत प्यार करते थे, लेकिन शक होने पर सब कुछ बिगाड़ गया। प्रेमी अपनी प्रेमिका पर जान छिड़कता था. वही उसकी जान लेने पर आतुर हो गया और खुद अपनी जान गवां दी. बताया जा रहा है कि आज शाम को अभिषेक ने अपनी पत्नी के मोबाइल पर फोन किया तो काफी देर तक नंबर बिजी रहा. जिसके बाद अभिषेक अपनी प्रेमिका के घर पहुंचा. कमरे में पहुंच कर अभिषेक ने दरवाजा बंद कर लिया. अपनी प्रेमिका का मोबाइल तोड़ डाला और चाकू से उसका गला रेत दिया. प्रेमिका का गला रेतने के बाद अभिषेक ने खुद आत्महत्या कर ली।

**दोनों की तय हो गई थी शादी-**मृतक युवती की मां ने कहा कि दो साल से दोनो में बातचीत होती थी. दोनों की शादी तय हो गई थी. अभिषेक अक्सर दारू पीकर लड़की को धमकाता रहता था. आज उसने पहले लड़की का गला रेता और फिर गमछे से फांसी लगा ली. इब्राहिमपुर थाना प्रभारी रितेश पांडे ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम-प्रसंग का है. युवक ने गला रेतने के बाद आत्महत्या कर ली है. अभी किसी पक्ष की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला मुख्यालय स्थित एक मैरेज हाल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा वक्फ सुधार अधिनियम जन जागरण अभियान के तहत अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि सांसद एवं जेपीसी चेयरमैन जगदम्बिका पाल जी उपस्थित रहे।

इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि यह वक्फ सुधार अधिनियम देश के गरीब, बेसहारा अल्पसंख्यक परिवारों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। श्री पाल ने कहा कि पूर्व में सच्चर समिति की रिपोर्ट में सिफारिश की गई थी कि बोहरा आधारखानी, पासमंदा, विषवार, मुस्लिम महिलाए ओबीसी आदि के बीच गरीबी को प्रमुखता से उजागर किया गया था, लेकिन देश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने मुस्लिमों के लिए कुछ नहीं किया बल्कि अपना वोट बैंक समझा, लेकिन देश मे प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद सबका साथ-सबका विकास के तहत इस शक्ति करण, तुष्टीकरण नही बल्कि सच्चर रिपोर्ट का वास्तविक रूप से क्रियान्वयन करने का कार्य किया गया है। वक्फ संशोधन अधिनियम में मनमानी और शोषण को समाप्त कर सबको समानता ये अधिकार देने का कार्य किया है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शेशन जमीर जी (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहली सरकार है जो गरीबों और सभी वर्गो का सम्मान करते हुए अधिकारी दिलवाने का कार्य करती है। कार्यकम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि हमलोगों के लिए गौरव की बात है कि यह अधिनियम हमारे लोकप्रिय सांसद जगदम्बिका पाल जी की अध्यक्षता में पास हुआ, जिसे इतिहास के पन्नों में दर्ज किया जायेगा। कार्यकम में मुख्य रूप से शिवनाथ चौधरी, राशिद पठान, खालिक रहमान, सब्बु साहनी जफर, जहीर सुमताज अली, रहमतुल्ला, अमीरुल्ला, कलीम खान, कसीम रिजवी रफीउल्लाह, हनीफ, अकबर अली, बरकत अली आदि लोग उपस्थित रहे।

# सड़कों पर उतर बिजली विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने छटनी के विरुद्ध किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** जनपद में बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों ने छंटनी का विरोध किया। कर्मचारियों ने तीसरे दिन अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव किया।मांगों को लेकर कार्यालय पर जुटे सैकड़ो कर्मचारियों ने प्रबंधन को कर्मचारियों की समस्याएं बताने के लिए सत्याग्रह का रास्ता चुना है। उन्होंने एमडी के खिलाफ नारेबाजी की।विभाग में आउटसोर्सिंग के तहत कुल 950 कर्मचारी कार्यरत थे। प्राइमवन कंपनी ने इनमें से 650 कर्मचारियों को बिना कारण बताए निकाल दिया। ये कर्मचारी पिछले 14 वर्षों से विभाग में सेवाएं दे रहे थे।कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि सरकार आउटसोर्स कर्मचारियों के उत्पीड़न को रोकने की बात कर रही है। लेकिन मैनपावर एजेंसी 2010 से कार्यरत कर्मचारियों को निकाल रही है। मध्यांचल उपाध्यक्ष राजन चौधरी ने बताया कि छंटनी का कोई कारण नहीं बताया जा रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी उन्हें पहले निकालेगी।ऐसे में कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण उनके ऊपर कार्य का अधिक भार पड़ने से बड़े पैमाने पर दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। जिसमें हर साल सैकड़ो कर्मचारियों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। ऐसे में कर्मचारियों की छंटनी करने से जहां एक ओर उपभोक्ताओं को बिजली मुहैया कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा तो वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों की दुर्घटनाओं में भी वृद्धि होगी। और फिर आउटसोर्सिंग पर नियुक्त करने के लिए कर्मचारियों से फिर एक से डेढ़ लाख रुपये लेकर नौकरी पर रखेगी। वहीं पर कुछ अधिकारियों के चहेते जिनके द्वारा नियुक्त स्थान पर कार्य भी नहीं किया जा रहा है बल्कि जिम्मेदार अधिकारी के यहां अन्य कार्य उनसे लिए जा रहे हैं ऐसे कर्मचारी की छटनी नहीं की गई, यही नहीं महज रात्रि के 12 घंटे में ही दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी गई जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा रात्रि में क्या जांच की गई यह भी अपने आप में यक्ष प्रश्न है।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान तहसील दिवस

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसके क्रम में बांसी तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान तहसील दिवस में विधायक जय प्रताप सिंह, जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की अध्यक्षता संपन्न हुआ। इसमें शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को बारी बारी से सुना गया। जिसमें सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग से संबंधित आए। जिसे जिलाधिकारी ने संबंधित राजस्व निरीक्षक एवं हल्का लेखपाल को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बटवारा आदि के प्रकरण का मौके पर जाकर निस्तारण करवाएं। लोगों को किसी मामले में अनावश्यक रूप से परेशान ना किया जाए। इस मौके पर कुल 113 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-70, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-09, विकास-23, समाज कल्याण-07, लोक निर्माण विभाग-01 व अन्य 03 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिसमें राजस्व के 9 मामलों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया । राममिलन पुत्र वशिष्ठ विकास क्षेत्र खेसरहा, असलम पुत्र मनुल्लाह विकास क्षेत्र मिठवल, वीरू पासवान पुत्र सुरेश विकास क्षेत्र खेसरहा, बनवारी पुत्र कल्लू विकास क्षेत्र खेसरहा आदि शिकायतकर्ता मौके पर अपनी शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर उपस्थित रहे। जिसे अधिकारियों को सौंपते हुए जल्द से जल्द उसका निस्तारण करने का निर्देश दिया। वहीं जिलाधिकारी के समक्ष भूमि विवाद, सड़क , पानी, नाली, स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित मामले भी आए। जिसको जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन मामलों में भूमि विवाद हो उसमें पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौका मुआयना करने के उपरांत ही कार्यवाही करें। वहीं अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यवाही करते समय दोनों पक्षों की बात अवश्य सुनीं जाए। अपने कार्य में सुधार नहीं लाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, तहसीलदार बांसी पीयूष श्रीवास्तव, तहसील बांसी क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी के साथ समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

## 'आतंकिस्तान' का कबूलनामा

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रहस्योद्घाटन किया है कि पाकिस्तान पिछले तीन दशकों से अमरीका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों के लिए आतंकवाद जैसा 'गंदा धंधा' कर रहा था। हमने आतंकियों को पालने-पोसने, टेऊनिंग देने और पैसा देने का काम किया है। जाहिर है कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन सक्रिय रहे हैं। हमने बहुत बड़ी गलती की है, जिसका खामियाजा हमने भुगता है। हमने सोवियत संघ के खिलाफ 1980 और 90 के दशक में और फिर न्यूयॉर्क में 9/11 आतंकी हमले के बाद अमरीका का सहयोग नहीं किया होता, तो आज हमारा 'टैऊक रिकार्ड' (आतंकवाद के मामले में) कहीं बेहतर होता! पाक रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान में अमरीका ने सोवियत संघ के खिलाफ जंग में आतंकियों को खुलकर समर्थन दिया था।' बहरहाल सोवियत संघ का अस्तित्व खत्म हो चुका है। अमरीकी सेनाओं के अफगानिस्तान को छोड़ कर गए कई साल गुजर चुके। जो तालिबान वैश्विक पटल पर 'आतंकवादी' थे, वे आज अफगानिस्तान में हुकूमत कर रहे हैं, लेकिन आज अफगानिस्तान पाकिस्तान को 'नंबर 1 दुश्मन' मानता है और सरहद पर लड़ाई जारी है। वैसे तो पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की कीमत दो टके की है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके कबूलनामे को मान्यता दी जाएगी। उन्होंने अमरीका के 'स्काई टीवी' के एक लाइव शो में यह कबूला है कि पाकिस्तान आतंकियों का मुल्क है।


बहरहाल पाकिस्तान के मौजूदा हालात के मद्देनजर यह 'नंगई वाला बयान' है। अफगानिस्तान में लडने् के बाद पाकिस्तान के आतंकियों और उनके आकाओं को एहसास हुआ कि वे भारत के खिलाफ जेहाद का इस्तेमाल कर सकते हैं, लिहाजा 90 के दशक से वर्ष 2000 तक दुनिया में जहां भी आतंकी हमले हुए, वहां पाकिस्तान की मौजूदगी और उसके सबूत पाए गए। भारत में भी जेहाद की आड़ में पाकपरस्त आतंकवाद और कश्मीर में अलगाववाद 90 के दशक में ही पनपे और फैलते गए। पाकिस्तान में आतंकियों को जेहादी ही नहीं, मुल्क के नायक और स्वतंत्रता सेनानी तक माना जाता रहा है। जिन आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में नरसंहार किया था, पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार उन्हें भी 'स्वतंत्रता सेनानी' मान रहे हैं। फिर वह संभावना जताने लगते हैं। चूंकि पाकिस्तान 'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स' (फाट्फ) को लिखित आश्वासन दे चुका है कि उनके मुल्क में आतंकी मौजूद नहीं हैं और न ही हुकूमत आतंकी संगठनों को पैसा और पनाह देती है। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान में जो खलबली मची है, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों में स्थित मस्जिदें और मदरसे खाली कराए गए हैं। करीब 200 एकड़ में फैले लश्कर के मदरसों में पढने् वाले करीब 2000 छात्र और मौलवी-मौलाना वहां से चले गए हैं। आतंकियों और छात्रों-मौलानाओं को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। पाकिस्तान में ऐसा किस खौफ और संभावित हमले के मद्देनजर किया गया है? खबर तो यह भी है कि लश्कर के सरगना हाफिज सईद को एबटाबाद के 'आईएसआई सेफ हाउस' में रखा गया है। इसी इलाके में अलकायदा का सरगना ओसामा बिन लादेन छिपा था, जहां अमरीका के कमांडो सैनिकों ने उसे ढेर किया था। बहरहाल भारत ऐसी सूचनाओं और साक्ष्यों के आधार पर फाट्फ में, पाकिस्तान के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकता है और पाकिस्तान को 'ग्रे लिस्ट' में डालने का आग्रह कर सकता है। यदि फाट्फ ने पाकिस्तान पर कोई निर्णायक कार्रवाई की, तो दुनिया में उसे भीख तक नहीं मिल सकती। आईएमएफ और विश्व बैंक के कर्ज़ मिलना तो बहुत दूर की कौड़ी है। पहलगाम नरसंहार के बाद प्रशासन ने स्थानीय 6 आतंकियों के घर नेस्तनाबूद कर दिए हैं, उन्हें मलबा या राख कर दिया गया है। करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और 14 स्थानीय आतंकियों की सचित्र सूची जारी की गई है। हम उन्हें ही 'जयचंद' करार दे रहे हैं। वे सभी पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से जुड़े रहे हैं। एजेंसियों ने 64 'जयचंदों' के घरों में छापे भी मारे हैं। बेशक भारत-पाकिस्तान के बीच 'युद्ध' की स्थितियां बन चुकी हैं। इनकी नियति अभी तय होनी है।

## दांव तो मोदी से सीखें!


के. विक्रम राव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कांग्रेसी विपक्ष पर हमला करने का मौका कभी नहीं चूका। हास्य की शैली उनका विशेष हथियार रहा। आज सागरतटीय तिरुवनंतपुरम की सभा में मार्क्सवादी मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और कांग्रेसी सांसद शशि थरूर के साथ वे मंच पर आसीन थे। अपने चिरपरिचित गुजराती मजाकिया लहजे में विशाल भीड से कह दिया कि ÷न जाने कितनों की नींद आज रात उड़ जाएगी।÷ याद रहे सांसद थरूर को हराकर मल्लिकार्जुन खरगे पार्टी अध्यक्ष बने थे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी सोनिया कांग्रेस की विरोधी है। सोनिया के खास सचिव केसी वेणुगोपाल और मार्क्सवादी विजयन घोर शत्रु हैं।

ऐसा परिदृश्य देखकर मोदी ने सोनिया पर भी हमला बोल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि आप इंडी गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं। शशि थरूर भी यहां बैठे हैं। आज का यह कार्यक्रम कई लोगों की नींद उड़ाने वाला है। जहां मैसेज जाना था चला गया।



इस आर्थिक संदर्भ में राजनीतिक पुट घोलते हुये मोदी ने उद्योगपति गौतम अडानी का मंच पर स्वागत किया, मार्क्सवादी मुख्यमंत्री और कांग्रेसी सांसद के साथ। अर्थात विपक्ष के नेता राहुल गांधी का अडानी विरोधी तराना बेसुरा हो गया।

अडानी और थरूर बड़े गर्मजोशी से मिले जो लाखों केरलावासियों ने ध्यान से देखा होगा। केरल तट पर निर्मित विझिनजम अंतर्राष्ट्रीय गहरे पानी के बहुउद्देशीय बंदरगाह के बारे में बताते हुए पीएम मोदी ने कहा यहां दुनिया के बड़े मालवाहक जहाज आसानी से आ सकेंगे। अभी तक भारत का 75त्न ट्रांसशिपमेंट देश के बाहर के पोर्ट्स पर होता था इससे बहुत बड़ा नुकसान होता आया है। ये परिस्थिति अब बदलने जा रही है। अब देश का पैसा देश के काम आएगा। जो पैसा बाहर जाता था अब वो केरल और विझिनजम के लोगों के लिए नए अवसर लेकर आएगा। विझिनजम में अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी भी मौजूद रहे। उन्होंने पीएम मोदी का अभिनंदन किया। यह परियोजना सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के साथ मिलकर तैयार की जाएगी।

मोदी ने कहा कि आज भगवान आदि शंकराचार्य की जयंती है। तीन वर्ष पूर्व सितंबर में मुझे उनके जन्मभूमि क्षेत्र में जाने का सौभाग्य मिला था। केरल से निकलकर देश के अलग-अलग कोनों में मठों की स्थापना करके आदि शंकराचार्य जी ने राष्ट्र की चेतना को जागृत किया। इस पुनीत अवसर पर मैं उन्हें नमन करता हूं। आज शाम को आंध्र की राजधानी अमरावती में एक जनसभा में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ दिखे। गमनीय है कि चंद्रबाबू नायडू के सांसदों के समर्थन से मोदी सरकार लोकसभा में बहुमत पाए हुए है। इन दोनों राज्यों में खरबों रुपयों की लागत से विकास योजनायें नरेंद्र मोदी ने आज से चालू कराई। पड़ोस में तमिलनाडु के द्रमुक मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और कर्नाटक में कांग्रेसी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया क्या सोचते होंगे?

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय में सहायक बनेगी या नहीं, लेकिन इससे जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खुलेंगे एवं आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राजनीति की धूरी बनेगा। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक नजरिये से यह मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण के मुद्दे को गर्माया जा सके और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जा सके। लेकिन भाजपा-सरकार ने जाति जनगणना का ऐलान कर इस मुद्दे को अपनी पाली में ले लिया है।**

# जाति जनगणना विभाजन का नहीं, विकास का आधार बने


ललित गर्ग

पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना के बाद मोदी सरकार लगातार पाकिस्तान को करारा जबाव देने की तैयारी के अति जटिल एवं संवेदनशील दौर में एकाएक जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लेकर न विपक्षी दलों को बल्कि समूचे देश को चौकाया एवं चमत्कृत किया है। सरकार का यह निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। मोदी सरकार का जातिगत जनगणना के लिए तैयार होना सुखद और स्वागतयोग्य है। पिछले कुछ समय से जातिगत जनगणना की मांग बहुत जोर-शोर से हो रही थी। कुछ राज्यों में तो भाजपा भी ऐसी जनगणना के पक्ष में दिखी थी, पर केंद्र सरकार का रुख इस पर बहुत साफ नहीं हो रहा था। अब अचानक ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की उच्चस्तरीय कैबिनेट समिति की बैठक में यह फैसला ले लिया गया। बाद में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल रहेगी। यह कदम जहां देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदलेगा, वही सामाजिक असमानताओं को दूर करने और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए लक्षित नीतियों को लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा।

जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन् 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया। 2011 में मनमोहन सरकार ने जातिवार जनगणना कराई अवश्य, लेकिन उसमें इतनी जटिलताएं एवं विसंगतियां मिलीं कि उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। इसके बाद कुछ राज्यों ने जातियों की गिनती करने के लिए सर्वे कराए, क्योंकि जनगणना कराने का अधिकार केवल केंद्र को ही है। हालांकि भाजपा ने बिहार में जाति आधारित सर्वे का समर्थन किया, लेकिन जातिगत जनगणना को लेकर वह मुखर नहीं रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अवश्य इसका समर्थन किया। लेकिन अब एकाएक भाजपा को जातिगत जनगणना करना अपने हित में दिखाई दिया क्योंकि अपनी नीतियों एवं योजनाओं के बल पर भाजपा ने पिछड़ी जातियों और दलितों की गोलबंदी कर सत्ता का सफर आसान बनाया है।




जातिगत जनगणना का भारतीय राजनीति और समाज-व्यवस्था पर व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव पडेगा। कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दल इसकी पुरजोर मांग करने में लगे हुए थे। सबसे ज्यादा जोर राहुल गांधी दे रहे थे, जबकि नेहरू से लेकर नरसिंह राव तक ने इसकी जरूरत नहीं समझी। यह तय है कि जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर जहां कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल इसका श्रेय लेना चाहेंगे, वहीं भाजपा इसे सामाजिक न्याय एवं समता-संतुलित समाज-निर्माण केंद्रित अपनी पहल बताएगी। जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय में सहायक बनेगी या नहीं, लेकिन इससे जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खुलेंगे एवं आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राजनीति की धूरी बनेगा। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक नजरिये से यह मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण के मुद्दे को गर्माया जा सके और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जा सके। लेकिन भाजपा-सरकार ने जाति जनगणना का ऐलान कर इस मुद्दे को अपनी पाली में ले लिया है। भले ही इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से भाजपा कैसे निपटेगी, यह बड़ी चुनौती उसके सामने है। वैसे भी इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है। ऐसे विवाद भाजपा के लिये एक नयी चुनौती बनेंगे। जाति आधारित जनगणना से भारतीय समाज के नये कोने-अंतरे-चुनौतियां सामने आयेगी। लेकिन जातिगत जनगणना के समर्थकों का मानना है कि यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। जनगणना में दलितों और आदिवासियों की संख्या तो गिनी जाती है और उन्हें राजनीतिक आरक्षण भी मिला हुआ है लेकिन पिछड़ी और अति पिछड़ी (ओबीसी और ईबीसी) जातियों के कितने लोग देश में हैं इसकी गिनती नहीं होती है। जनगणना एक बहुत बड़ी कवायद है और अगर इसमें जातिगत गणना को भी शामिल किया जा रहा है, तो काम और भी सावधानी एवं सतर्कता से करना होगा। हजारों जातियां हैं और उनकी हजारों उप-जातियां हैं। सबको अलग-अलग गिनने के लिए देश को अपनी डिजिटल शक्ति का उपयोग करना पड़ेगा।

निश्चित ही नयी राजनीतिक एवं नीतिगत स्थितियां समस्याएं खड़ी होगी। अब सभी जातियों की गिनती होगी। यह गिनती मुस्लिम, ईसाई और अन्य समुदायों में भी होनी चाहिए, क्योंकि कोई दावा कुछ भी करे, जाति और उसके आधार पर विभेद सब जगह है। इससे भी ज्यादा आवश्यक, बल्कि अनिवार्य यह है कि जातिगत जनगणना जातिवाद की राजनीति का हथियार न बने और वह भारतीय समाज को विभाजित न करने पाए। इस अंदेशे को दूर करने के कुछ ठोस उपाय होने ही चाहिए कि जाति आधारित जनगणना जातीय विभाजन का कारण न बनने पाए। यह अंदेशा इसलिए है, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि कई राजनीतिक दल खुले रूप से जाति की राजनीति करते हैं। माना जाता है कि देश की आबादी में 52 फ़ीसदी लोग पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति के हैं। ओबीसी समुदाय के नेताओं का मानना है कि इस हिसाब से उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी काफ़ी कम है। राजनीतिक दल इन समुदायों का समर्थन हासिल करने के लिए जाति जनगणना का समर्थन कर रहे हैं। भारत में जाति जनगणना आजादी के बाद रुकी, पर अब सामाजिक न्याय, नीतिगत सुधार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए इसकी जरूरत महसूस की जा रही है। पारदर्शिता और सावधानी से किया गया यह कदम समावेशी विकास का आधार बन सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जाति आधारित जनगणना को एक समतामूलक समाज निर्माण के दृष्टिकोण से समर्थन देने के संकेत दिए हैं। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि यह संवदेनशील मामला है और इसका इस्तेमाल राजनीतिक या चुनावी उद्देश्यों के लिए नहीं बल्कि पिछड़ रहे समुदाय और जातियों के कल्याण के लिए होना चाहिए। जाति जनगणना के आंकडे प्रस्तुत होने से राजनीति और ब्यूरोक्रेसी में पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों की हिस्सेदारी कितनी कम है, यह डर संभवतः भाजपा को सता रहा था।

# जाति जनगणना को लागू करना चुनौतीपूर्ण होगा!

**केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए-2 सरकार के दौरान 2011 में जनगणना का एक हिस्सा ही पूरा किया गया। करीब 25 करोड़ शहरी और ग्रामीण परिवारों का सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना का सर्वे किया गया। 2012 के अंत तक डाटा मिला। 2013 तक प्रोसेसिंग नहीं हो पाई। 2014 में मोदी सरकार बनी। ग्रामीण भारत का डाटा तो जारी किया गया, लेकिन जाति को फिर छिपा कर रखा गया। अंततः 2018 में सरकार ने कहा कि डाटा में गलतियां हैं। फिर सर्वोच्च अदालत में भी यही बात कही। क्रम से 2021 में जनगणना होनी चाहिए थी, लेकिन कोरोना वैश्विक महामारी के कारण जनगणना टाल दी गई। उसके बाद भी चार साल निकल गए, लेकिन जनगणना की प्रक्रिया तक शुरू नहीं की गई।**


तारकेश्वर मिश्र

मोदी सरकार ने अचानक जाति जनगणना की घोषणा कर सभी को चौंका दिया। यह निर्णय कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति में लिया गया। उसे 'सुपर कैबिनेट' करार दिया जाता है, क्योंकि उसकी बैठक कभी-कभार ही होती है। बहरहाल इस बार जब भी जनगणना होगी, तब सरकार घर-घर जाकर 'जाति' भी पूछेगी, लिहाजा जातियों का नया संकलन तैयार होगा। इस मुद्दे को लेकर राजनीति और श्रेय लेने की होड़ भी शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान और आतंकवादियों के पहलगाम हमले से ध्यान भटकाने के लिए यह दांव चला है। यह भी कहा जा रहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए यह फैसला हुआ है। लेकिन यह कोई ऐसा छोटा मुद्दा नहीं है, जिसका इस्तेमाल किसी एक राज्य के चुनाव के लिए हो या ध्यान भटकाने के लिए हो। यह बड़ा मसला है और इतना बड़ा यू टर्न है कि भाजपा के सारे नेता हक्के बक्के रह गए। भाजपा कई बड़े नेता फैसले के बाद ट्रोल होने लगे। लोग उनके पुराने वीडियो और बयान खोज कर निकाल कर रहे हैं और उसे केंद्र सरकार के फैसलों के बरक्स रख रहे हैं।

देश की आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी। 1931 में अंतिम जाति जनगणना कराई गई थी। आजादी के बाद 1951 और '61 में जनगणना तो कराई गई, लेकिन अनुसूचित जाति और जनजाति का ही डाटा सार्वजनिक किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का मानना था कि इससे जातीय विभाजन के हालात पैदा हो सकते हैं, नतीजतन राष्ट्रीय एकता प्रभावित हो सकती है। नेहरू सरकार ने जो 'जनगणना अधिनियम' बनाया था, उसमें भी जाति जनगणना का उल्लेख नहीं था। उसके बाद प्रधानमंत्री के तौर पर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने 'जाति' के मुद्दे पर पुरजोर विरोध किया। उस दौर में कांग्रेस का राजनीतिक और चुनावी नारा होता था-'जात पर न पात पर, मुहर लगेगी 'हाथ' पर।' प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने तो ओबीसी के खिलाफदो घंटे से अधिक समय का भाषण दिया था। बहरहाल अब बुनियादी मुद्दा और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का सवाल यह है कि जनगणना कब कराई जाएगी और जाति जनगणना का प्रारूप क्या होगा? दरअसल 1881 में ब्रिटिश शासन के दौरान भारत की पहली बार जनगणना कराई गई थी। उसके हर 10 साल के बाद यह क्रम जारी रहा। 1941 में भी जनगणना में जातीय गणना भी की गई, लेकिन उसका डाटा सार्वजनिक नहीं किया गया।

केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए-2 सरकार के दौरान 2011 में जनगणना का एक हिस्सा ही पूरा किया गया। करीब 25 करोड़ शहरी और ग्रामीण परिवारों का सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना का सर्वे किया गया। 2012 के अंत तक डाटा मिला। 2013 तक प्रोसेसिंग नहीं हो पाई। 2014 में मोदी सरकार बनी। ग्रामीण भारत का डाटा तो जारी किया गया, लेकिन जाति को फिर छिपा कर रखा गया। अंततः 2018 में सरकार ने कहा कि डाटा में गलतियां हैं। फिर सर्वोच्च अदालत में भी यही बात कही। क्रम से 2021 में जनगणना होनी चाहिए थी, लेकिन कोरोना वैश्विक महामारी के कारण जनगणना टाल दी गई। उसके बाद भी चार साल निकल गए, लेकिन जनगणना की प्रक्रिया तक शुरू नहीं की गई।




अब सवाल है कि स्थापित क्रम के मद्देनजर क्या जनगणना 2031 में कराई जाएगी? जाहिर है कि जाति जनगणना भी तभी होगी। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 2029 तक है। सरकार को महिला आरक्षण कानून भी लागू करना है। परिसीमन का काम भी पूरा होना है। इस साल के अंत में बिहार में चुनाव हैं। 2026 में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम सरीखे महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव हैं। 2027 में देश के सबसे बड़े राज्य उप्र में चुनाव हैं। जाति जनगणना इन चुनावों के दौरान पूरी नहीं हो सकती। बेशक भाजपा-एनडीए इस घोषणा से ही राजनीतिक लाभ उठा सकते हैं।

विपक्षी पार्टियों में होड़ मची है। सब श्रेय लेने में लगे हैं। विपक्ष का दावा है कि उनके दबाव में केंद्र सरकार ने जाति गणना का फैसला किया है। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके इसका श्रेय लिया। उन्होंने केंद्र सरकार से रोडमैप बताने और जाति गणना कराने की समय सीमा तय करने की मांग की। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि जाति गणना के आगे आरक्षण बढ़ाने का फैसला होगा। राहुल गांधी ने कहा कि 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को समाप्त किया जाएगा और आबादी के अनुपात में जातियों को आरक्षण मिलेगा। उन्होंने तेलंगाना मॉडल का भी जिक्र किया और कहा कि सरकार को इसके हिसाब से जाति गणना करानी चाहिए। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके श्रेय लिया तो बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के नेता और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पटाखे फोड़े।

तेजस्वी यादव ने पटना में अपनी पार्टी के नेताओं और समर्थकों के साथ जश्न मनाया और कहा कि बिहार ने सबसे पहले जाति गणना कराई और उसके नतीजे जारी किए। गौरतलब है कि जिस समय नीतीश कुमार और लालू प्रसाद की पार्टियों का गठबंधन था उसी समय जाति गणना हुई थी। हालांकि राहुल गांधी इस जाति गणना को खारिज करते हैं और बार बार कहते हैं कि तेलंगाना मॉडल पर गिनती होनी चाहिए। बिहार में भी वे कह चुके हैं कि सरकार बनेगी तो नए सिरे से जाति गणना कराएंगे। लेकिन तेजस्वी यादव ने इसका श्रेय लिया क्योंकि जाति गणना के समय वे राज्य के उप मुख्यमंत्री थे।

तीसरी पार्टी जो श्रेय ले रही है वह नीतीश कुमार की जनता दल यू है। जनता दल यू के नेताओं का कहना है कि बिहार चुनाव और नीतीश कुमार के दबाव की वजह से सरकार ने पूरे देश में जाति गणना कराने का फैसला किया है। कहा जा रहा है कि जनता दल यू के नेताओं ने भाजपा को समझाया कि बिहार जीतने के लिए जाति गणना की घोषणा जरूरी है और बिहार जीतना इसलिए जरूरी है ताकि अगले साल असम और पश्चिम बंगाल में भाजपा अच्छा प्रदर्शन करे। वैसे भी नीतीश कुमार के रहते ही बिहार में जाति गणना हुई और आरक्षण बढ़ाने का फैसला हुआ। इसलिए उनकी पार्टी श्रेय ले रही है। कांग्रेस, राजद और जनता दल यू के अलावा समाजवादी पार्टी जैसी कुछ पार्टियां भी हैं, जो इसका श्रेय ले रही हैं। लोकसभा चुनाव, 2024 के दौरान कांग्रेस, सपा, द्रमुक, राजद आदि दलों ने जाति जनगणना के मुद्दे को खूब उछाला। नारा दिया गया-'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' इसी के आधार पर सवाल किया जा सकता है कि यदि देश में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों आदि वर्गों की जनसंख्या करीब 90 फीसदी है, तो क्या आरक्षण उतना बढ़ाया जा सकता है? राहुल गांधी ने लगातार 50 फीसदी आरक्षण की 'दीवार' को तोड़ने की बात कही है।

# दिल्ली वायु संकट : बचाव की रणनीति या आंकड़ों की बाजीगरी?

डॉ. कुशाग्र राजेंद्र

**दिल्ली में वायु निगरानी तंत्र के विस्तार के लिए उपरोक्त स्थानों को प्राथमिकता देने की जरुरत है। उदाहरण के लिए ओखला, नांगलोई और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के कुछ हिस्से में अभी भी चौबीसों घंटे निगरानी नहीं है। दिल्ली के मॉनिटरिंग स्टेशन के भौगोलिक विस्तार को देखे तो दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम के बाहरी इलाकों में मॉनिटरिंग स्टेशन के विस्तार की जरुरत है। दिल्ली के वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क का वितरण असमान और असंतुलित है।**

दिल्ली की हवा साल दर साल जहरीली होती जा रही है। शहरीकरण, वाहनों की भीड़, औद्योगिक गतिविधियों और अनियंत्रित निर्माण कार्यों ने मिलकर राजधानी को एक गैस चैंबर में तब्दील कर दिया है। वायु प्रदूषण अब केवल एक मौसमी समस्या नहीं, बल्कि साल भर के लिए एक सतत स्वास्थ्य आपातकाल बन चुका है। मगर अफसोस कि दिल्ली में घर कर गयी वायु प्रदूषण से सार्वजनिक स्वास्थ्य से बचाव के लिए जिन जरुरी कदम उठाने की दरकार थी, उसके बजाय सरकारी तंत्र और व्यस्थायें आंकड़ों की चमक-दमक के पीछे भागती दिख रही हैं। दिल्ली में वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए एक बहुस्तरीय ढांचा मौजूद है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (सीपीसीबी) द्वारा संचालित 40 से अधिक सतत निगरानी केंद्र समूचे शहर में कार्यरत हैं। कागज पर यह व्यवस्था व्यापक प्रतीत होती है, लेकिन जमीनी सच्चाई कहीं अधिक जटिल और चिंताजनक है। कई निगरानी केंद्रों उन जगहों पर है जहाँ वैज्ञानिक मनको के अनुरूप नहीं होना चाहिए, और नतीजा, प्रदूषण के वास्तविक स्तर का पता नहीं लग पाता। केंद्रीय एजेंसियों और नियंत्रकों और महालेखापरीक्षक (कैग) की हालिया रिपोर्टें और न्यूज़ लांड्री के एक अध्ययन साफ तौर पर बताती हैं कि निगरानी नेटवर्क में पारदर्शिता और वैज्ञानिक ईमानदारी का अभाव है।

दिल्ली में पिछले महीने आई नयी सरकार प्रदूषण के मसले पर संजीदा दिख रही है चाहे यमुना की सफाई का मुद्दा हो या फिर दिल्ली की ख़राब हवा। इसी कवायद में दिल्ली सरकार की राजधानी में छह नए सतत परिवेश वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन स्थापित करने की हालिया पहल ने विवाद पैदा कर दिया है। हालांकि यह निर्णय एक सकारात्मक पहल की तरह प्रस्तुत किया गया, परंतु गहन विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि नए स्टेशनों के लिए चयनित स्थान – जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली छावनी, राष्ट्रमंडल खेल परिसर और इसरो अर्थ स्टेशन जैसे इलाके, अपेक्षाकृत स्वच्छ और हरित क्षेत्र हैं। इन स्थानों में वायु गुणवत्ता पहले से ही राजधानी के अन्य औद्योगिक या भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की तुलना में काफी बेहतर रहती है। जब असली संकट आनंद विहार, मुंडका, नांगलोई, ओखला, वजीरपुर जैसे घनी आबादी और भारी प्रदूषण वाले इलाकों में पसरा हुआ है, तब निगरानी का विस्तार अपेक्षाकृत स्वच्छ क्षेत्रों तक करना एक तरह से वायु प्रदुषण के विकराल होते संकट को छुपाने की चतुराई है।

ऐसे में छः नए स्टेशनों के चयन से दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) कृत्रिम रूप से सुधरता दिखाई देगा, जबकि धरातल पर प्रदूषण की भयावहता जस की तस बनी रहेगी। यह आंकड़ों का सौंदर्यीकरण महज कागजी राहत प्रदान कर सकता है, वास्तविकता



में दिल्ली वालो के उखाड़ते सांसों में कोई सुकून नहीं ला सकता। औसत एक्यूआई के आकड़ो में सुधार दिखाने की रणनीति प्रदुषण और शहरी के नीतिगत निर्णयों को भी भ्रमित करने वाला हो सकता है। अभी दिल्ली में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग के 40 स्टेशन है, जिसमें कम से कम दस औद्योगिक इलाको में (जैसे मुंडका, वजीरपुर, जहांगीरपुर), सात हरित क्षेत्रो में जैसे (लोदी गार्डन, ओखला पार्क), आठ रिहायसी इलाको में (जैसे आर के पुरम, पंजाबी बाग) और बाकी ट्रैफिक, बिज़नेस केंद्र जैसे भीड़-भाड़ क्षेत्रो में हैं। जैसा कि कई रिपोर्ट अपर्याप्त एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग नेटवर्क की ओर इशारा कर चुके हैं। सघन जनसंख्या वाले आवासीय क्षेत्र, भीड़भाड़ वाले यातायात जंक्शन, औद्योगिक क्षेत्र, लैंडफिल और कूड़ा निस्तारण के इलाके और नयी बसावट और निर्माण के क्षेत्र वो जगहें हैं जहां अधिकांश लोग, विशेष रूप से बच्चे और बुजुर्ग, प्रदूषित हवा के लंबे समय तक संपर्क के प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों से सबसे अधिक प्रभावित हैं। दिल्ली में वायु निगरानी तंत्र के विस्तार के लिए उपरोक्त स्थानों को प्राथमिकता देने की जरुरत है। उदाहरण के लिए ओखला, नांगलोई और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के कुछ हिस्से में अभी भी चौबीसों घंटे निगरानी नहीं है। दिल्ली के मॉनिटरिंग स्टेशन के भौगोलिक विस्तार को देखे तो दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम के बाहरी इलाकों में मॉनिटरिंग स्टेशन के विस्तार की जरुरत है। दिल्ली के वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क का वितरण असमान और असंतुलित है। ऐसे में बिना व्यापक और वैज्ञानिक निगरानी के न तो वास्तविक वायु प्रदूषण हॉटस्पॉट पहचाने जा सकते हैं और न ही ठोस सुधारात्मक उपायों की योजना बन सकती है।

वास्तव में, अपेक्षाकृत साफ हरित इलाको और स्वच्छ परिसरों, जैसा कि प्रस्तावित सभी नए केंद्र है भी, में वायु प्रदुषण निगरानी तंत्र स्थापित करने का वैज्ञानिक औचित्य हो सकता है, क्योंकि ये दीर्घकालिक रुझानों और तुलनात्मक शोध के लिए एक प्रकार के नियंत्रण समूह की भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन जब पूरा शहर वायु प्रदुषण के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का सामना कर रहा हो, तब नीतिगत में प्राथमिकता उन इलाकों को मिलनी चाहिए जहाँ वायु प्रदूषण का स्तर सर्वाधिक है और जहाँ सबसे अधिक जनसंख्या निवास करती है। वर्तमान परिदृश्य में आंकड़ों के सौंदर्यीकरण की कोशिश सरकार की नादानी और तकनीकी समझ की कमी का परिणाम हो सकती है। इससे तत्कालीन राजनीतिक लाभ दिखने भी लगे, लेकिन दीर्घकालिक रूप से दिल्लीवासियों को शायद ही कोई सकारात्मक परिणाम मिले।

दिल्ली का सरकारी अमला एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग खासकर स्वास्थ्य सम्बन्धी तकनीकी पहलू को दरकिनार कर औसत वायु गुणवत्ता के हिसाब किताब के केवल सांख्यिकी पहलू पर जोर देता दिख रहा है। वायु प्रदूषण पर चिंता का महत्वपूर्ण कारण है उसका स्वास्थ्य पर विनाशकारी प्रभाव है। औसत एयर क्वालिटी निर्धारण में अक्सर दो किस्म की विसंगतियाँ होने की सम्भावना रहती हैं, कम प्रदूषण के बदले ज्यादा प्रदूषण की गणना और इसका उल्टा यानि ज्यादा प्रदूषित के बदले कम प्रदूषण की गणना हो जाना।ये दोनों त्रुटियां शहर में प्रदूषण के क्षेत्रीय विस्तार और मोनिटरिंग स्टेशन के वितरण से प्रभावित होती हैं। इन दोनों विसंगतियों में दूसरी वाली विसंगति जहाँ असल में अधिक प्रदूषण वाले क्षेत्र में कम प्रदूषण रिकार्ड होगा, अनजाने में जहरीला पानी को साफ समझ कर पीने की स्थिति का द्योतक है! हरित और अपेक्षाकृत साफ-सुथरे इलाकों में स्वास्थ्य नेटवर्क का विस्तार हमें यही परिणाम देने वाला कदम है। दिल्ली सरकार द्वारा स्थापित मॉनिटरिंग स्टेशनों के स्थान चयन में पारदर्शिता का अभाव दिखता है।

# कमिश्नर-डीआईजी ने मड़ावरा व डीएम-एसपी ने महरौनी तहसील में सुनी जनशिकायतें

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** गरीब को त्वरित व सुगम न्याय मिले, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए शासन द्वारा माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को तहसील स्तर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कराया जाता है, जिसमें जिले व मण्डल के उच्चाधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुनते हैं और मौके पर ही निस्तारण कराते हैं। इसी के क्रम में आज माह के प्रथम शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसके चलते मण्डलायुक्त झांसी मण्डल विमल कुमार दुबे एवं पुलिस उप महानिरीक्षक केशव कुमार चौधरी ने तहसील मड़ावरा में फरियादियों की शिकायतें सुनी, वहीं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने तहसील महरौनी में जनसुनवाई की। सम्पूर्ण

■ मौके पर कराया अनेकों शिकायतों का समाधान, शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को लगाया

समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने दूरदराज से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उपस्थित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से निस्तारण कराया, उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही शिकायत निस्तारण का पैमाना माना जाए, इस लिए सम्बंधित अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता की उपस्थिति में समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि शिकायतों के निस्तारण में देरी पर सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसलिए पूरी गंभीरता एवं तत्परता के साथ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें। इसी दौरान मण्डलायुक्त ने मड़ावरा तहसील परिसर में बने मनरेगा पार्क में बरगद का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया और अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने का संदेश दिया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा का निरीक्षण किया और सचिवालय भवन के सामने डिजिटल लाईब्रेरी का फीता काटकर उद्घाटन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण में उन्होंने प्रसव कक्ष, एनआरसी, हेल्थ एटीएम, दवा स्टोर रुम सहित वार्डों व शौचालय आदि को देखा और नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर से दवाओं का मिलान किया, एनआरसी में बच्चों और परिजनों से वार्ता की और क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की। डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ करते समय बताया गया कि 30 सीटर लाईब्रेरी में 29 बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, इसके अलावा यहां पर इंटरनेट/वाईफाई, एसी, ऑलइन वन डेस्कटॉप, बैठने व पानी की पर्याप्त व्यवस्था है।

# कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर

**उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)।** थाना फतेहपुर चौरासी अन्तर्गत काली मिट्टी चौराहे पर शुक्रवार दोपहर कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार पंकज यादव 25 निवासी ग्राम केदारनाथ थाना फतेहपुर चौरासी की बाइक मे कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे मे पंकज की मौके पर मौत हो गई जबकि उसका साथी उमेश 21 पुत्र सिद्धनाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक पुलिस ने मृतक पंकज के शव को परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेज दिया है। हादसे के बाद चालक कंटेनर को मौके पर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

# चबूतरे के विवाद में चले लाठी-डण्डे, आधा दर्जन घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत चबूतरे के विवाद को लेटर दो पक्षों मे जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट के दौरान एक युवक खाई मे जा गिरा। मारपीट मे आधा दर्जन लोग घायल हो गये सभी को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली बांगरमऊ के ग्राम अलौलापुर मे जमीन पर चबूतरे के निर्माण को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। गांव की रहने वाली कमला और शिवदेवी के बीच शुरू हुआ। विवाद हाथापाई में बदल गया। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। मारपीट मे एक पक्ष से कमला, मुकेश, विपिन और राकेश व दूसरे पक्ष से शिवदेवी, विमलेश और रघुवीर को चोटें आई। मारपीट के दौरान एक व्यक्ति खाई मे गिर गया जिसे बाद मे ग्रामीणों ने निकाला। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलो को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। थाना प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष के लोगो ने तहरीर दी है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# सेवानिवृत्त ओईएफकर्मी ने कट्टे से गोली मार की आत्महत्या

**उन्नाव।** कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र की पश्चिमी चौकी के मोहल्ला चम्पापुरवा मोहल्ले में ओईएफसेवानिवृत्त कर्मी रामऔतार 65 पुत्र स्व0 गोपाल ने अपने ही घर में बीतीरात पारिवारिक विवाद के चलते 315 बोर के देशी कट्टे से कनपटी में गोली मार आत्महत्या कर ली। हत्या का कारण घर में बनी मैगी को खाने से मना करने पर परिवारीजनो से हुई कलह बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची गंगाघाट पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से पुलिस ने एक अदद 315 बोर देशी कट्टा और चार जिन्दा कारतूस और एक अदद खोखा बरामद कर शव परीक्षण के लिए मोर्चरी भेज दिया। वही परिजनों का रों-रोकर बुरा हाल है। छोटी सी बात पर इतना कठोर कदम उठाने से परिजन सदमे में है जिसकी जानकारी सीओ बीघापुर ऋषिकांत शुक्ला द्वारा पत्रकार वार्ता में दी गई।

## चोरों ने मंदिर से चोरी किए आभूषण व नगदी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम घासीपुरवा निवासी अशोक कुमार पुत्र नवाब सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बीती देर रात क्षेत्र के ग्राम सियरमऊ स्थित माता सिद्ध पीठ मां शीतला देवी मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा माता के मंदिर से घंटे एवं माता रानी की नथनी व माता का छतर टीका सहित दान पात्र से 08 से लेकर दस हजार रुपये तक चोरी कर ली गई है। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 4 मई को

**अवधनामा संवाददाता**

**अमरोहा।** नायाब अब्बासी पी जी कालिज, अमरोहा में 04 मई (रविवार) को इंटर स्तर की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष फ़िरोज़ कमाल अब्बासी ने इस वर्ष इंटर मीडिएट परीक्षा में अच्छे अंक लाकर सफल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाये देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अनुतीर्ण अभ्यर्थियों को हौसला देते हुए कहा कि नई ऊर्जा से तैयारी करें सदैव आशावादी जीवन व्यतीत करें कभी भी निराश न हों बल्कि अपना लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी पूरे मन से तैयारी करें। इस वर्ष इंटर की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों तथा इंटर कक्षा में शिक्षारत अभ्यर्थियों को समान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सम्मलित किया गया है जिस में नगर और जनपद के लगभग दो दर्जन से अधिक इंटर कॉलिजों के छात्र/छात्राओं को प्रातः दस बजे महाविद्यालय बुलाया गया है।श्री अब्बासी के अनुसार प्रतियोगिता में इस वर्ष इंटर परीक्षा उत्तीर्ण व इंटर कक्षा में शिक्षारत छात्र/छात्राओं को समान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम दस टॉप टैन/द्वितीय दस टॉप टैन व तृतीय दस टॉप टैन को परिणाम घोषित होने के उपरांत नकद पुरुस्कार के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरुस्कार दिए जाएंगे।कार्यक्रम संयोजक डॉ. महताब अमरोहवी ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र/छात्राओं का ज्ञान वर्द्धन, बौद्धिक स्तर का विकास व भविष्य की कार्य योजना बनाने में उचित मार्ग दर्शन करना है ताकि जनपद के बच्चे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम बन सकें। प्राचार्या डॉ. लुबना हामिद ने बताया सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता - 2025 के आयोजन की सभी तैयारियाँ पूर्ण गई हैं।

# डग्गामार वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कुलबीर सिंह के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा शनिवार की प्रातः काल 06 बजे से 08:30 बजे तक सरायमीरा क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

जिसमें एक डग्गामार ओमनी कार अवैध रूप से सीएनजी किट लगी पाई गई। जिसको संबंधित थाने में सीज कर दिया गया है। वहीं एक अवैध रूप से स्कूलों के बच्चों को लाने ले जाने का काम कर रही वैन का महंगा चालान किया गया है। इसके साथ-साथ नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले कई ट्रकों का चालान किया गया है। रोडवेज बस स्टैंड के बाहर रोडवेज बसों के चालकों द्वारा रोड पर ही गाड़ियां खड़ी करके सवारियां भरी जा रही थी। जिस कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो गई थी।

# राजकीय इण्टर कॉलेज लैलखुर्द महमूदाबाद में प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**महमूदाबाद।** राजकीय इण्टर कॉलेज लैलखुर्द महमूदाबाद में बोर्ड परीक्षा 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परचम लहराने वाले कालेज के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर के सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान जाफर पुर ने माँ सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राम स्नेही पाराशर ने अतिथियों का परिचय कराया गया। छात्र छात्राओं द्वारा सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। प्रधानाचार्य जी ने अपने संबोधन में छात्र छात्राओं को पूरी लगन से अध्ययन कर निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर के देश सेवा के लिए तत्पर रहने के लिए कहा और सभी छात्रों को शुभकामनाये दी और कहा कि स्कूल के लिए बहुत गौरव का विषय है कि इतनी भारी संख्या में बच्चे मेधावी हुए हैं यह स्कूल और महमूदाबाद क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। परीक्षा प्रभारी मोहम्मद हारुन को विद्यालय के लिए उनकी मेहनत एवं लगन को दृष्टिगत रखते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक गण द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी छात्रों को शुभकामनाये दी और कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि अगर सफल होना है रुको नही जब तक कि लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये। कालेज के प्रवक्ता डा0 अली ज़फर ने आये हुए सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और बच्चों आशीर्वाद रुपी दो शब्द बोलते हुए कहा कि सफलता का पहला मन्त्र है काम, काम, बस काम। इसके अलावा कोई मूलमंत्र नही है। शरीर को तो एक दिन नष्ट होना है, तो फिर यह आलसियों की तरह क्यों जाए? जंग लगकर मरने की अपेक्षा, घिस घिस कर कुछ कर के मरना कहीं श्रेयस्कर है।

ईर्ष्या और अहंकार को सदा के लिए गंगा में बहा दो। इस मौके पर शिवम् वर्मा, निरुपमा वर्मा, सुरेन्द्र सिंह, संदीप कुमार अमित वर्मा, राहुल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बृजवासियों से मिला स्नेह कभी भुलाया नहीं जा सकता

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** मथुरा के जिला जज को हाल ही में गाजियाबाद जिले का जिला जज बनाया गया है उनके बधाई समारोह में सभी ने उनके कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला जज आशीष गर्ग ने कहा कि बृजवासियों का जो स्नेह मिला है वह कभी बुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि जिला न्यायालय के सभी साथी अधिकारी और कर्मचारियों ने जो सहयोग किया उसे भी वह याद रखेंगे। न्याय कर्मचारी संघ और ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट, सेल टैक्स के पूर्व अधिकारी चंद्रपाल सिंह पोनिया एडवोकेट आदि ने उनके कार्य एवं व्यवहार की सराहना की।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष के भाई के इंतेकाल पर शोक पत्र



**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हाजी मौहम्मद आरिफ तुर्की के भाई मौहम्मद अशरफ के इंतेकाल पर कांग्रेस पार्टी ने गहरा दुख प्रकट करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके निवास पहुंचकर परिजनो से मुलाकात करते हुए शौक व्यक्त किया। साथ ही परिवार के लोगों को पार्टी की ओर से आया शोक पत्र भी सौंपा गया। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव किशोर गौतम, पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद तुर्की, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह ने क्षेत्र के ग्राम गोविन्दपुर पहुंचे जहां पर उन्होंने कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी मौहम्मद आरिफ तुर्की के भाई मोहम्मद अशरफ के इंतेकाल पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय द्वारा शोक संदेश भेजा गया जिसे शोक संदेश पत्र स्वर्गीय मोहम्मद अशरफ के पुत्र मोहम्मद अली को सोंपा।

### सुलह समझौते के आधार पर सात परिवारों को मिलाया

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार विश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10:30 बजे महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई जहां पति पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया । यहां कुल 72 पत्रावली सुनकर 22 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा सात परिवारों को मिलाया गया तो वहीं एक पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं 14 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल काउंसलर विधिक परामर्शदाता लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट एवं संगीता भार्गव श्रीमती पूनम अरोरा,बबीता शर्मा, सीमा आर्य तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक ज्योति आदि लोगों उपस्थित रहे।

### जीरो से 16 साल तक के बच्चों का टीकाकरण हुआ



**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** सैनी पैलेस में जायट्स ग्रुप वुमेन शिखर और संकल्प ग्रुप द्वारा एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं एव 0 से लेकर 16वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण हुआ टीडी पीआर एनएए एमआर, डीपीटी वैक्सीन आदि के टीके लगाए गए इसमें स्वास्थ्य विभाग से एनम श्री मति चंचल देवी एंव आशा की कार्यकर्ता ममता शर्मा एवं शी शीनूशर्मा आदि का सहयोग रहा इसमें सभी महिलाओं को ओ़ आर एस का भी वितरण किया गया और साथ ही आभा कार्ड भी वनाये गए।

# अभिव्यक्ति की आजादी विषय पर संगोष्ठी एवं मूट कोर्ट का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**गजरौला/ अमरोहा।** श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय, संस्थान की ओर से 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' पर 'अभिव्यक्ति की आजादी' विषय पर 'संगोष्ठी एवं मूट कोर्ट' का शानदार आयोजन किया गया विश्वविद्यालय के जर्नलिज्म एवं मॉस कॉम विभाग और विधि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि इतिहासकार एवं वरिष्ठ कानूनविद प्रो. (डा.) उदयवीर सिंह को संस्थान प्रबन्धन ने स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित।

देश की आजादी में क्रान्तिकारियों का जितना योगदान था, कलमकारों/पत्रकारों का योगदान में उनसे कमतर नही- श्री सुधीर गिरि संस्थापक अध्यक्ष वेंकेटेश्वरा समूह। न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका के साथ सबसे महत्वपूर्ण लोकतन्त्र का चौथा स्तम्भ 'मीडिया'

■ भावनाओं एवं विचारों से समाज एवं सरकार को अवगत कराना है

सदियों से अन्त्योदय पर खड़ें व्यक्ति एवं हुक्मरानों /सरकारों के बीच एक 'सेतू' बनकर न्याय दिलाने का काम करता आया है, आइये मिलकर 'मिशनरी पत्रकारिता' की ओर बढ़ें डा. राजीव त्यागी प्रतिकुलाधिपति श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब निडर एवं निष्पक्ष होकर अपनी भावनाओं एवं विचारों से समाज एवं सरकार को अवगत कराना है, ना कि भ्रामक एवं गलत सूचनाओं को देश एवं समाज में विद्वेष पैदा करने एवं निजी फायदे के लिए प्रचारित - प्रसारित करना है प्रो. (डा.) उदयवीर सिंह वरिष्ठ इतिहासकार एवं कानून विशेषज्ञ मुख्य अतिथि। आज राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' पर संस्थान के पत्रकारिता विभाग एवं कानून (विधि) विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'अभिव्यक्ति की आजादी' विषय पर 'संगोष्ठी एवं मूट कोर्ट' का शानदार आयोजन किया गया।

# आलोक भाटी सीओ संभल की जिम्मेदारी सौंपी

**संभल।** सम्भल हिंसा के 5 महीने बाद सी ओ पुलिस अनुज चौधरी का सम्भल सर्किल से चंदौसी सर्किल को तबादला कर दिया गया। सम्भल की जिम्मेदारी आलोक भाटी को सौंपी गई है विदित होकि अमिताभ ठाकुर द्वारा सीओ अनुज चौधरी के खिलाफ शिकायतें की गई थी जिसके चलते अनुज चौधरी को क्लीन चिट दे दी गई थी परंतु शासन द्वारा क्लीन चिट निरस्त करने के बाद अनुज चौधरी का चंदौसी ट्रांसफर कर दिया गया। संभल 24 नवंबर को ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के पॉच महीने के बाद संभल मे तैनात सी ओ अनुज कुमार चौधरी का संभल से संभल जनपद की तहसील चन्दौसी को तबादला किया गया है संभल की जिम्मेदारी आलोक भाटी को सौपी गयी हैं संभल मे तैनाती के दौरान सी ओ अनुज चौधरी ने रमज़ान के आखिरी जुम्मा अलविदा और होली का पर्व होने के कारण कहा था कि साल में होली एक बार जबकि जुम्मा 52 बार आता है।

# टिकैत की पगड़ी उछलने पर जाटों में आक्रोश, एडीएम को दिया ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट पर अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा कल मुजफ्फरनगर में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पर हुए हमले को लेकर एडीएम को अखिल भारतीय जाट महासभा के युवाओं ने ज्ञापन सौपा।

अखिल भारतीय जाट महासभा के आगरा मंडल के युवा मंडल अध्यक्ष बिश्बेन्द्र चौधरी ने कहा कि राकेश टिकैत जी पर हुए हमले केवल एक व्यक्ति पर नहीं बल्कि पुरी किसान समाज और लोकतंत्र की गरिमा पर हमला हुआ है पगड़ी का अपमान किसानो की अस्मिता का अपमान है हम सरकार से मांग करते हैं कि ऐसे अराजक तत्वों पर सख्त कार्यवाही की जाए और टिकैट जी की सुरक्षा को बढ़ाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न दोहराई जा सके चौधरी ने कहा कि किसान आंदोलन देश के लोकतांत्रिक ढांचे का हिस्सा है और किसी भी सहमति का जवाब इंसान नहीं हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है हमले में शामिल सभी दोषियों पर शीघ्र गिरफ्तारी कर सख्त सजा दी जाए।

# सम्मान से बढ़ा है हौंसला : अजय



**अवधनामा संवाददाता**

**गोवर्धन( मथुरा)।** शिमला में हुए सीनियर नेशनल गेम्स प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल जीतकर घर लौटने पर अजयवीर सिंह पहलवान का भवनपुरा गाँव की समस्त सरदारी, भाजपा नेता व आसपास गाँव के सेकड़ों लोगों ने क्षेत्रीय विधायक मेघश्याम सिंह की उपस्थिति में फूल माला व पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

गाँव भवनपुरा में पहलवान के स्वागत में हुआ अभिनन्दन समारोह में पहुँचे क्षेत्रीय विधायक ठा. मेघश्याम सिंह, ब्लॉक प्रमुख विपिन सिंह दीपचंद्र प्रधान , प्रताप सिंह पहलवान, हैप्पी पहलावान सहित गाँव की सरदारी के लोग और भाजपा नेता, कार्यकर्त्ताओं ने पहलवान अजयवीर सिंह का फूलमाला, पटका पहनाकर व तश्वीर भेंट कर जोशीला स्वागत कर उत्साह वर्धन किया। डोल नगाड़े की धुन पर ग्रामीण जमकर थिरके।

इस अवसर पर भाजपा नेता मुन्ना भाईयारोल सिंह, मुकेश सिंह, सुरेश प्रधान, दिनेश शर्मा, कोमल, रोहन सिंह, हरी सिंह, ओमी पंडित,गज्जो चौधरी, लक्ष्मण, राजू, भगवान सिंह, चरन सिहं, समस्त भवनपुरा गाँववासी शामिल थे।

# जोधपुर झाल: यहां रहते हैं इंजीनियर पक्षी का

## भारत में मिलने वाली चार में से तीन प्रजातियां जोधपुर झाल पर करती हैं प्रजनन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा आगरा मथुरा और भरतपुर के मध्य विकसित किए जोधपुर झाल को इंजीनियर पक्षियों ने अपना संसार बना लिया है। यहाँ प्रजनन से पहले विभिन्न प्रजातियाँ इन दिनों अपना घोसले बना रही हैं, इनकी घोंसला बनाने की अद्भुत कला के कारण ही इन्हे इंजीनियर के नाम से भी जाना जाता है। जोधपुर झाल मथुरा जनपद में फरह के निकट स्थित है। इसे उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा वन विभाग के सहयोग से वेटलैंडस के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहाँ बेहतर वातावरण के चलते बड़ी संख्या में पक्षियों की विभिन्न प्रजातियाँ यहाँ प्रवास करती हैं।

बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डवलपमेंट सोसाइटी (बीआरडीएस) के पक्षी विशेषज्ञ डॉ. केपी सिंह ने बताया कि जोधपुर झाल पर वीवर की तीन प्रजातियां बया बीवर, ब्लैक-ब्रस्टेड बीवर और स्ट्रीक्ड बीवर प्रजनक निवासी हैं। पशु पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां अपनी वंशवृद्धि की प्रक्रिया को अपने अपने तरीकों से पूर्ण करती हैं। पक्षियों की बात करें तो जितनी प्रजातियां हैं उनके घौंसले बनाने से लेकर प्रजनन के लिए साथी का चुनाव और चूजों के पालन पोषण के अलग अलग तौर तरीके हैं। जहां एक ओर पक्षियों को प्रजनन संबंधी अनुकूल परिस्थितियों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है तो दूसरी तरफ आगरा-मथुरा की सीमा पर स्थित जोधपुर झाल के संरक्षण और उचित रख रखाव के फलस्वरूप भारत में पाई जाने वाली वीवर की चार में से तीन प्रजातियां जोधपुर झाल पर प्रजजन करती हैं।

■ अनोखे घौंसले बनाने में माहिर हैं बया पक्षी

जोधपुर झाल पर वीवर की प्रजातियों की ब्रीडिंग का अध्ययन कर रहे अब्दुल कलाम के अनुसार वीवर प्रजाति का प्रजनन काल जून से सितंबर तक चलता है। वीवर अपने घौंसले जिस तरह बनाते हैं इस कारण इन्हे बुनकर पक्षी भी कहा जाता है। वेटलैंड्स, नहरें और तालाब के पास के स्थलीय वृक्ष घौंसले बनाने के आदर्श स्थल हैं। यह पाम, खजूर , मूंज , कांस , टाइफा घास अथवा धान की लंबी पत्तियों को धागे की तरह पट्टी काटकर आपस में उन्हें बुनते हैं। केवल नर वीवर घोंसले का निर्माण करते हैं। मादाओं द्वारा आंतरिक सज्जा की जाती है। जिसमें मिट्टी का भी प्रयोग किया जाता है। घोंसले निर्माण में मानसून व शत्रु पक्षियों से सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाता है।




# सरकारी विद्यालय पर अतिक्रमण और दुर्दशा के लिए जिम्मेदार कौन!

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** सरकारी जमीनों और जलाशयों पर अवैधकब्जे के तो तमाम मामले देखने को मिलते रहे हैं। भगवान श्री कृष्ण की जन्म और कीड़ा स्थली मथुरा में एक शिक्षा के मंदिर सरकारी राजकीय कन्या इंटर कॉलेज परिसर में विद्यालय के ही रिटायर वरिष्ठ लिपिक के द्वारा एक कमरे को स्टोर और विद्यालय परिसर को अपने निजी प्रयोग के लिए अवैध रूप से कब्जा कर उसमें ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों को रखा हुआ है कब्जारत कमरे पर ताला भी अवैध कब्जेदार ने लगाया हुआ है । ऐसा नहीं है इस मामले की जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारी और क्षेत्रीय राजस्व विभाग के अलावा पुलिस को न हो भली भाँति जानकारी है।

जानकारी के अनुसार जनपद की तहसील गोवर्धन क्षेत्र के गांव अडींग मै स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज जो सरकारी विद्यालय है इस विद्यालय मैं जो हालात बने हुए हैं उनके अनुसार इसी विद्यालय से वरिष्ठ लिपिक दीनदयाल यादव जो वर्षों पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके हैं उन्होंने अपनी दबंगई के चलते विद्यालय के एक कमरे में अपना सामान भरकर ताला लगाया हुआ है वहीं विद्यालय परिसर जिसका खुला मैदान शिक्षारत शास्त्रों के लिए क्रीडा स्थल के रूप में प्रयोग होता है उसके एक बड़े भाग पर दीनदयाल यादव ने ट्रैक्टर ट्राली के अलावा अन्य कृषि उपकरण गोबर के उपले रखकर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। जिसकी वजह से विद्यालय प्रसार में गंदगी का अंबार लगा हुआ है यह सब विद्यालय परिसर में और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा में भी पूरा प्रकरण कैद है।

■ एक पूर्व कर्मचारी ने विद्यालय के कमरे और परिसर पर किया हुआ है अवैध कब्जा

# वीर बलिदानी अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी को जयन्ती पर दी गई श्रद्धांजलि

■ जंगेनगर चौराहा में स्थापित प्रतिमा पर सांसद-विधायक ने किया माल्यार्पण

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** लखनऊ के अमीनाबाद में हुए झण्डा सत्याग्रह में तिरंगे के लिये जान गंवाने वाले वीर बलिदानी अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की जयन्ती पर ऐरा भदियार के जंगेनगर चौराहे पर कार्यक्रम का आयोजन कर मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।

सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे सांसद साक्षी महराज ने कहा कि भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन का इतिहास वीर वीरांगनाओ की कहानियो से भरा पड़ा है जिनके योगदान को इतिहास में विस्मृत कराने का कांग्रेस सरकार में कार्य किया गया उन्होने सपा, बसपा पर निशाना साधते हुये कहा कि इन दलो ने आस्थाओ, विरासतो के साथ खिलवाड़ किया भाजपा सरकार में अमर शहीदो के बलिदान को संजोने का कार्य किया जा रहा है। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि आजादी की लड़ाई में एक किसान परिवार में जन्मे अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी ने देश के तिरंगे के खातिर अपना बलिदान दे दिया और तिरंगे को फ्हराकर भारत की जयघोष कर ब्रिटिश हुकूमत की चूले हिला दी थी। उन्होने कहा कि शहीद बलिदानियो का जीवन हम सबको प्रेरणा देता है उनकी स्मृति में पार्क बनवाये जाने की भी घोषणा की। इस मौके पर रमेश लोधी, श्रीकृष्ण वर्मा, रामभिखारी वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सरला लोधी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डा0 गुरुचरन लोधी, मण्डल अध्यक्ष सर्वेश लोधी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अमित त्रिपाठी, सुरेश लोधी, रामबाबू लोधी, प्रधान अनिल लोधी, सुखवीर लोधी, विश्वनाथ लोधी, रामशंकर लोधी, श्रीराम लोधी, पवन सिंह, प्रदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन कवि राहुल वर्मा ने किया।

## मार्ग दुर्घटना में रहस्यमय ढंग से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**उन्नाव।** बीघापुर थाना अंतर्गत रहस्यमय परिस्थितियों में सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने साजिशन हत्या कर दुर्घटना दिखाये जाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार थाना बीघापुर के सीतारामखेड़ा गांव निवासी शैलेंद्र कुमार 26 की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गुरुवार रात अचलगंज के पास भगेवाखेड़ा में एक सड़क दुर्घटना में शैलेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर में गंभीर चोट लगने के बाद शैलेंद्र को पहले जिला अस्पताल और फ्रि कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने हादसे को 'साजिशन हत्या' बताया है। शैलेंद्र के परिजनों का कहना है कि यह महज एक्सीडेंट नहीं बल्कि सोची-समझी साजिश है। परिजनों ने शैलेंद्र के दोस्त दीपक पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार दोनों के बीच कुछ समय से विवाद चल रहा था। शैलेंद्र डिलीवरी का काम करता था और अपने परिवार का इकलौता सहारा था।

# योग अपनाये तन मन स्वस्थ बनाए

■ प्रशांति विद्या मंदिर में बच्चों को कराया जा रहा योगाभ्यास

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी लखनऊ द्वारा संचालित योग वैलनेस सेंटर द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अर्जुन लाल अहिरवार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ ममता वर्मा के दिशा निर्देशन में योग शिविर का आयोजन स्थानीय प्रशांति विद्या मंदिर गांधीनगर में किया जा रहा है। शिविर में योग प्रशिक्षक अर्पित शर्मा एवं रेखा पाल के द्वारा बच्चों को योगासन प्राणायाम ध्यान आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही दैनिक जीवन में योग एवं खान-पान के महत्व को समझा कर बच्चों के बौद्धिक एवं मानसिक शारीरिक विकास कैसे किया जाए इस पर भी जोर दिया जा रहा है। शिविर के दौरान योग प्रशिक्षक अर्पित शर्मा ने कहा योग के द्वारा विद्यार्थी शक्ति एवं समर्थ अर्जित कर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने बच्चों को बताया कि उनके खानपान एवं दैनिक क्रिया किस प्रकार होना चाहिए। उन्होंने कहा बच्चों के जीवन में योग का बड़ा महत्व है जहां एक और योग के द्वारा शरीर स्वस्थ होता है वहीं पर योगाभ्यास के द्वारा मानसिक क्षमताओं को विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा विद्यालय में बच्चों को योगाभ्यास प्रतिदिन कराया जाना चाहिए जिससे बच्चों का शिक्षण कार्य में मन लगेगा एवं वे ज्यादा से ज्यादा सीख सकेंगे। शिविर की दूसरी प्रशिक्षक रेखा पाल ने बच्चों को उनके खाने पीने की आदतों एवं व्यवहार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों का खानपान शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक होना चाहिए। उन्होंने कहा बच्चों को जंक फूड जैसे पिज्जा बर्गर चाऊमीन आदि का सेवन नहीं करना चाहिए और अगर करने का मन है तो इन चीजों को घर पर बनवाने का प्रयास करना चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक अजय श्रीवास्तव ने बताया कि यह शिविर आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है यह शिविर बच्चों के जीवन में योग को शामिल करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. उन्होंने कहा हमारा प्रयास होगा कि आने वाले समय में प्रत्येक विद्यालय मे योग शिविर आयोजन किया जाए।

## मयंक त्रिपाठी ने परिजनों एवं जनपद का गौरव बढ़ाया : विजय मिश्र

**कन्नौज।** यूपीएससी टॉपर मयंक त्रिपाठी के घर पहुंचकर कांग्रेसजनों ने उनका माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी साथ ही उनके बाबा एवं पिता का भी माल्यार्पण व स्वागत कर बधाई दी। इस दौरान पूर्व सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विजय मिश्र ने कहा कि यह बहुत गौरव की बात है कि मयंक त्रिपाठी ने यूपीएससी में देश में 10 वां स्थान प्राप्त कर जनपद कन्नौज का नाम देश में रोशन किया है।शनिवार को पूर्व सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विजय मिश्र ने यूपीएससी टॉपर मयंक त्रिपाठी को फूल मालायें पहनाकर एवं मिष्ठान खिलानें के उपरान्त कहा कि जनपद के युवाओं को मयंक से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके माता पिता के अच्छे संस्कार एवं उनकी अपनी मेहनत व लगन से इतनी बड़ी सफ्लता हासिल की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अजय पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, ऐसानुल हक, पंडित राकेश द्विवेदी, अशोक कन्नौजिया, आशीष शुक्ला, रमाशंकर राठौर, एसएन मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## 10 हजार के जाली नोटों के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दही पुलिस द्वारा 10 हजार के जाली नोटों के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार मय हमराह पुलिसबल द्वारा थाना दही क्षेत्रान्तर्गत वर्कशाप मोड़ के पास मैलोडी फैक्ट्री लिंक रोड़ से एजारुल मियाँ पुत्र स्व0 अदालत निवासी ग्राम जनेरवा थाना बजरिया जिला मोतीहारी राज्य बिहार को कब्जे से 20 अदद 500 रुपये के जाली नोटों के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना दही पर मुअसं 108/2025 धारा 179/180 बीएनएस बनाम एजारुल मियाँ उपरोक्त वांछित अभियुक्त चरवहवा निवासी पडगोइया थाना बजरिया जिला मोतीहारी राज्य बिहार पंजीकृत कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त एजारुल मियाँ उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# विपक्ष वक्फ संशोधित बिल के लिए कर रहा गुमराह

■ किसी मुसलमान की आज तक नही समाप्त की गई नगरिकता

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** नागरिक संशोधित अधिनियम बिल जब संसद में लागू किया गया तब विपक्ष ने कहा कि मुसलमान की देश में नागरिकता खत्म कर दी जाएगी दो वर्ष हो गए कोई एक नागरिकता खत्म की हो तो बताएं इस तरह विपक्ष वक्फ संशोधित बिल के लिए गुमराह कर रहा है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि एक भी गरीब व्यक्ति का नुकसान नहीं होगा और इस बिल के कारण देश के हजारों गरीब मुसलमान को वक्फ के भू माफियाओं से अपनी प्रॉपर्टी मिलेगी जिससे वह अपने बच्चों और अपने भविष्य को सुंदर बना पाएंगे। उन्होने कहा कि वक्फ संपत्ति पर कुछ धर्म के ठेकेदारों ने कब्जा जमा लिया है। जिससे वह परेशान है, उन्होने कहा कि सरकार गरीबों के हित के लिए कार्य कर रही है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कबीररुद्दीन उर्फ जुगनू ने कहा कि मोदी जी ने वक्फ कानून लाकर मुस्लिम समाज के गरीब लोगों के लिए भलाई का काम किया है मुसलमान विश्वास करें, मोदी उनके हितकारी हैं। प्रधान मंत्री ने तीन तलाक कानून को खत्म करके मुस्लिम महिलाओं के साथ इंसाफ किया है। इससे देश की आज तमाम मुस्लिम महिलाएं मोदी कर विश्वास रखती है। उन्होने कहा कि परेशान वह है जिन्होंने कभी भी मुस्लिम समाज की दान की हुई प्रॉपर्टी वक्फ से गरीब मुसलमान की बेटी की शादी, गरीब मुसलमान की शिक्षा, गरीब मुसलमान की मदद का कोई काम नहीं किया केवल वक्फ के नाम पर अपनी जेब और अपनी तिजोरी भरी, केवल वही परेशान है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी हमीरपुर कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश सक्सेना, नगर पंचायत अध्यक्ष कुलपहाड़ वैभव आरजरिया, व्यापारी नेता राहुल अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ तिवारी मौजूद रहे।

### कानपुर क्षेत्र के प्रभारी का किया जोरदार स्वागत

कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल महोबा पहुंचे वह बंधन पैलेस सुभाष चौकी के पास में होने वाली ष्वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत अल्पसंख्यक प्रबुद्ध जन गोष्ठीष् में सम्मिलित हुए। जहां पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि कमरुद्दीन उर्फ जुगनू जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने की कार्यक्रम के संयोजक शेख अशरफ, कार्यक्रम का संचालन योगेश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष द्वारा किया गया बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। पूर्वअध्यक्ष पुष्पाअनुरागी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप जैन, महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा पुरवार, पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव, महोबा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता सहित लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए ललितपुर में गठित की गई 15 न्यायिक पीठें

अवधनामा संवाददाता

■ 10 मई को होने वाले आयोजन में होगा अधिकतम वादों का निस्तारण

**ललितपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन हेतु कुल 15 न्यायिक पीठों का गठन किया गया है। इस लोक अदालत में विविध प्रकार के वादों में मोटर दुर्घटना दावे, बैंक ऋण वसूली, विद्युत बिल, पारिवारिक विवाद, आपराधिक व दीवानी शमनीय वादों का त्वरित समाधान किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार झा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रत्येक पीठ में एक वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी अध्यक्ष और एक पैनल अधिवक्ता सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। इसमें अध्यक्ष/जिला जज नरेन्द्र कुमार झां के साथ पैनल लॉयर कुलदीप श्रीवास्तव सदस्य, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अध्यक्ष अरविन्द कुमार द्वितीय के साथ पैनल लॉयर अनिल यादव सदस्य, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नन्दप्रताप ओझा के साथ पैनल लॉयर विजय नारायण गोस्वामी सदस्य, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) यादवेन्द्र सिंह के साथ पैनल लॉयर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव सदस्य, विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट)(बैंक रिकवरी मामले - अन्य बैंक) सुनील सिंह के साथ पैनल लॉयर पुष्पेन्द्र सिंह चौहान सदस्य, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो),ललितपुर(बीएसएनएल/इंश्योरेंस कंपनी के वाद) नवनीत कुमार भारती के साथ पैनल लॉयर नरेन्द्र कुमार सदस्य, विशेष न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र) यशवन्त कुमार सरोज के साथ पैनल लॉयर स्वतंत्र कुमार व्यास सदस्य, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभान्शु सुधीर के साथ पैनल लॉयर शेर सिंह यादव सदस्य, सिविल जज (सी.डी.) रविशंकर गुप्ता के साथ पैनल लॉयर रामलखन यादव सदस्य, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महरौनी नवीन कुमार प्रथम के साथ पैनल लॉयर गुलझार सिंह सदस्य, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय तालबेहट रंजीत कुमार वर्मा के साथ पैनल लॉयर बहादुर सिंह बुन्देला सदस्य, सिविल जज (जू.डि.) देवप्रिय सारस्वत के साथ पैनल लॉयर रविन्द्र प्रताप सिंह सदस्य, अपर सिविल जज (जू.डि.) अदिति जैन के साथ पैनल लॉयर निधि कुमार सहरिया सदस्य, सिविल जज जूनियर डिविजन महरौनी अतुल के साथ पैनल लॉयर संदीप कुमार उपाध्याय सदस्य, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बहादुर सिंह के साथ पैनल लॉयर विजय कुमार सिंह सदस्य को नामित किया गया है। सभी पीठों से अपेक्षा की गई है कि वह कम से कम पांच न्यायालयीय बैठकों से अधिक वादों का निस्तारण करें।

## अज्ञात चोरों ने काटी छह सौ पचास मीटर विद्युत केबल, दी तहरीर

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विद्युत उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार सरोज एवं अवर अभियंता विकास कुमार के नेतृत्व में विद्युत कर्मियों द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि क्षेत्र के ग्राम वैशनपुरवा में स्थापित 250 केवीए ट्रांसफार्मर से ग्राम वैशनपुरवा जुनेदपुर एवं दिहुली आदि की विद्युत आपूर्ति के लिए 120 एमएम स्कायर एबीसी साइज की 650 मीटर केबल को अज्ञात चोर काट कर ले गए हैं। शनिवार को विद्युत उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार सरोज एवं अवर अभियंता विकास कुमार ने मौके पर पहंचकर निरीक्षण करनें के उपरान्त बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा 650 मीटर केबिल काटकर ले जानें से तीनों ग्रामों के करीब 250 घरों के विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जिससे सभी ग्राम वासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कोतवाली पुलिस से कार्यवाही कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। जिससे अग्रिम विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर विद्युत सप्लाई शुरू की जा सके। इस दौरान संविदा लाइनमैन मुकेश कुमार, जावेद, धरमवीर आदि मौजूद रहे।

## 43 डिग्री तापमान पार होने से लोगों का गर्मी से बुरा हाल

■ दिन में चल रहे लू के थपेड़ों से बचाव के लिए लोग घर में दुबके रहते हैं

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** भीषण गर्मी और आसमान से निकल रही आग के चलते जन जीनव अस्त व्यस्त होकर रह गया है। जिले में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच जाने से लोगों का गर्मी से बुरा हाल है। पालिका प्रशासन से जगह जगह प्याऊ खुलवाकर लोगों को गर्मी से राहत दिलाने की पहल की है। मालूम हो कि आज कल गर्मी पूरे शबाब पर है। हालत यह है कि सुबह ग्यारह बजे से ही गर्मी अपना असर दिखाना शुरू कर देती है, जिससे लोग घरों में दुबक जाते हैं। दिन में चल रहे लू के थपेड़े और आसमान से बरस रही आग ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है। भीषण गर्मी में स्कूल जाने वाले छोटे छोटे बच्चों का भी बुरा हाल है। हालांकि बेसिक शिक्षा विभाग ने भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए कक्षा एक से आठ तक बच्चों की छुट्टी दोपहर दो बजे के स्थान साढ़े बारह बजे करने के आदेश दे दिए हैं, जिससे अब बच्चे साढ़े बारह बजे अपने घर पहुंच जाते हैं। गर्म हवाओं के चलने से दोपहर बारह बजे से चार बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते कूलर पखों ने काम करना बंद कर दिया है। पंखे गर्म हवाएं फेंक रहे हैं और कूलर भी नाम मात्र की ठंडक दे रहे है। दिन में आवश्यक कार्य से जाने पर महिलाएं सिर पर स्टॉल बांधकर निकलती है तो वहीं पुरूष और बच्चे सिर पर कैप और तौलिया बांधकर निकल रहे है, जिससे गर्मी और लू से बचा जा सके। उधर जिला प्रशासन ने भी गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है।

### 'आप' ने रमेश कुमार झा का किया स्वागत सम्मान

**ललितपुर।** आम आदमी पाटी के जिला मंत्री रमेश कुमार झा को झा समाज जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर कचहरी प्रांगण में आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने अपनी सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ सेवानिवृत्त स्टेशन मास्टर रमेश कुमार झा को निर्विरोध झा समाज का जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह, सीनियर क्लर्क जगदीश झा, दिनेश कुमार शर्मा, महेन्द्र कुमार पाराशर एड., गनेशराम रजक, कैलाश नारायण झा एड., दीपक एड., जानकी प्रसाद एड., शशिकांत राजपूत एड., रानू विदुआ एड., प्रमोद कुमार नामदेव एड., हरेन्द्र कुमार झा एड., अरूण कुमार राजपूत एड., हरगोविन्द एवं बलराम झा, रामनाथ झा, दाताराम झा, संजय कुमार चौधरी मौजूद रहे।

## भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष का भाजपाईयों ने किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों के हित व उत्थान के लिये जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर लाभान्वित करनें का कार्य कर रही है। भाजपा सरकार सवका साथ सवका विकास और सवका विश्वास की तर्ज पर कार्य करते हुये सभी वर्गों को आगे बढनें का अवसर दे रही है।

यह बात शनिवर को क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर में भाजपा बुंदेलखंड कानपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत छाबड़ा ने कही। इससे पूर्व इस्माइलपुर में आयोजित बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्यायें सुनकर आगामी विधान सभा चुनाव की सफ्लता के संबन्ध में रणनीति तय की है।

इस दौरान कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी मोनू रंगरेज, मुस्लिम खान, क्षेत्रीय सदस्य कार्य समिति लोकमान्य, भाजपा नेता मखमूल खान, जिला मंत्री मुस्लिम खान, नईम, रईस सभासद और मुकीम पठान, शराफ्त पठान सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जातीय जनगणना पसमांदा मुस्लिम समाज के लिए ऐतिहासिक कदम

■ एआइपीएमएम जल्द शुरू करेगा जागरूकता अभियान

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमए) ने केंद्र सरकार के जनसंख्या जनगणना के साथ जातीय जनगणना को शामिल करने के ऐतिहासिक फैसले का हार्दिक स्वागत किया है। यह निर्णय पसमांदा मुस्लिम समाज, जो भारत की मुस्लिम आबादी का 80-85 प्रतिशत हिस्सा है, के सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर, संगठन ने 2 मई 2025 को जूम मीटिंग का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने की और समन्वय सीईओ मुहम्मद यूनुस ने किया।

इस मीटिंग में संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों और पसमांदा एक्टिविस्ट्स ने हिस्सा लिया, जिनमें अख्तर हुसैन (राष्ट्रीय सलाहकार), कमरुद्दीन (राष्ट्रीय महासचिव), अबु शहीद (प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड), डॉ. नसीम (कार्यकारी अध्यक्ष, बिहार), सुहैलुद्दीन (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), रकीब आलम और रूमाना अनवर सहित अन्य शामिल थे। मीटिंग में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि संगठन जातीय जनगणना का पूर्ण समर्थन करता है और इसके महत्व को पसमांदा समुदाय तक पहुंचाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान शुरू करेगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा पसमांदा समुदाय को अपनी जाति सही और स्पष्ट रूप से दर्ज करने के लिए प्रेरित करना, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा अशराफ नेतृत्व के भ्रामक प्रचार के खिलाफ समाज को जागरूक करना और अपनी जातीय पहचान पर गर्व करने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है।

श्री हनीफ ने सरकार से अनुरोध किया कि मुस्लिम समाज को अशराफ और पसमांदा समूहों में बांटकर उनकी जातियों को सूचीबद्ध किया जाए।

सीईओ मुहम्मद युनुस ने कहा "जातीय जनगणना पसमांदा मुस्लिम समाज के लिए एक सुनहरा अवसर है। हमारा जागरूकता अभियान हर जिले, शहर, और ग्राम पंचायत तक पहुंचेगा, ताकि प्रत्येक पसमांदा मुस्लिम अपनी जातीय पहचान को गर्व के साथ दर्ज कराए। उन्होंने कहा संगठन स्थानीय स्तर पर कार्यशालाएं, सेमिनार, और सोशल मीडिया द्वारा जागरूकता फैलाएगा। पसमांदा महिलाओं और युवाओं को विशेष रूप से शामिल किया जाएगा। साथ ही, पारदर्शी और निष्पक्ष जनगणना के लिए राजनीतिक दलों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा।

### मानक विहीन सड़क निर्माण से भड़के ग्रामीण, रूकवाया काम

**उन्नाव।** लोक निर्माण विभाग द्वारा विकास खंड सफीपुर में हरदोई-उन्नाव मार्ग से सालेह नगर बम्हना तक बनाए जा रहे नवीनीकृत सड़क मार्ग में गुणवत्ता से हो रहे खिलवाड़ पर शुक्रवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। विभागीय अभिलेखों में दर्ज यह मार्ग बिलग्राम-उन्नाव-प्रयागराज को जोड़ता है लेकिन निर्माण कार्य में मानकों की खुली अनदेखी ग्रामीणों को रास नहीं आई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनूप सिंह चंदेल एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य गजराज रावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण निर्माण स्थल पर पहुंचे तथा वहां हो रहे घटिया निर्माण पर नाराजगी जताई और कार्य को तत्काल बन्द करा दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है और मानकों को दरकिनार कर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक विभागीय अभियंता मौके पर आकर निर्माण की गुणवत्ता की जांच नहीं करेंगे तब तक कार्य को फ्रि से शुरू नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों की मांग है कि मौके पर विभागीय अभियंता बुलाया जाए। निर्माण सामग्री की जांच हो, मानक विहीन निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदार पर कार्रवाई हो। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद क्षेत्र में निर्माण कार्य पर अस्थायी रोक लग गई है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर मण्डलायुक्त व डीएम ने तहसील सदर में सुनी शिकायतें

■ आये कुल 179 मामलो में 11 का निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु तहसील, सदर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर, उन्नाव में मण्डलायुक्त द्वारा राजस्व विभाग की 114, पुलिस विभाग की 32, विकास विभाग की 13 सहित अन्य विभागों की 20 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 179 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा की छात्राओं द्वारा मण्डलायुक्त को पेंटिग भेट कर स्वागत किया गया, जिसकी सराहना व्यक्त की गयी। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन /आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार कलेक्ट्रेट, तहसील एवं थानों के चक्कर न लगाना पड़े। उन्होने सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाए जाने के अभियान के संबंध में जिलाधिकारी की सराहना करते हुए कहा कि चकरोड, नाली, चरागाह आदि सरकारी सुरक्षित भूमि से अवैध कब्जा खाली कराने का पावर एसडीएम को है। इसलिए समस्त उपजिलाधिकारी राजस्व संहिता की धारा-67 करने की गलत प्रवृत्ति को बदलें तथा मौके पर जाकर जमीन को वास्तविक रूप से खाली कराएं। उन्होने कहा कि जनपद उन्नाव लखनऊ के निकट है, यहां की जमीन काफी कीमती है। इसलिए जनपद में किसी भी प्रकार की अवैध प्लाटिंग को प्रतिबन्धित किया जाए। उन्होने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि पुलिस से संबंधित जनसामान्य की ज्यादातर शिकायतों का निस्तारण थाना समाधान दिवस में सुनिश्चित कराया जाए। उन्होने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का पोस्टमॉर्टम कर उन्हे उलझाए रखना ठीक नही है। शिकायतकर्ता को गम्भीरता से सुनें तथा गुण-दोष के आधार पर निस्तारण करें। उन्होने राजस्व विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आज टैक्नोलॉजी के दौर में जमीन से रिश्ता न तोड़े, बल्कि मौके पर जाकर पुष्टि करनी पड़े तो अवश्य जाए। इस अवसर पर तहसील परिसर में संबंधित विभागों द्वारा पोषण, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, श्रम विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री/किसान कार्ड, उद्योग केन्द्र, उद्यान विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं स्वास्थय के कैंप लगाकर जन सामान्य को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त महोदया द्वारा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत मृतक परिवारों को 03 लाभार्थियों को 5-5 लाख रुपए के स्वीकृति पत्र, 04 मत्स्य पालकों को पट्टा आवंटन के स्वीकृति पत्र तथा बेसिक शिक्षा विभाग के 04 निपुण प्राथमिक विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

## बालों की लंबाई बढ़ाने के लिए ट्राई करके देखें करी पत्ते से बना ये हेयर पैक, हेयरफॉल से मिलेगा छुटकारा



करी पत्ते में तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं, जोकि आपकी हेयर हेल्थ के लिए काफी अच्छा और फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में आप अपने बालों को लंबा और घना बनाने के लिए करी पत्ते का इस्तेमाल कर सकती हैं।

अधिकतर लोगों के साथ आजकल हेयर फॉल संबंधी समस्याएं होती हैं। आजकल की बिजी लाइफस्टाइल की वजह से लोग सेल्फ केयर पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने बालों को लंबा और घना बनाना चाहते हैं तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। करी पत्ते में तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं, जोकि आपकी हेयर हेल्थ के लिए काफी अच्छा और फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में आप अपने बालों को लंबा और घना बनाने के लिए करी पत्ते का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हेयर ग्रोथ के लिए करी पत्ते के इस हेयर पैक को बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं। इस हेयर पैक के लिए आपको मेथीदाना और नारियल के तेल की भी जरूरत पड़ेगी।

**ऐसे बनाएं हेयर पैक**

इस हेयर पैक को बनाने के लिए सबसे पहले एक गिलास पानी लें। इसमें एक मुट्ठी मेथी दाना और एक मुट्ठी करी पत्ता डाल लें। फिर इन दोनों चीजों को पानी में रातभर के लिए भिगोकर रख दें। वहीं अगले दिन सुबह इन सभी चीजों को अच्छे से पीस लें। आप अच्छे परिणाम पाने के लिए इसमें नारियल तेल भी मिला सकते हैं।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

इस हेयर पैक को अपने बालों और स्कैल्प पर अच्छे से अप्लाई करें। वहीं आप अगर बेहतर रिजल्ट पाना चाहते हैं तो इस हेयर मास्क को करीब 30 मिनट से लेकर 1 घंटे तक अपने बालों पर लगाएं। इसके बाद नॉर्मल पानी से हेयर वॉश कर लें। इसका पॉजिटिव असर आपको खुद-ब-खुद महसूस हो जाएगा।

**बालों की सेहत के लिए अच्छा**

करी पत्ते में पाए जाने वाले तत्व हेयर हेल्थ को इंप्रूव करते हैं। अगर आप भी बालों की लंबाई को बढ़ाना चाहती हैं, तो आप रेगुलर तौर पर इस हेयर पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस हेयर पैक से हेयर फॉल जैसी समस्या से राहत मिलेगी। वहीं मेथी दाना, करी पत्ता और नारियल का तेल मिक्स करके लगाने से बालों की जड़ों को पोषण मिलेगा। इस हेयर पैक से आपके रूखे और बेजान बाल सिल्की और स्मूदी बन सकते हैं।

## बसंती हवाओं में रूखी हो गई है स्किन तो फॉलो करें टिप्स

स्किन को खूबसूरत और स्वस्थ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कुछ बदलाव करें। इन स्किन केयर रूटीन को फॉलो कर आपकी स्किन न सिर्फ रूखेपन से बच सकती है, बल्कि इससे स्किन ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी।

बसंत का मौसम आने पर बड़ा बदलाव होता है, लेकिन यह बदलाव स्किन के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। इस मौसम में बसंती हवाएं हमारी स्किन की नमी को छीन लेती हैं, जिससे हमारी त्वचा बेजान, रूखी और संवेदनशील हो जाती है। स्किन को खूबसूरत और स्वस्थ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कुछ बदलाव करें। इन स्किन केयर रूटीन को फॉलो कर आपकी स्किन न सिर्फ रूखेपन से बच सकती है, बल्कि इससे स्किन ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे स्किन स्किन केयर टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

**हाइड्रेशन बनाए रखें**

इस मौसम में स्किन की नमी को बनाए रखना जरूरी होता है।

**चुनौतीपूर्ण**

**बसंत का मौसम आने पर बड़ा बदलाव होता है, लेकिन यह बदलाव स्किन के लिए चुनौतीपूर्ण होता है।**

इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए हाइड्रेटिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

आप स्किन को हेल्दी और नमी बनाए रखने के लिए ह्यालोरोनिक एसिड युक्त सीरम या फिर मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। यह स्किन में नमी बनाए रखता है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले गहरी मॉइस्चराइजिंग क्रीम लगाएं, जिससे आपकी स्किन रातभर रिपेयर हो सके।

**नेचुरल क्लींजर**

मौसम बदलने के साथ ही आपको स्किन की सफाई के तरीके में भी बदलाव करना चाहिए। इस



दौरान स्किन को रसायनों से भरे क्लींजर से धोने से बचना चाहिए। इसलिए आप प्राकृतिक क्लींजर का इस्तेमाल करें, जो स्किन को गहराई से साफ करें और स्किन में नमी बरकरार रखें।

**एक्सफोलिएशन का रखें ध्यान**

बता दें कि रूखी स्किन में डेड स्किन सेल्स अधिक जमा हो जाते हैं। जिसकी वजह से हमारी स्किन बेजान दिखती है। इसलिए सप्ताह में एक बार स्क्रब से स्किन को एक्सफोलिएट करें। जिससे स्किन पर जमा डेड स्किन सेल्स हटेंगे और नई त्वचा को सांस लेने का मौका मिलेगा।

**नाइट केयर रूटीन**

रात के समय हमारी स्किन को देखभाल की खास जरूरत होती है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले सीरम या फिर अच्छे फेस ऑयल का इस्तेमाल करें। विटामिन-ई और सी युक्त प्रोडक्ट्स स्किन की मरम्मत में सहायता करते हैं और स्किन को कोमल और नरम बनाता है।

**सनस्क्रीन लगाएं**

बसंत के मौसम में सूरज की किरणें हमारी स्किन पर गहरा असर डालती हैं। इसलिए बाहर निकलने से पहले हमेशा सनस्क्रीन जरूर लगाएं। आप 30 SPF या उससे अधिक वाले ब्रॉड स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। यह आपकी स्किन को यूवी किरणों से बचाने के साथ डार्क स्पॉट्स और एजिंग से भी सुरक्षित रखेगा।

**होममेड फेस पैक**

स्किन को नेचुरल रूप से पोषण देने के लिए होममेड फेस पैक का इस्तेमाल करें। इसलिए आप शहद और दही का पैस लगा सकते हैं। दरअसल, दही स्किन को मॉइस्चराइज करता है और शहद स्किन पर चमक बनाए रखता है। इसलिए इस फेसपैक को फेस पर अप्लाई करें और फिर 20 मिनट बाद धो लें।

**कठोर प्रोडक्ट्स का न करें इस्तेमाल**

बसंती मौसम में स्किन पर कठोर रसायन युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसकी जगह आप नेचुरल और सौम्य प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता दें। अगर आपकी स्किन अधिक सेंसिटिव है, तो स्किन एक्सपर्ट से परामर्श लें और उनकी सलाह पर प्रोडक्ट का चयन करें।

**हेल्दी डाइट लें**

स्किन की सेहत हमारे खानपान पर निर्भर करती है। इसलिए बसंत के मौसम में अपनी डाइट में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट युक्त सब्जियों और फलों को शामिल करें। आप पालक, कीवी, संतरा, स्ट्रॉबेरी और नट्स का सेवन कर सकती हैं। वहीं ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर चीजें जैसे अलसी के बीज, अखरोट, मछली और अलसी के बीज त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं।

**चेहरे की मालिश करें**

ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने और स्किन को पोषण देने के लिए रोजाना चेहरे की मालिश करना फायदेमंद होता है। इसलिए रोजाना 5-10 मिनट के लिए अपने फेस पर नारियल तेल, बादाम तेल या फिर विटामिन ई तेल से मालिश करें। इससे आपके स्किन चमकदार और कोमल बनेगी।

## स्किन टोन के हिसाब से चुने अपना लहंगा, जानिए कौन सा कलर कॉम्बिनेशन रहेगा बेस्ट

अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं।

जब भी स्टाइलिश दिखने की बात होती है, तो हम सभी ट्रेंड के पीछे भागते हैं। लेकिन जरूरी नहीं होता है कि एक ही ट्रेंड सभी पर फिट बैठे। अगर आप किसी खास मौके पर लहंगा पहनने का मन बना रही हैं, तो सिर्फ ट्रेंड को फॉलो करते हुए कलर कॉम्बिनेशन नहीं चुनना चाहिए। बल्कि ऐसे रंगों का चुनाव करना चाहिए, जो आपकी स्किन टोन के साथ फिट बैठे। जिससे आपके लुक में निखार आए।

बता दें कि अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हालांकि लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन के ऑप्शन में कोई कमी नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने लिए सही कलर कॉम्बिनेशन चुनें। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं।

**फेयर स्किन टोन**



अगर आपकी रंगत फेयर है तो आप लाइट और डार्क शेड्स दोनों ही पहन सकती हैं। हालांकि कुछ रंग आपकी रंगत को फीका दिखा सकते हैं। इसलिए आपको बहुत ज्यादा क्रीम, बेज या फिर सुपर ब्राइट नियॉन शेड्स से बचना चाहिए। फेयर स्किन टोन के लिए आपको मैरून, डीप पर्पल, नेवी, लैवेंडर, एमरेल्ड ग्रीन, रॉयल ब्लू, ब्लश पिंक, पीच, आइसी ब्लू और पाउडर पिंक या फिर गोल्ड व सिल्वर कलर पहनना चाहिए। इसमें आप बहुत ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगी। वहीं अगर आप परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन वाला लहंगा पहनना चाहती हैं, तो आप एमरेल्ड ग्रीन के साथ गोल्ड, सिल्वर, डीप ब्लू या फिर ब्लश पिंक के अलावा रोज गोल्ड पहन सकती हैं।

**मीडियम स्किन टोन**

मीडियम स्किन टोन एक बेहद वर्सेटाइन स्किन टोन है। इसके कलर कॉम्बिनेशन में आपके पास ऑप्शन की कमी नहीं होगी। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ऑलिव ग्रीन, रूबी रेड, मिंट ग्रीन, मस्टर्ड, डीप रेड, डस्की पिंक जैसे कलर्स कैरी कर सकती हैं। प्रयास करें कि आप अधिक लाइट पेस्टल शेड्स या फिर नियॉन ग्रीन, नियॉन येलो जैसे रंगों को इग्नोर करें। अगर आप लहंगे में कलर कॉम्बिनेशन पहनना चाहती हैं, तो आप रॉयल ब्लू के साथ सिल्वर, डीप रेड के साथ गोल्ड या फिर ऑलिव ग्रीन के साथ ब्रॉन्ज जैसे कलर्स को साथ में पेयर कर सकती हैं।

**डस्की स्किन टोन**

इस स्किन टोन वाली महिलाएं ब्राइट और बोल्ड कलर्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। ऐसे में आप कोबाल्ट ब्लू, ब्राइट रेड, हॉट पिंक, मैजेंटा, टैंगरीन से लेकर चॉकलेट ब्राउन, मस्टर्ड, डीप ग्रीन या एमरेल्ड को अपने रूटीन में शामिल कर सकती हैं। डस्की स्किन टोन वाली महिलाएं बेबी पिंक, बेज, पाउडर ब्लू, ग्रे और सिल्वर जैसे शेड्स अच्छे नहीं लगते हैं। आप डीप ग्रीन के साथ कॉपर, मैजेंटा के साथ गोल्ड या फिर रस्ट ऑरेंज के साथ बेज कलर को कैरी कर सकती हैं।

## एलोवेरा से करें सेंसिटिव स्किन की केयर



**नई दिल्ली।** एलोवेरा जेल को आप सेंसेटिव स्किन पर बतौर मॉइश्चराइजर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पौधे से एलोवेरा जेल निकाल लें। फेस वॉश के बाद आप थोड़ा सा जेल चेहरे पर लगाओ। इससे आपकी स्किन को दिनभर ठंडक और नमी मिलती रहेगी। अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आपको किसी भी प्रोडक्ट को बहुत ही सोच-समझकर इस्तेमाल करना होता है। अगर जरा सी भी लापरवाही बरती जाए तो इससे आपकी स्किन को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सेंसेटिव स्किन की केयर करने के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। यह ना केवल स्किन पर जेंटल होता है, बल्कि इससे स्किन को ठंडक भी मिलती है। साथ ही साथ, बिना किसी साइड इफेक्ट के यह आपकी स्किन को ठीक भी करता है। चाहे सनबर्न हो, रैश हो या पूरे दिन की थकान, एलोवेरा आपकी स्किन की हर समस्या से निजात दिला सकती है। एलोवेरा का इस्तेमाल करना भी बेहद आसान है। आप घर पर ही एलोवेरा के पौधे से जेल निकालकर उसे इस्तेमाल कर सकते हैं। आप इससे फेस मास्क बना सकते हो, मिस्ट की तरह स्प्रे कर सकते हो या रोज़ मॉइस्चराइज़र की तरह भी लगा सकते हो। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि सेंसेटिव स्किन की केयर करने के लिए आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किन तरीकों से कर सकते हैं-

**मॉइश्चराइज़र की तरह करें इस्तेमाल**

एलोवेरा जेल को आप सेंसेटिव स्किन पर बतौर मॉइश्चराइजर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पौधे से एलोवेरा जेल निकाल लें। फेस वॉश के बाद आप थोड़ा सा जेल चेहरे पर लगाओ। इससे आपकी स्किन को दिनभर ठंडक और नमी मिलती रहेगी।

**फेस मिस्ट की तरह करें इस्तेमाल**

एलोवेरा जेल गर्मी के दिनों में आपकी स्किन के लिए एक बेहतरीन फेस मिस्ट भी साबित हो सकता है। इसके लिए आप 1 हिस्सा एलोवेरा जेल . 2 हिस्से गुलाब जल लेकर मिक्स कर लें। अब इसे स्प्रे बोतल में भर लो। जब भी चेहरा टाइट या चिड़चिड़ा लगे, दिन में 2-3 बार स्प्रे कर लो। आप इसे मेकअप सेट करने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हो।

**ओवरनाइट सूदिंग मास्क की तरह करें इस्तेमाल**

एलोवेरा जेल एक बेहतरीन ओवरनाइट सूदिंग मास्क भी साबित हो सकता है। इसके लिए आप रात को सोने से पहले साफ चेहरे पर ऐलोवेरा जेल लगाओ। रातभर लगा रहने दो। अगली सुबह आप आपको अपना चेहरा बेहद ही सॉफ्ट और सूदिंग महसूस होगा।

## सफर में हों या ऑफिस हर महिला के बैग में होने चाहिए ये मेकअप प्रोडक्ट्स, दिनभर बना रहेगा ग्लो

अगर आपके पास समय कम है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको अपनी पर्स में जरूर रखना चाहिए।

ब्यूटी की मतलब सिर्फ मेकअप से नहीं होता है, बल्कि हर तरफ से अपने फेस को सही रखना होता है। जब भी हम कहीं बाहर जाने का प्लान करते हैं, तो सोचते हैं कि बैग में ऐसा क्या रखें कि हमारा चेहरा सुंदर दिखे। लेकिन अगर आपके पास समय कम है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको अपनी पर्स में जरूर रखना चाहिए।

**खूबसूरती**

**सफर के दौरान फेस की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए सबसे जरूरी स्किन को साफ रखना होता है।**

**फेस क्लींजर या फेस वॉश**

सफर के दौरान फेस की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए सबसे जरूरी स्किन को साफ रखना होता है। दिनभर की धूल-मिट्टी, ऑयल और मेकअप हटाने के लिए सबसे अच्छा फेस वॉश या क्लींजर जरूरी है। इसलिए आप अपनी



स्किन टाइप का क्लींजर और फेस वॉश जरूर रखें।

**फेस मास्क**

बाहर की धूप और धूल की वजह से फेस पर गंदगी की परत जम जाती है। इसलिए आप अपनी पर्स में फेस मास्क जरूर रखें। यह आपकी स्किन को हाइड्रेटेड रखता है।

**लिप बाम**

फेस के साथ-साथ होंठों की देखभाल करना बेहद जरूरी है। ड्राय और फटे होंठ दर्द देते हैं। साथ ही फटे होंठ हमारे लुक को भी खराब कर देते हैं। इसलिए अपनी पर्स में लिप बाम जरूर रखें। आप विटामिन श्व और स्क्क्न युक्त लिप बाम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**मॉइस्चराइजिंग क्रीम**

स्किन को कोमल और मुलायम बनाए रखने के लिए आपको अपनी पर्स में मॉइस्चराइजिंग क्रीम रखना चाहिए। इसलिए बाहर जाते समय इसको लेना न भूलें।

**फेस सीरम या नाइट क्रीम**

रात में हमारी स्किन रिपेयर होती है, इसलिए रात में सोने से पहले आपको किसी अच्छी नाइट क्रीम या सीरम अपनी स्किन पर जरूर लगानी चाहिए। इससे अगली सुबह आपका फेस फ्रेश और ग्लोइंग रहेगा।

## होममेड ग्रीन टी आइस क्यूब्स से खत्म होंगी झुर्रियां, चेहरे पर आएगा गजब का निखार

ग्रीन टी में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने के साथ स्किन को आराम देने और पोर्स को टाइटन करने में मदद करती है। वहीं गर्मियों में यह आपकी स्किन को ठंडक का एहसास कराती है। इससे आपकी स्किन काफी रिफ्रेश नजर आती है।

हम सभी अपनी स्किन को यंगर और ग्लोइंग बनाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। इसके लिए हम सभी मार्केट में मिलने वाले महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आप इन प्रोडक्ट्स पर अधिक रुपए-पैसे खर्च करने की बजाय नेचुरल तरीके से स्किन को लंबे समय तक यंगर और ग्लोइंग बनाए रख सकती हैं। बता दें कि ग्रीन टी आइस क्यूब स्किन पर उम्र बढ़ने वाले संकेतों को खत्म करने के साथ सूजन कम करने और स्किन को अधिक रिफ्रेशिंग दिखाने में सहायता करती है।

दरअसल, ग्रीन टी में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने के साथ स्किन को आराम देने और पोर्स को टाइटन करने में मदद करती है।

**प्रभावित**

**हम सभी अपनी स्किन को यंगर और ग्लोइंग बनाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं।**

वहीं गर्मियों में यह आपकी स्किन को ठंडक का एहसास कराती है। इससे आपकी स्किन काफी रिफ्रेश नजर आती है। ऐसे में अगर आप अधिक समय तक स्किन को यंगर बनाए रखना चाहती हैं, तो आपको ग्रीन टी आइस क्यूब का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ग्रीन टी आइस क्यूब बनाकर कैसे इसका इस्तेमाल करें।

**ग्रीन टी और शहद आइस क्यूब**

यह आइस क्यूब स्किन को अधिक यंगर बनाने के साथ ही निखार भी देता है। इस आइस क्यूब



के इस्तेमाल से आपकी स्किन हाइड्रेट रहती है।

**सामग्री**

ग्रीन टी बैग- 2

गर्म पानी- 1 कप

शहद- 1 चम्मच

**ऐसे बनाएं आइस क्यूब**

इसके लिए सबसे पहले ग्रीन टी बनाएं और उसको ठंडा होने के लिए रख दें।

जब यह ठंडी हो जाए तो इसमें शहद डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

फिर इसे आइस क्यूब में डालकर फ्रीज कर लें।

जब यह जम जाए तो इसको एक पतले कपड़े या फिर रुमाल आदि में लपेटकर स्किन पर यूज करें।

**ग्रीन टी और खीरे का आइस क्यूब**

यह आइस क्यूब सूजन को खत्म करने में सहायक होता है। आप इस आइस क्यूब को विशेष रूप से आंखों के नीचे इस्तेमाल कर सकते हैं।

**सामग्री**

ग्रीन टी- 1/2 कप उबली हुई

खीरे का जूस- 1/2 कप

**ऐसे बनाएं**

इसको बनाने के लिए ताजे खीरे को ब्लेंड करके छान लें।

अब खीरे के जूस के साथ ग्रीन टी को मिलाएं।

फिर इसको आइस क्यूब में डालकर जमने के लिए फ्रीज में रख दें।

वहीं जब यह आइस क्यूब बन जाए तो इसका इस्तेमाल करें।

**ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब**

बता दें कि ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब एक सूदिंग आइस क्यूब है। यह आपकी स्किन को यंगर बनाने के अलावा सूदिंग इफेक्ट भी देता है।

**सामग्री**

ग्रीन टी- 1 कप उबली हुई

ताज़ा एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

**ऐसे बनाएं**

ग्रीन टी और एलोवेरा जेल को एक साथ मिक्स करें।

फिर इसको आइस क्यूब ट्रे में डालकर फ्रीज कर दें।

गर्मियों में स्किन की रेडनेस या इरिटेशन को खत्म करने के लिए आप इस आइस क्यूब का इस्तेमाल करें।

## छोटे कद की लड़कियां पहनना चाहती हैं बोल्ड प्रिंट

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते।

बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं। लेकिन छोटी हाइट का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप ब्राइट और मज़ेदार प्रिंट्स से खुद को दूर रखें। बस जरूरत होती है सही स्टाइलिंग की। एक परफेक्ट स्टाइलिंग के साथ, ये बोल्ड प्रिंट्स आपको ज़्यादा लंबा, कॉन्फिडेंट और ट्रेंडी भी दिखा सकते हैं।

बस थोड़े से प्रॉपोर्शन्स से खेलकर और सही प्रिंट्स को चुनकर आप अपनी बॉडी को छुपाने की बजाय निखारें। चाहे वो फ्लोरल्स हों, स्ट्राइप्स हों या कुछ हटके जियोमैट्रिक डिज़ाइन्स, हर



तरह के प्रिंट्स को आप अपने लिए काम में ला सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप छोटे कद में भी बोल्ड प्रिंट्स को स्टाइल कर सकती हैं-

**छोटे या मीडियम साइज के बोल्ड प्रिंट चुनें**

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते। इसलिए, बहुत बड़े फ्लोरल प्रिंट की बजाय थोड़ा छोटे फ्लोरल प्रिंट्स चुनें, जो कॉन्ट्रास्ट कलर में हों और सॉलिड बैकग्राउंड पर हों।

**वर्टिकल हो प्रिंट्स**

अगर आप बोल्ड प्रिंट में भी अपनी हाइट को लंबा दिखाना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल प्रिंट्स को चुनें। ऊपर से नीचे जाने वाले लाइन वाले प्रिंट्स जैसे वर्टिकल स्ट्राइप्स आपको लंबा दिखाते हैं। वर्टिकल प्रिंट वाला कुर्ती-पैंट सेट या को-ऑर्ड सेट पहनना परफेक्ट रहेगा।

## पाकिस्तान का समर्थन करने के आरोप में असम से एक और शख्स गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** असम सरकार पाकिस्तान के पक्ष में बोलने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। हाल ही में असम के धुबरी जिला से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान का कथित रूप से बचाव करने के आरोप में असम से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया, आरोपी असम के धुबरी जिले से गिरफ्तार किया गया है। असम सरकार पाकिस्तान के पक्ष में बोलने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री ने हिमंत ने बताया कि पाकिस्तान के बचाव करने में अब तक कुल 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार दिया था। सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की धरती पर पाकिस्तान का बचाव करने वाले देशद्रोहियों के खिलाफ कार्रवाई पर का अपडेट। अब तक कुल 37 राष्ट्रद्रोहियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि धुबरी से गिरफ्तार किये गये व्यक्ति की पहचान अमर अली के रूप में हुई है। इसके साथ ही कहा कि असम पुलिस इन सभी राष्ट्र विरोधियों से सख्ती से निपटेगी। बता दें, कि अखिल भारतीय संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (एआईयूडीएफ) के विधायक अमीनुल इस्लाम को भी गिरफ्तार किया गया है। विधायक पर आरोप है कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान की मिलीभगत का कथित रूप से बचाव किया था। उन पर देशद्रोह के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## भारत ने पाकिस्तान के साथ बंद किया कारोबार, पड़ोसी देश से आने वाली सभी वस्तुओं पर लगाई रोक

**समीक्षा**

इस रणनीति के तहत भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को दिए गए ऋणों की समीक्षा करने को कहा है।



**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच आतंकवाद के पनाहगाह पर एक और बड़ी चोट मारी है। इसके तहत अब भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर पाकिस्तान से सभी प्रकार के सीधे या परोक्ष आयात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह निर्णय विदेश व्यापार नीति 2023 के तहत लिया गया है। भारत ने आतंकवाद के पनाहगाह पाकिस्तान को एक बार फिर सबक सिखाने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत भारत सरकार ने पाकिस्तान से किसी भी प्रकार की वस्तुओं के सीधे या परोक्ष आयात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से दो मई को जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लिया गया है। इस रोक के बाद अब पाकिस्तान से आने वाले किसी भी उत्पाद चाहे वह सीधे आयात हो या किसी तीसरे देश के जरिए परोक्ष रूप से हो इन सभी आयातों पर पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बता दें कि भारत सरकार की तरफ से लगाए गए यह प्रतिबंध विदेश व्यापार नीति 2023 में नए प्रावधान के रूप में जोड़ा गया है, जिसको लेकर विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने साफ किया है कि अगर किसी मामले में आयात की अनुमति दी जाती है, तो उसके लिए भारत सरकार की विशेष मंजूरी जरूरी होगी। 2024-25 में अप्रैल से जनवरी के बीच भारत ने पाकिस्तान से केवल 0.42 मिलियन डॉलर का आयात किया था। इसमें तांबा और तांबे के सामान, खाद्य फल और सूखे मेवे , कपास, नमक, सल्फर और मिट्टी और पत्थर, जैविक रसायन, खनिज ईंधन, प्लास्टिक उत्पाद, ऊन, कांच के बने पदार्थ, कच्ची खाल और चमड़ा आदि शामिल है। वहीं बात अगर भारत किए गए निर्यात की करें तो इसी अवधि में भारत ने पाकिस्तान में 447.65 मिलियन डॉलर का निर्यात किया, जिसमें फार्मा उत्पाद (129.55 मिलियन डॉलर), जैविक रसायन (110.06 मिलियन डॉलर), चीनी, चाय, कॉफी, सब्जियां, पेट्रोलियम, उर्वरक, प्लास्टिक, रबर, ऑटो पार्ट्स आदि शामिल है। पहलगाम हमले के बाद बढ़ते तनाव को देख भारत सरकार ने इसस पहले पाकिस्तान पर आर्थिक शिकंजा कसने की भी तैयारी कर ली। इस रणनीति के तहत भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को दिए गए ऋणों की समीक्षा करने को कहा है। साथ ही उसने पाकिस्तान को वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ग्रे सूची में शामिल कराने की कोशिश भी शुरू कर दी है। एफएटीएफ की ग्रे सूची में शामिल होने और आईएमएफ के ऋण मंजूरी नहीं देने से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को तगड़ा झटका लगेगा।

## हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या के मामले में 8 लोग गिरफ्तार, गृह मंत्री ने की शांति की अपील

**बंगलूरू।** कर्नाटक के मंगलूरू में हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या के मामले में तनाव बढ़ता ही जा रहा है। इसी बीच कर्नाटक पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने शनिवार को दी। बता दें कि चर्चित राउडी शीटर सुहास शेट्टी को गुरुवार देर रात बाजपे थाना क्षेत्र में अज्ञात हमलावरों ने मार डाला था। हत्या के बाद शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने बंद का आह्वान किया, जिसके चलते मंगलूरू शहर में कई दुकानों को बंद कर दिया गया। मामले में गृह मंत्री परमेश्वर और जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडू राव शुक्रवार को ही मंगलुरू पहुंचे और पुलिस कमिश्नर अनुपम अग्रवाल व डिप्टी कमिश्नर मुलई मुहिलन के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। इसके साथ ही मंत्री ने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी तरह की हिंसा या अशांति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मणिपुर हिंसा के दो साल होने पर राज्यभर में शटडाउन, समान्य जीवन प्रभावित; समुदायों के बीच भी बढ़ा तनाव



**इंफाल।** मणिपुर में जातीय हिंसा के दो साल पूरे होने पर मैतेई और कुकि समुदायों ने राज्यभर में शटडाउन का आह्वान किया। इस दौरान जहां मैतेई समुदाय की एक संगठन ने इंफाल में मणिपुर पीपल्स कन्वेंशन आयोजित किया, वहीं कुकी समुदाय ने डे ऑफ सेपरेशन मनाया। मणिपुर में दो साल पहले मैतेई और कुकि समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी, जिसमें 260 से अधिक लोग मारे गए थे और 70,000 से ज्यादा लोग विस्थापित हो गए थे। इस हिंसा के दो साल पूरे होने पर शनिवार को विभिन्न संगठनों द्वारा राज्यभर में बंद (शटडाउन) का आह्वान किया गया। मैतेई समुदाय के संगठन को ऑर्डिनेटिंग कमिटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी (सीओसीओएमआई) ने इंफाल घाटी में शटडाउन का आह्वान किया।

वहीं कुकि समुदाय के संगठन ज़ोमी स्टूडेंट्स फेडरेशन (ंस्न्न) और कुकि स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एकएसओ) ने पहाड़ी इलाकों में शटडाउन किया। बता दें कि इस शटडाउन के दौरान बाजार, निजी कार्यालय बंद रहेंगे। साथ ही सार्वजनिक परिवहन सेवाएं भी ठप रहेंगी। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी घोषित की गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार केवल कुछ निजी वाहन सुबह के समय सड़कों पर दिखाई दिए।

मणिपुर में शटडाउन के आह्वान के बीच राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को भी सख्त कर दिया गया है। इस दौरान राज्य के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोका जा सके।

शटडाउन के दौरान सीओसीओएमआई ने इंफाल के खुमान लमपक स्टेडियम में %मणिपुर पीपल्स कन्वेंशन आयोजित करने का ऐलान किया है और लोगों से इसमें बड़े पैमाने पर शामिल होने की अपील की है। इसके अलावा, इंफाल में एक मोमबत्ती मार्च भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें हिंसा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

वहीं कुकि समुदाय के लोग चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में %डे ऑफ सेपरेशन% मना रहे हैं, जिसमें वे एक अलग क्षेत्र की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि चुराचांदपुर में %वॉल ऑफ रिमेम्ब्रेंस% पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहां हिंसा में मारे गए लोगों की याद में श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके अलावा, सेहकेन बुरियल साइट पर भी एक कार्यक्रम आयोजित होगा, जहां हिंसा में मारे गए कुकि लोगों को दफनाया गया है।

## अंगोला के राष्ट्रपति लॉरेंसो का राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत, भारत यात्रा को ऐतिहासिक बताया

**नई दिल्ली।** अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लॉरेंसो का दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस मौके पर मौजूद रहे। लॉरेंसो ने अपनी यात्रा को ऐतिहासिक बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरी ये यात्रा भारत और अंगोला के बीच दोस्ती और सहयोग को और मजबूत करेगा। अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लॉरेंसो का शनिवार को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में राजकीय स्वागत किया गया। इस मौके पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। बता दें कि राष्ट्रपति लॉरेन्स के इस यात्रा के बाद भारत और अंगोला के बीच व्यापार, ऊर्जा और शिक्षा जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने की उम्मीद की जा रही है।

## ईडी के 98 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ, टीएमसी नेता साकेत गोखले ने लगाया बड़ा आरोप

**नई दिल्ली।** टीएमसी नेता साकेत गोखले ने ईडी प्रमुख के उस बयान पर निशाना साधा है, जिसमें ईडी प्रमुख ने कहा कि 2014 के बाद ईडी द्वारा दर्ज मामलों में तेजी आई है। इस पर टीएमसी नेता मोदी सरकार को घेरा है। टीएमसी नेता साकेत गोखले ने आरोप लगाया है कि ईडी के 98 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ दर्ज हुए हैं। टीएमसी नेता ने कहा कि बचे हुए दो प्रतिशत लोग वो हैं, जो भाजपा में शामिल हो गए। गोखले ने ईडी निदेशक राहुल नवीन के गुरुवार को दिए बयान का हवाला दिया, जिसमें राहुल नवीन ने कहा कि 2014 से पहले धन शोधन विरोधी कानून काफी हद तक अप्रभावी था, लेकिन 2014 के बाद ईडी द्वारा दर्ज मामलों में उल्लेखनीय तेजी आई है। इस पर निशाना साधते हुए टीएमसी नेता ने दावा किया कि 2014 के बाद ईडी द्वारा दर्ज मामलों में उछाल मोदी सरकार के इशारे पर हुआ, जो उसी साल सत्ता में आए थे। एक्स पर साझा एक पोस्ट में गोखले ने कहा, कल, केंद्रीय एजेंसी ईडी के प्रमुख ने स्वीकार किया कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद दर्ज मामलों में उछाल आया है। उन्होंने कहा, पिछले 11 वर्षों में ईडी द्वारा कुल 5,297 मामले दर्ज किए गए। कितने मामलों में सुनवाई के लिए अदालत में ले जाया गया? केवल 47। टीएमसी के राज्यसभा सांसद साकेत गोखले ने कहा कि ईडी मामलों में दोषसिद्धि दर केवल 0.7 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि दर्ज किए गए हर 1000 मामलों में से केवल सात मामलों में ही आरोपी दोषी पाए गए।

**सांसद**

टीएमसी के राज्यसभा सांसद साकेत गोखले ने कहा कि ईडी मामलों में दोषसिद्धि दर केवल 0.7 प्रतिशत है।




हर 1000 मामलों में से 993 मामले ईडी द्वारा केवल इसलिए दर्ज किए जाते हैं ताकि किसी व्यक्ति को जेल में रखा जा सके, क्योंकि कठोर पीएमएलए कानून के तहत जमानत मिलना लगभग असंभव है। गोखले ने केंद्र पर जांच प्रक्रिया को सजा के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, इसका उद्देश्य प्रक्रिया को सजा में बदलना है, ताकि निर्दोष आरोपियों को ब्लैकमेल किया जा सके और उन्हें तोड़कर भाजपा के साथ आने के लिए मजबूर किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि ईडी दिवस के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए एजेंसी प्रमुख राहुल नवीन ने कहा कि पीएमएलए कानून 2003 में अधिनियमित किया गया था और 1 जुलाई, 2005 को यह लागू हुआ था, लेकिन शुरुआती वर्षों में यह काफी हद तक अप्रभावी था और इसके तहत प्रति वर्ष 200 से भी कम मामले दर्ज होते थे, जिनमें से अधिकतर मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों तक ही सीमित थे। हालांकि, 2014 के बाद प्रवर्तन निदेशालय की गतिविधियों में उल्लेखनीय तेजी आई है। 2014 से 2024 तक, 5,113 नई पीएमएलए मामलों से जुड़ी जांच शुरू की गईं, जो औसतन प्रति वर्ष 500 से अधिक मामले हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप ने पोप का उड़ाया मजाक? अमेरिकी राष्ट्रपति के ताजा पोस्ट पर हुआ विवाद

**समुदाय**

उल्लेखनीय है कि बीते हफ्ते ही पोप फ्रांसिस का निधन हुआ है, जिससे ईसाई समुदाय के लोग दुखी हैं।



**वॉशिंगटन।** एक यूजर ने ट्रंप की तस्वीर पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह कैथोलिक ईसाइयों को अपमान है। कुछ यूजर्स ने इस ईशनिंदा करार दिया है। वेटिकन सिटी में नए पोप को चुनने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में आने के बाद से किसी न किसी कारण से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। अब उन्होंने कुछ ऐसा कर दिया है, जिससे बड़ी संख्या में लोग नाराज हो गए हैं। दरअसल उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर अपनी एक इमेज पोस्ट की है। यह एआई जेनरेट इमेज है, जिसमें डोनाल्ड ट्रंप ईसाइयों को सबसे बड़े धर्मगुरु पोप की वेशभूषा में नजर आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बीते हफ्ते ही पोप फ्रांसिस का निधन हुआ है, जिससे ईसाई समुदाय के लोग दुखी हैं। ऐसे वक्त में ट्रंप द्वारा खुद को पोप दिखाने पर विवाद हो गया है। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में अपने एक बयान में मीडिया से बात करते हुए मजाक में कहा था कि मैं पोप बनना चाहता हूं। ये मेरी पहले नंबर की इच्छा है। अब ट्रंप ने पोप की वेशभूषा में अपनी एआई जेनरेट इमेज पोस्ट करके कई लोगों को नाराज कर दिया है। सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे पोप जैसे धार्मिक शीर्ष पद का मजाक उड़ाने के तौर पर देखा है। वहीं कुछ ने इसे व्यंग्य से जोड़कर देखा है और ट्रंप की सराहना की है। एक यूजर ने ट्रंप की तस्वीर पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह कैथोलिक ईसाइयों को अपमान है। कुछ यूजर्स ने इस ईशनिंदा करार दिया है। वेटिकन सिटी में नए पोप को चुनने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालने के बाद समलैंगिक समुदाय और अवैध अप्रवासियों के खिलाफ जो रुख अपनाया है, उसकी पोप फ्रांसिस ने तीखी आलोचना की थी। साल 2016 में जब ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे थे तो उन्होंने अमेरिका और कनाडा की सीमा पर दीवार बनाने का प्रस्ताव दिया था। इसकी भी पोप फ्रांसिस ने आलोचना की थी और ट्रंप का नाम लिए बगैर कहा था कि एक व्यक्ति दीवार बनाने के बारे में सोच रहा है न कि पुल बनाने के। वह ईसाई नहीं है। पोप के बयान पर ट्रंप ने नाराजगी भी जताई थी। साल 2017 में जब ट्रंप ने वेटिकन का दौरा किया था तो उनकी पोप फ्रांसिस से मुलाकात भी हुई थी।

## लगातार उकसावे की कार्रवाई कर रहा पाकिस्तान, भारत से तनाव के बीच किया अब्दाली मिसाइल का परीक्षण

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के रुख से डरे पाकिस्तान ने शनिवार को अब्दाली मिसाइल का परीक्षण किया है। रिपोर्ट्स की मानें तो अब्दाली मिसाइल का परीक्षण पाकिस्तान ने सोनमियानी रेंज में किया है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के साथ बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तान ने शनिवार को अब्दाली मिसाइल का परीक्षण किया है। अब्दाली हथियार प्रणाली, 450 किलोमीटर की रेंज वाली सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। पाकिस्तान की ओर से यह परीक्षण ऐसे समय किया गया है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस प्रक्षेपण का उद्देश्य सैनिकों की अभियानगत तत्परता सुनिश्चित करना और मिसाइल की उन्नत नौवहन प्रणाली तथा उन्नत गतिशीलता विशेषज्ञताओं सहित प्रमुख तकनीकी मापदंडों की जांच करना था। सेना ने अभ्यास के बारे में विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि मिसाइल प्रक्षेपण अभ्यास इंडस का हिस्सा था, जो सफल रहा है।

**प्रक्षेपण**

सेना ने अभ्यास के बारे में विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि मिसाइल प्रक्षेपण अभ्यास इंडस का हिस्सा था, जो सफल रहा है।



प्रशिक्षण प्रक्षेपण में सेना सामरिक बल कमान के कमांडर, सामरिक योजना प्रभाग, सेना सामरिक बल कमान के वरिष्ठ अधिकारी आदि मौजूद थे। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुखों ने सैनिकों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी। उन्होंने किसी भी आक्रमण के खिलाफ विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोध सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने के लिए पाकिस्तान के सामरिक बलों की तैयारियों और तकनीकी दक्षता पर पूरा भरोसा जताया। पाकिस्तानी सेना के यह पैंतरे पहले से तनावपूर्ण माहौल को और खराब कर रहे हैं। ऐसे में जानकारों का मानना है कि पाकिस्तान एक सोची-समझी रणनीति के तहत यह खतरनाक दुस्साहस कर रहा है। हालांकि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि पाकिस्तान को यह दुस्साहस भारी पड़ सकता है। पाकिस्तान तनाव की आग में उकसावे का बारूद झोंकने की पूरी कोशिश में जुटा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी सेना इस कदर घबराई हुई है कि पाकिस्तानी सेना ने पहले 23 अप्रैल की रात को मिसाइल परीक्षण का नोटिस जारी किया था, लेकिन किसी बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण नहीं किया गया। इसके बाद 26-27 अप्रैल को भी पाकिस्तानी नौसेना द्वारा कराची के तट पर मिसाइल परीक्षण का नोटिस जारी किया गया, लेकिन तब भी कोई मिसाइल लॉन्च नहीं की गई। 2 मई को भी पाकिस्ता ने भारत के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन के नजदीक मिसाइल परीक्षण का नोटिफिकेशन जारी किया गया, लेकिन इस बार भी कोई परीक्षण नहीं किया गया।

## यूक्रेन के खारकीव पर रूस का ड्रोन हमला, 47 लोग घायल; जेलेंस्की ने की और मजबूत मदद की अपील



**कीव।** रूस ने एक बार फिर यूक्रेन के खारकीव शहर पर भीषण ड्रोन हमला किया। इस हमले में 47 लोग घायल हो गए। 12 जगहों पर हमले से इमारतें और वाहन क्षतिग्रस्त हुए। वहीं राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सहयोगी देशों से मजबूत एयर डिफेंस की मांग की। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर शुक्रवार देर रात रूसी ड्रोन हमले में 47 लोग घायल हो गए। मामले में खारकीव के मेयर इहोर तेरेखोव ने बताया कि 12 जगहों पर ड्रोन गिरे, जिससे रिहायशी इलाकों, नागरिक ढांचे और गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। वहीं रूस के इस हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अपने सहयोगी देशों से मजबूत और निर्णायक समर्थन की अपील की।

हमले के बाद अपने सहयोगी देशों से मदद की अपील करते हुए जेंलेस्की ने कहा कि जब दुनिया फैसलों में देर करती है, तब हर रात यूक्रेन के लिए एक डरावना सपना बन जाती है। उन्होंने कहा कि हमें और मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम की जरूरत है। मामले में यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक, रूस ने शुक्रवार रात 183 ड्रोन और डिकॉय लॉन्च किए, जिनमें से 77 को मार गिराया गया, जबकि 73 इलेक्ट्रॉनिक जामिंग के चलते नष्ट हो गए। इसके अलावा 2 बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी गईं। हालांकि रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसने 170 यूक्रेनी ड्रोन, 8 क्रूज मिसाइलें और 3 गाइडेड मिसाइलें रोकी हैं। इसके साथ ही दक्षिणी रूस के नोवोरोसिस्क बंदरगाह शहर में भी ड्रोन हमले में 4 लोग घायल हो गए, यह जानकारी क्रास्नोदार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंद्रात्येफ ने दी।

गौरतलब है कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिका और यूक्रेन के बीच एक समझौता हुआ है, जिसके तहत अमेरिका को यूक्रेन के खनिज संसाधनों तक पहुंच मिलेगी। इस समझौते से यूक्रेन को सैन्य सहायता मिलने की उम्मीद है, खासकर तब जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

## अमेरिका ने सऊदी अरब को एयर-टू-एयर मिसाइल बेचने की दी मंजूरी, डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा से पहले बड़ा सौदा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने सऊदी अरब को 3.5 अरब डॉलर की एयर-टू-एयर मिसाइलें बेचने की मंजूरी दी है। यह सौदा ट्रंप की आगामी सऊदी यात्रा से पहले हुआ है। डील में 1,000 ढ्ढरू120ष्ट-8 मिसाइलें शामिल हैं। हालांकि मामला अभी अमेरिकी कांग्रेस के पास जाएगा, जहां इसपर विचार किया जाएगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस महीने सऊदी अरब की प्रस्तावित यात्रा करने वाले है। ट्रंप की इस यात्रा से पहले ही अमेरिका ने सऊदी अरब के साथ अपने संबंधों को लेकर अपना रुख साफ करते हुए सऊदी अरब को 3.5 अरब डॉलर (करीब 29 हजार करोड़ रुपये) की एयर-टू-एयर मिसाइलें बेचने की शुरुआती मंजूरी दे दी है। माना जा रहा है कि अमेरिका द्वारा सऊदी अरब को एयर-टू-एयर मिसाइलें बेचने की मंजूरी ट्रंप की सऊदी यात्रा के दौरान घोषित होने वाले कई समझौतों में से एक हो सकता है। मामले में अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने बयान जारी कर बताया कि यह प्रस्तावित बिक्री अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा लक्ष्यों का समर्थन करती है। यह खाड़ी क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक प्रगति में मददगार एक साझेदार देश की सुरक्षा को बेहतर बनाएगी। बता दें कि इस सौदे के तहत सऊदी अरब को 1,000 ढ्ढरू120ष्ट-8 एडवांस्ड एयर-टू-एयर मिसाइलें, उनके गाइडेंस सिस्टम और तकनीकी सपोर्ट मिलेगा। ये मिसाइलें अमेरिका की कंपनी ऋझ्रङ्ग ष्टश्चह्ल्श्च, टक्सन (एरिज़ोना) में बनाएगी। सऊदी रॉयल एयरफोर्स के पास अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्न्न-15 लड़ाकू विमान बेड़ा है। हालांकि ट्रंप प्रशासन के मंजूरी के बाद अब यह प्रस्ताव अमेरिकी कांग्रेस के पास जाएगा, जहां सांसद इस पर चर्चा करेंगे और चाहें तो इसे रोक भी सकते हैं।



सऊदी अरब को लेकर अमेरिकी कांग्रेस में पहले भी नाराजगी रही है। कारण है कि 2015 में यमन युद्ध के दौरान सऊदी हमलों में नागरिकों की मौत हुई थी।

2018 में वॉशिंगटन पोस्ट के पत्रकार जमाल खशोगी की इस्तांबुल में सऊदी वाणिज्य दूतावास में हत्या के बाद विवाद और बढ़ गया। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि यह हत्या क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के आदेश पर हुई, हालांकि सऊदी सरकार इससे इनकार करती है। ऐसे में ट्रंप प्रशासन का ये फैसला रिश्तों को नई दिशा दे सकता है।

राष्ट्रपति रहते हुए भी और बाद में भी ट्रंप के खाड़ी देशों से नजदीकी रिश्ते रहे हैं। उनकी रियल एस्टेट कंपनी ने भी इस क्षेत्र में सौदे किए हैं। 2017 में ट्रंप ने परंपरा तोड़ते हुए अपनी पहली विदेश यात्रा सऊदी अरब से शुरू की थी। अब 2025 में भी वे पहले सऊदी ही जा रहे हैं, जबकि वो पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के लिए इटली जरूर गए थे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने सुनी लोगों की जनसमस्याएं

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में मछलीशहर के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जन शिकायतों के निस्तारण के क्रम में ग्राम रामपुर कला की निवासी सावित्री देवी द्वारा खतौनी में गलत नाम दर्ज होने पर शिकायत दर्ज करायी गयी, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा लेखपाल को निर्देशित किया गया कि तत्काल खतौनी में नाम संशोधन कराते हुए अवगत कराये, जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में खतौनी में संशोधन करते हुए खतौनी उपलब्ध करा दी गयी। जिलाधिकारी के समक्ष निकामुद्दीनपुर निवासी कार्तिक पुत्र लालता प्रसाद ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत लोन देने में देरी की जा रही है जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए एसबीई शाखा मछलीशहर के प्रबन्धक को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि 02 दिन के भीतर सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए लोन देना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। जिलाधिकारी के समक्ष ग्राम सलारपुर तहसील मछलीशहर के निवासी लल्लन पुत्र मोहन ने अवगत कराया कि उनकी पट्टा की जमीन को गलत तरीके से दूसरे को वरासत कर दी गयी है जिस पर जिलाधिकारी ने कानूनगो और लेखपाल को निर्देशित किया कि आज ही गांव में जाये, रात्रि विश्राम गांव में ही करें और पंचायत भवन में खुली बैठक कराते हुए पूरी तस्दीक कर प्रकरण का निस्तारण कर अवगत करायें। ग्राम गोवर्धनपुर के रामचन्द्र ने पत्थरगडडी कराने का प्रार्थना पत्र दिया जिस पर जिलाधिकारी ने कानूनगो और लेखपाल को प्रकरण का निस्तारण कर अवगत कराने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सर्वाधिक भूसा दान करने वाले संतोष दूबे, डा0 आर बी चौहान, राजीव सिंह सहित अन्य जिनके द्वारा गो-आश्रय स्थलों में भूसा दान किया गया था उन्हे प्रमाण-पत्र और पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पुलिस और राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि जमीन विवाद और आपसी विवाद एक ही विषय से सम्बन्धित होते है इस लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों और पुलिस विभाग के समन्वय से ही इसका निस्तारण हो सकता है। दोनों पक्षों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए शिकायत का निस्तारण करें। उन्होंने राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित किया कि 20 पैमाइस से कम पत्थरगड्डी करें तो वेतन आहरण नही किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील के समस्त लेखपालों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता की छोटी-छोटी समस्याएँ जिनका तत्काल निस्तारण किया जा सकता है उसके लिए किसी व्यक्ति को परेशान न किया जाये। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है अतः इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या उदासीनता अक्षम्य होगी। सम्पूर्ण समाधान दिवसा में कुल 253 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 05 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्तान्तरित करते हुए जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 रामअक्षयबर चौहान की अध्यक्षता में तहसील केराकत के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में अन्य तहसीलों में भी फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

# परमात्मा से जुड़कर ही उनके सारे खजाने प्राप्त कर सकते हैं: ब्रह्माकुमारी पूनम बहन

- समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित, भक्ति गीतों पर झूमे महिलाएं

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सिटी पब्लिक स्कूल में आयोजित नौ दिवसीय अलविदा तनाव कार्यक्रम के आनंद उत्सव सत्र में तनाव मुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने हर व्यक्ति को जीवन में विपत्ति के समय सच्चा सहारा,सर्व संबंधों का प्यार, सात्विक आनंद, सुरक्षा का अनुभव आदि मानव जीवन में परमात्मा की आवश्यकता का वर्णन किया।

मुख्य अतिथि विधायक पंकज पटेल, पुष्पा शुक्ला, बिजेंद्र जायसवाल, सभासद वीरेंद्र पटेल, कोमल केशरी, सत्यभामा ऊमरवैश्य, मनोज जायसवाल, प्रिया ऊमरवैश्य, वर्षा केसरी, शैलेंद्र साहू व बीना ऊमरवैश्य आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक पंकज पटेल ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्था में आने से एक अलग प्रकार की मन की शांति का अनुभूति होता है। अतिथियों ने एक साथ कैंडल जलाकर विश्व की शांति की कामना की। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को ब्रह्माकुमारी पूनम बहन व संचालिका अनीता दीदी ने अंगवस्त्रम पहना व ईश्वरी सौगात भेंट कर सम्मानित किया। खुश होकर गा रहा है.... गीत पर परमात्मा मिलन का अनुभव करते हुए पुष्प वर्षा कर आनंद उत्सव मनाया गया। आनंद का दिन आया रे.... गीत पर गोप - गोपी बने बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कान्हा रे थोड़ा सा प्यार दे.... गीत पर महिलाओं व पुरुषों ने रास करते जमकर झूमें। इस दौरान इंदौर से आई तनामुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने कहा कि परमात्मा से जुड़कर ही सारे खजाने की चाभी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन राज पाल ने किया। इस अवसर पर अरविंद बच्चा, शिवकुमार,सी के ,जितेंद्र, संजय, सुभाष मिश्रा, ज्ञानचंद केसरी, विपिन जिम्मी,अंकित, राजकुमार ऊमरवैश्य, राजकुमार जायसवाल संतोष गुप्ता, रंजीत गुप्ता, नीरज, पल्लवी जयसवाल व उमाशंकर आदि लोग मौजूद रहे।

## शुभम द्विवेदी की अस्थियां संगम में विसर्जित



**प्रयागराज।** पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी के परिजन उनका अस्थि कलश लेकर आज संगम में प्रवाहित करने पहुंचे। उन्होंने पूर्ण वैदिक रूप से अस्थि विसर्जन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी, कांग्रेस नेता व इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष संजय तिवारी, जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद, फूजैल हाशमी, मुकुंद तिवारी, इरशाद उल्ला, लल्लन पटेल, विनय पांडेय, अब्दुल कलाम आज़ाद, श्वेता श्रीवास्तव, चंद्र विशाल, बृजेश सिंह, अभिषेक शुक्ला आदि लोगों ने श्रद्धा सुमन अस्थि कलश पर चढ़कर द्विवेदी को श्रद्धांजलि दिया तथा उनकी पत्नी और परिवार से मिलकर हार्दिक संवेदना व्यक्त किया। इस दुःखद घड़ी में पूरा देश शोकाकुल परिवारों के साथ खड़ा है। आतंकियों के ख़िलाफ़ सख्त और ठोस कार्रवाई होनी चाहिए और पीड़ित परिवारों को न्याय मिलना चाहिए। शुभम की फोटो लेकर उनकी पत्नी स्वयं चल रही थी।

## महाकुंभ की सफलता के लिए सीएम का जताया आभार



**प्रयागराज।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात कर प्रयागराज महाकुंभ 2025 की सफलता व श्रृंगवेरपुर धाम के बहुमुखी विकास के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ गौर के साथ भाजपा प्रयागराज महानगर के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र भी उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ गौर ने मुख्यमंत्री से प्रयागराज लखनऊ मार्ग के चौड़ीकरण व इस मार्ग को अच्छा बनवाने के लिए सीएम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मार्ग के अधूरे कार्यो को पूरा करने के अनुरोध के साथ फाफामऊ स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय से अवैध कब्जे को हटाने के लिए अपेक्षित आदेश करने का निवेदन किया। पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से बात करते हुए उन्हें कुछ प्रतिवेदन सौंपे। राकेश भारती, किसान मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष अंजनी सिंह, एडवोकेट अनिल सिंह, डॉ गौरव सिंह भी मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान उपस्थित रहे।

## लाठी डंडों से पीटकर युवक की हत्या

**प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के पियरी गांव में शराब की दुकान पर हुए विवाद में 26 वर्षीय अनंत जीत विश्वकर्मा पुत्र जीत लाल विश्वकर्मा की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना बीती रात करीब 10 बजे की है। परिजनों के अनुसार गांव के कुछ लोगों ने अनंत जीत को शराब की दुकान पर बुलाया। वहां किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से अनंत जीत पर हमला कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें गांव के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मेजा एसीपी रवि गुप्ता ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने में जुटी है। जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से गांव में तनाव का माहौल है।

# वक्फ के नाम पर सियासी पार्टियां लोगों को बरगलाने का काम कर रही हैं : पुष्पराज सिंह

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने पत्रकारों से वक्फ कानून की खूबियां बताई। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के नाम पर भूभाफियों ने जमीनों पर कब्जा किया ऐसी जमीनों पर अब सरकार मुस्लिमों के बच्चों के लिए स्कूल, कॉलेज और अस्पताल बनाएगी।

जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि वक्फ सुधार जन जागरण अभियान 2025 को देशभर में शुरू करने का उद्देश्य यह है कि इसका कुछ तत्वों के द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है कुछ लोग गुमराह करने का काम कर रहे हैं। जहां तक वक्फ का विषय है अक्सर ये नैरेटिव फैलाने का प्रयास किया जा रहा है कि ये मुसलमान समुदाय के खिलाफ है जबकि वास्तविकता और हकीकत यह है कि यह मुसलमान समुदाय के हक में ही लाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि वक्फ कानून से सामान्य नागरिकों के साथ ही सरकारी संपत्तियों की रक्षा होगी।भूमाफियायों ने वक्फ बोर्ड की आड़ में जमीनों पर कब्जा किया था अब इन जमीनों का इस्तेमाल मुसलमानों के विकास में किया जाएगा इससे भारत के विकास की गाथा आगे बढ़ेगी। कानून को बहुत सरल तरीके से बनाया गया है जौनपुर में सरकारी जमीनों पर वक्फ बोर्ड के दावों के संबंध में कहा कि प्राथमिक जांच में कुछ संपत्तियां सामने आई हैं। जांच के बाद राजस्व परिषद इस पर निर्णय लेगा कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट में गए लोगों ने कहा कि इससे हमारे अधिकार छिन जाएंगे जबकि इससे किसी का अधिकार नहीं छिनने वाला है। वक्फ बिल में गैर मुस्लिम के शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी तक वक्फ बोर्ड में मुस्लिम ही थे विसंगतियों को दूर करने के लिए सरकार ने बोर्ड में हर समुदाय के लोगों के रहने का प्रावधान किया है। उक्त अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह जिला सह सन्योजक अनिल गुप्ता उपस्थित रहे।

## एसबीआई के फील्ड अफसर की मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज के कैंट थाना क्षेत्र में एसबीआई के फील्ड अफसर की इलाज के दौरान मौत हो गई। लखनऊ निवासी 50 वर्षीय कुलदीप अवस्थी अशोक नगर स्थित एक गेस्ट हाउस से बाहर निकलते समय बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत बेली अस्पताल पहुंचाया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कुलदीप तपोवन इलाके में किराए के मकान में अपनी पत्नी दीप्ति और दो बेटियों काव्या और पल्लवी के साथ रहते थे।

उनके एक करीबी ने बताया कि कुलदीप कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। गेस्ट हाउस जाते समय भी उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। कैंट थाना प्रभारी सुनील कुमार के अनुसार, परिवार की ओर से अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चलेगा। कुलदीप की अचानक मौत से परिवार और कार्यालय में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईलाज के दौरान महिला की मौत ,पति से अच्छे संबंध न होने के कारण न्यायालय में चल रहा है मुकदमा



**आजमगढ़।** मुबारकपुर के ग्राम रसूलपुर में 30 वर्षीय निशा देवी की हुई मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप मृतक के परिजन के कथनानुसार 2016 में हुई थी शादी,पति से अच्छे संबंध न होने के कारण माननीय न्यायालय में चल रहा था। मुकदमा अब खबर विस्तार से खबर आजमगढ़ मुबारकपुर के ग्राम रसूलपुर की है जहाँ लगभग 30 वर्षीय निशा सोनकर जो खुरहट के ग्राम गिनहापुर मऊ की निवासी थी की मौत हो गयी निशा सोनकर के 2 बच्चे है बेटी लगभग 6वर्ष और बेटा लगभग 2 वर्ष है मृतक के परिजनों के कथनानुसार निशा सोनकर की शादी 2016 में लक्ष्मी सोनकर से हुई थी जो रसूलपुर मुबारकपुर का निवासी है मृतक के परिजनों ने बताया कि पति पत्नी के संबंध अच्छे न होने के कारण मननीय न्यायालय में मुकदमा चल रहा था जिसके कारण मृतक निशा सोनकर अपने पिता के घर खुरहट में ही रहती थी और आज ही वो ससुराल आयी थी जहाँ उसकी मृत्यु हो गयी परिजनों ने मृतक के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है खबर लिखने तक मृतक के शव को प्रशासन द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जाति जनगणना कराने के ऐतिहासिक फैसले का किया स्वागत



**आजमगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जाति जनगणना कराने के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा आजमगढ़ लालगंज के नेतृत्व में किया गया। आजमगढ़ लालगंज के कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल नगाड़े बजाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा देश का जो सबसे बड़ा मुद्दा था माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जाति जनगणना कराने का ऐतिहासिक फैसला लेकर देश के पिछड़ों वंचितों शोषितों को उनका अधिकार हक दिलाने का काम किया है पिछड़ा समाज सदैव प्रधानमंत्री जी का आभारी रहेगा इस मौके पर आजमगढ़ ओबीसी मोर्चा के जिलाअध्यक्ष इंद्रेश चौहान लालगंज जिलाअध्यक्ष रत्न गुप्ता जिला महामंत्री मिथिलेश चौरसिया जिला उपाध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा जय जय राम प्रजापति हरिकेश राजभर रवि गुप्ता सौरभ गुप्ता सनी यशपाल चौहान उमेश विश्वकर्मा डॉक्टर अरुण चौरसिया हरिश्चंद्र चौरसिया जगपाल चौरसिया सुशील चौरसिया हरेंद्र चौरसिया गिरजानंद चौरसिया मुंशी निषाद गोलू गुप्ता दीपक मौर्य आशीष गुप्ता मंडल अध्यक्ष हनुमान चौहान जय श्री चौहान सुनील यादव सुशील सेठ संदीप सेठ आनंद नीरज सिंह संतोष पासवान सूरज सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### रोजगार मेले का आयोजन 6 मई को

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में 06 मई को प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। उक्त मेलों में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा लगभग 600 रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। रोजगार मेलों में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आई0टी0आई0, डिप्लोमा उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीयन करके अपने समस्त अंक-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण रोजगार संगम पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। इस मेले में प्रतिभाग हेतु यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## नैनी- छिवकी जंक्शन पर स्टालों और टिकट की जांच

**प्रयागराज।** प्रयागराज में नैनी और छिवकी जंक्शन पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म, यात्री शेड, विश्राम स्थल, कैंटीन स्टॉल और पार्किंग का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान खान-पान की व्यवस्था में कमियां मिलीं। नैनी जंक्शन के 15 स्टॉल पर 5 लाख और छिवकी जंक्शन के 8 स्टॉल पर 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। टिकट चेकिंग अभियान में 394 लोगों से 1 लाख 93,735 रुपए वसूले गए।हिमांशु शुक्ला ने कहा कि गर्मी के मौसम में यात्रियों को बेहतर खान-पान और शुद्ध पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। स्टालों पर ग्लूकोज, इलेक्ट्रॉल पाउडर और दवाओं की उपलब्धता अनिवार्य की गई है। मानक पूरे न करने वाले स्टॉल तत्काल बंद किए जाएंगे। पार्किंग नियमों का भी सख्ती से पालन कराया जाएगा। जंक्शन एरिया में अनधिकृत ऑटो या रिक्शा मिलने पर चालक और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

# अखिल भारतीय नौजवान सभा का 14वां जिला सम्मेलन अखिल भारतीय

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** शनिवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय आजमगढ़ में अखिल भारतीय नौजवान सभा का 14 वा जिला सम्मेलन हुआ जिसके पर्यवेक्षक उप्र के महामंत्री अमजदशाह रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता मो सऊद ने और संचालन मो शेख ओबेदुल्ला ने किया। संगठन के महामंत्री अमजद शाह ने सम्मेलन की शुरुवात करते हुए कहा कि आज देशभर जहां जाति,धर्म और संप्रदाय के आधार पर लोगों में नफ़रत फैलाई जा रही है।वहीं हम नौजवान सभा का सम्मेलन जगह जगह कर रहे हैं। बेरोजगारी से नौजवान सड़क पर घूम रहा है। उसे काम देने के बजाय जाति धर्म में उलझाकर नफ़रती बनाया जा रहा है।जिससे नौजवान अपने सवाल सरकार से न कर सके।शाह ने बताया कि 5 व 6 अप्रैल को मऊ में राज्य सम्मेलन हो रहा है। जिसमें प्रदेश के कोने कोने से नौजवान साथी भाग लेंगे।उन्होंने आजमगढ़ से मऊ जाने के लिए अपील किया। सम्मेलन में कई साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए ।संगठन की नई जिला कार्यसमिति नौ लोगों की बनाई गई। जिसमें मो शेख ओबैदुल्ला को जिला अध्यक्ष अब्दुल्लाह,सुनील कुमार को उपाध्यक्ष,रमेश कुमार को जिला सचिव,मो सऊद, सफ़ात अहमद को सहायक सचिव,अजय कुमार तिवारी को कोषाध्यक्ष तथा रिजवान खा,राजीव कुमार को सदस्य सर्व सम्मति से चुना गया। सीपीआई जिला सचिव जितेंद्र हरि पाण्डेय ने सम्मेलन में उपस्थित लोगों के प्रति आभार जताया। सम्मेलन में मुख्यरूप से इसकफ के जिला अध्यक्ष सफ़ीक अहमद, ओ पी मौर्य,डॉ तारिक खान,मनोज कुमार यादव,अब्दुल मुगीज,मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।

## पहलगाम आतंकी हमले की निंदा, निकाला कैंडल मार्च

**प्रयागराज।** सेवा समिति संस्थान, प्रयागराज द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन क्षेत्र में मंगलवार को हुए बर्बर आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा की गई। इस दर्दनाक घटना में आतंकियों ने धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों को गोली मार दी, जिसमें 27 नागरिकों की निर्मम हत्या हो गई तथा कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मानवता को झकझोर देने वाली इस घटना के विरोध में सेवा समिति ने रामबाग स्थित कार्यालय से मौन धारण करते हुए कैंडल मार्च निकाला। समिति ने इसे सामाजिक समरसता और भारतीय सभ्यता के मूल्यों पर सीधा आघात बताया, जिसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। सेवा समिति, प्रयागराज के महामंत्री एवं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने इस कायरतापूर्ण हमले को अत्यंत दुखद, पीड़ादायक और घोर निंदनीय बताया। उन्होंने कहा, हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक-संतप्त परिवारों को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान प्रमोद शुक्ल, मनोज, राम नरेश त्रिपाठी पिंडिवासा,पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन शैलेन्द्र द्विवेदी, संजय शुक्ला, आदि की उपस्थिति रही।

# शुभम का बलिदान आतंकियों को मिटा देगा नामोंनिशान: महापौर

- पहलगाम आतंकी हमले में शहीद शुभम द्विवेदी का अस्थि कलश संगम पर पहुँचा, महापौर गणेश केसरवानी ने दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी का अस्थि कलश शुक्रवार को संगम तट पर पहुँचा। जहाँ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ उनका अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी भी उपस्थित रहे और उन्होंने शहीद के परिवार के साथ मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित की। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि शहीद शुभम द्विवेदी की वीरता और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शुभम द्विवेदी की शादी इसी वर्ष 12 फरवरी को हुई थी। वे अपनी पत्नी के साथ कश्मीर की यात्रा पर गए थे, जहाँ 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी। यह हमला देशभर में आक्रोश का कारण बना और विभिन्न नेताओं ने इसकी कड़ी निंदा की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस घटना को ÷कायरतापूर्ण÷ बताते हुए शोक व्यक्त किया और शहीद के परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। महापौर ने कहा कि शुभम् द्विवेदी को शहीद का दर्जा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। संगम तट पर हुए इस श्रद्धांजलि समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और शुभम के परिजन उपस्थित थे। सभी ने नम आँखों से शहीद को अंतिम विदाई दी और उनकी वीरता को सलाम किया।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इत्तेफाक से आज शूभम द्विवेदी का जन्मदिन था। शुभम् दिवेद्वी के चचेरे भाई सौरभ द्विवेदी, ने अस्थि कलश संगम में विसर्जित किया इस दौरान पिता मनोज द्विवेदी, पत्नी एशन्या द्विवेदी उपस्थित रहे। इस दौरान पार्षद दिग्विजय कुशवाहा, तीर्थराज पांडेय, सुभाष चंद्र वैश्य, राजेश केसरवानी, भरत निषाद, राजेश पाठक, हिमालय सोनकर, विवेक मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# बाइक सवार अधिवक्ता को बदमाशों ने मारी गोली

- गंभीर हालत में एसआरएन रेफर

अवधनामा संवाददाता



**बदमाशों की खोजबीन जारी**
डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत के अनुसार घायल अधिवक्ता ने दो संदिग्ध व्यक्तियों के नाम लिए हैं, उनका जमीन को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा है, हमलावरों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है।

**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र के कल्याण शाह का पूरा गांव के पास ददौली लकड़मंडी के पास अज्ञात बदमाशों ने बाइक सवार अधिवक्ता को गोली मार दी। लहूलुहान अधिवक्ता सड़क के किनारे गिर गए। यह देखकर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। हमलावरों के बारे में कुछ पता नहीं चल सका है। घायल अधिवक्ता मान सिंह यादव किंगरिया का पूरा थाना मऊआइमा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। अधिवक्ता को दो गोली मारी गई है। इससे इलाके में दहशत फैल गई है। प्रारंभिक जांच पड़ताल में जमीन को लेकर विवाद की बात सामने आ रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के किगिरियां का पूरा गांव के रहने वाले अधिवक्ता मान सिंह यादव पुत्र फूलचंद जनपद न्यायालय में वकालत करते हैं। वह शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने घर से मोटरसाइकिल से सोरांव तहसील जा रहे थे। इस दौरान वह सोरांव थाना क्षेत्र के कल्याण शाह का पूरा गांव के सामने प्रयागराज प्रतापगढ़ हाईवे पर पहुंचे थे कि पीछे से बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी। गोली मारने वाले बदमाशों में से एक ने हेलमेट पहना था। दूसरे ने नकाब बांध रखा था।

मान सिंह यादव के पीठ मे गोली लगी है। घायल होने के बाद मान सिंह यादव गिर पड़े। उधर, फायरिंग की आवाज से ग्रामीण घटनास्थल के लिए दौड़े तभी हमलावरों ने दूसरा फायर भी झोंक दिया। उसके बाद हमलावर प्रतापगढ़ की तरफ भाग निकले। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सोरांव पुलिस ने गोली लगने से गंभीर रूप से घायल मानसिंह यादव को इलाज के लिए स्वरूप रानी अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में आपरेशन चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि अधिवक्ता को दो गोलियां मारी गई हैं, जिसमें एक गोली शरीर को भेदते हुए पार हो गई है, जबकि दूसरी फंसी हुई है।

# माफिया अतीक का करीबी असाद कालिया कासगंज जेल स्थानांतरित

- नैनी जेल से ट्रांसफर, तीन अन्य गुर्गे पहले ही दूसरी जेलों में भेजे गए

अवधनामा संवाददाता


**प्रयागराज।** नैनी केंद्रीय कारागार में निरुद्ध माफिया अतीक अहमद के करीबी असाद कालिया को कासगंज जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है। गुरुवार रात को ट्रांसफर आदेश मिलने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच उसे कासगंज के लिए रवाना किया गया।

असाद कालिया पर विभिन्न स्थानों में कुल आठ मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या, लूट का प्रयास और रंगदारी के मामले शामिल हैं। उमेश पाल हत्याकांड के बाद वह अतीक के बेटे और मुख्य शूटर असद के संपर्क में था। असद ने फरारी के दौरान कालिया से मदद मांगी थी।

करेली में प्रॉपर्टी डीलर जीशान उर्फ जानू पर 31 दिसंबर 2021 को हुए हमले में कालिया का नाम अतीक और उसके बेटे अली के साथ सामने आया था। इस मामले में फरार चल रहे कालिया पर 50 हजार का इनाम था। पुलिस ने अप्रैल 2023 में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल ने बताया कि मुख्यालय के आदेश पर यह स्थानांतरण किया गया है। इससे पहले नैनी जेल में बंद अतीक के तीन अन्य साथी आईएस 227 का शूटर आबिद प्रधान, मोहम्मद जावेद और गुलशन उर्फ गुलहसन को क्रमशः बागपत, अलीगढ़ और आगरा जेल भेजा जा चुका है।

# एसबीआई का चौथी तिमाही का मुनाफा 10 प्रतिशत घटकर 1643 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली।** एसबीआई ने नियामकीय फाइलिंग में बताया कि मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 1,43,876 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,28,412 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान बैंक ने 1,19,666 करोड़ रुपये की आय ब्याज से हासिल की, जबकि एक वर्ष पूर्व यह आंकड़ा 1,11,043 करोड़ रुपये था। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।



भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एक शुद्ध लाभ मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 10 प्रतिशत घटकर 18,643 करोड़ रुपये रह गया। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। देश के सबसे बड़े ऋणदाता ने 2023-24 की जनवरी-मार्च अवधि में 20,698 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

एसबीआई ने नियामकीय फाइलिंग में बताया कि मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 1,43,876 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,28,412 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान बैंक ने 1,19,666 करोड़ रुपये की आय ब्याज से हासिल की, जबकि एक वर्ष पूर्व यह आंकड़ा 1,11,043 करोड़ रुपये था।

बैंक ने परिसंपत्ति की गुणवत्ता में सुधार देखा, सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) चौथी तिमाही में कुल अग्रिमों के 1.82 प्रतिशत तक घट गईं, जो मार्च-अंत 2024 तक 2.24 प्रतिशत थीं। इसी तरह, शुद्ध एनपीए 0.57 प्रतिशत से घटकर 0.47 प्रतिशत हो गया।

समेकित आधार पर, तिमाही में एसबीआई का शुद्ध लाभ 8 प्रतिशत घटकर 19,600 करोड़ रुपये रह गया, जबकि एक साल पहले समान तिमाही में यह 21,384 करोड़ रुपये था। हालांकि, कुल आय 1,64,914 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,79,562 करोड़ रुपये हो गई।

संपूर्ण वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, बैंक ने पिछले वर्ष के 61,077 करोड़ रुपये के मुकाबले एकल आधार पर लाभ में 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 70,901 करोड़ रुपये की वृद्धि हासिल की।

बैंक के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025 के लिए प्रति इक्विटी शेयर 15.90 रुपये का लाभांश घोषित किया है। इसके अलावा, बोर्ड ने 2025-26 के दौरान क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी)/फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) या किसी अन्य तरीके से एक या अधिक किस्तों में 25,000 करोड़ रुपये (शेयर प्रीमियम सहित) तक की इक्विटी पूंजी जुटाने को मंजूरी दी है।

## 20 साल में 1.55 लाख करोड़ की संपत्ति अटैच

**नई दिल्ली।** ईडी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि देशभर में 100 विशेष पीएमएलए अदालतें होने के बावजूद मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की सुनवाई समय पर पूरी नहीं हो पाती। इसमें व्यवस्थागत व प्रक्रियात्मक बाधाएं आ रही हैं। कई अदालतें अन्य कानूनों के तहत मामलों के बोझ से दबी हुई हैं।

प्रवर्तन निदेशायल की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 50,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ती की जब्ती मुकदमेबाजी और स्थगन आदेश के कारण अटकी पड़ी है। इन संपत्तियों को ईडी ने धन शोधन निवारण कानून के तहत अनंतिम रूप से अटैच किया था।

जांच एजेंसी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच के दौरान उन संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच करने का अधिकार है, जिनके बारे में संदेह है कि वे अपराध की आय हैं। इस तरह के अनंतिम आदेश को जारी होने के 180 दिनों के भीतर उक्त कानून के न्यायाधिकरण की ओर से पुष्टि की जानी चाहिए।

# सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो की ओपन सेल्स 5 मई से शुरू

**नई दिल्ली।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग के सब-ब्रांड सीएमएफ ने आज फ़्लिपकार्ट, फ़्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के सभी प्रमुख रिटेल स्टोरों पर सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो के ओपन सेल की घोषणा की है, जो 5 मई दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। पहले दिन एक स्पेशल इंट्रोडक्टरी ऑफ़र के रूप में, फ़ोन 2 प्रो कम से कम 16,999 रुपये (सभी ऑफ़र सहित) में उपलब्ध होगा।अपने सेगमेंट में सबसे बेहतरीन थ्री-कैमरा सिस्टम, शानदार ब्राइट डिस्प्ले और प्रीमियम डिज़ाइन के साथ सीएमएफ बाय नथिंग ने 28 अप्रैल, 2025 को फ़ोन 2 प्रो को वैश्विक स्तर पर लॉन्च किया। सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो एक बेहतरीन डेली स्मार्टफ़ोन है।नथिंग द्वारा डिज़ाइन किया गया अब तक का सबसे पतला और हल्का स्मार्टफ़ोन। 7.8 मिलीमीटर



की मोटाई और मात्र 185 ग्राम वज़न के साथ, सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो लगभग भारहीन है - सीएमएफ फ़ोन 1 से 5त्न पतला। सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो व्हाइट, ब्लैक, ऑरंगी और लाइट ग्रीन रंग में उपलब्ध होगा,8+128 जीबी - 17,999 रुपये (बैंक या एक्सचेंज ऑफ़र सहित),8+256 जीबी - 19,999 रुपये (बैंक या एक्सचेंज ऑफ़र सहित) 5 मई को एक विशेष इंट्रोडक्टरी ऑफ़र के रूप में, सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो 8+128 जीबी वेरिएंट के लिए 16,999 रुपये और 8+256 जीबी वेरिएंट के लिए 18,999 रुपये (सभी ऑफ़र सहित) में उपलब्ध होगा।पहले दिन का एक्सचेंज ऑफ़र÷ सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो पर 1,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस और 1,000 रुपये का बैंक ऑफ़र (सभी प्रमुख बैंकों पर लागू) एक साथ उपलब्ध होंगे। सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो की बिक्री 5 मई, 2025 से फ़्लिपकार्ट, फ़्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और सभी प्रमुख रिटेल स्टोर पर शुरू होगी।सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो की एक्सेसरीज़ जल्द ही भारत में लॉन्च की जाएँगी।

## भारत ने पाकिस्तान से रोके सभी आयात

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान से वस्तुओं के किसी भी तरह के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात पर तत्काल रोक लगा दी है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से 02 मई को जारी एक अधिसूचना विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में एक प्रावधान जोड़ा गया है। इसके तहत अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान में पैदा हुए या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात पर रोक लगा दी गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक हितों को देखते हुए लिया गया है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि इस प्रतिबंध से छूट में किसी भी अपवाद के लिए भारत सरकार की मंजूरी की जरूरत होगी।

सरकार ने यह कदम पिछले महीने पहलगाम आतंकवादी हमलों के बाद उठाया है। इस बर्बर हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे। पाकिस्तान से आयात पर प्रतिबंध के बीच जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने एलान किया है कि पाकिस्तान का झंडा लगे जहाजों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भारतीय ध्वज वाले जहाज पाकिस्तान के किसी भी बंदरगाह पर नहीं जाएंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय व्यापार की फिलहाल क्या स्थिति है? पाकिस्तान से आयात पर तत्काल प्रतिबंध का इस व्यापार पर क्या असर पड़ेगा? आइए सबकुछ विस्तार से जानते हैं।

भारत की ओर से पाकिस्तान से आयात पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रतिबंध लगाने से देश में पड़ोसी देश से किसी भी तरह के माल की आवक रूक जाएगी। अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के बीच भारत ने पाकिस्तान को करीब 447.65 मिलियन अमेरीकी डॉलर का निर्यात किया था। दूसरी ओर, भारत ने इस दौरान पाकिस्तान से मात्र 0.42 मिलियन डॉलर का आयात किया। ताजा प्रतिबंध के बाद यह आयात पूरी तरह से बंद हो जाएगा।

# स्ट्रोक: जिसे साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है: डॉ. अनिल गुलाटी



स्ट्रोक, जिसे साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है, तब होता है जब मस्तिष्क में रक्त की आपूर्ति बाधित होती है, जिससे संभावित स्थायी क्षति होती है। मस्तिष्क के एक हिस्से में रक्त की आपूर्ति अचानक बाधित हो जाती है, या तो अवरुद्ध धमनी (इस्कीमिक स्ट्रोक) या रक्त वाहिका के टूटने (रक्तस्रावी स्ट्रोक) के कारण। स्ट्रोक तुरंत हमला कर सकता है, और प्रभावित मस्तिष्क कोशिकाएं कभी भी ठीक नहीं हो सकती हैं। इसके परिणाम हल्के नुकसान से लेकर आजीवन विकलांगता तक हो सकते हैं, जो क्षति की गंभीरता और स्थान पर निर्भर करता है। स्ट्रोक को विशेष रूप से खतरनाक बनाने वाली बात उनकी अप्रत्याशितता है। स्ट्रोक किसी को भी, कहीं भी, कभी भी हो सकता है। स्ट्रोक, साइलेंट किलर, कुछ या सूक्ष्म लक्षणों के साथ हो सकता है - अनदेखा करना आसान है, लेकिन अनदेखा करने पर घातक हो सकता है।

वैश्विक बोझ चौंका देने वाला है। अकेले 2021 में, 93.8 मिलियन लोग स्ट्रोक से पीड़ित थे, और दुनिया भर में 11.9 मिलियन नए मामले सामने आए। 1990 से 2019 तक, स्ट्रोक की घटनाओं में 70% की वृद्धि हुई, और स्ट्रोक से संबंधित मौतों में 43% की वृद्धि हुई। भारत में, स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है, देश में 2021 में 1.25 मिलियन से अधिक नए स्ट्रोक के मामले दर्ज किए गए, जो 1990 से 51% की वृद्धि है (फेगिन, 2021)। कार्रवाई करने का समय अभी है - क्योंकि ज्ञान जीवन बचा सकता है।

**चेतावनी के संकेतों को पहचानना**

स्ट्रोक से बचने और इसके प्रभाव को कम करने की कुंजी है समय रहते इसका पता लगाना। स्न्न..स्न्ज्ञ. विधि स्ट्रोक के संकेतों को पहचानने का एक आसान तरीका है-

चेहरा लटकना- क्या चेहरे का एक हिस्सा लटक जाता है या सुन्न हो जाता है? व्यक्ति से मुस्कुराने के लिए कहें। क्या उनकी मुस्कान असमान दिखती है?

हाथ की कमज़ोरी- क्या एक हाथ कमज़ोर या सुन्न है? व्यक्ति को दोनों हाथ ऊपर उठाने के लिए कहें। क्या एक हाथ नीचे की ओर झुकता है?

बोलने में कठिनाई- क्या व्यक्ति को बोलने में परेशानी हो रही है? उसे एक सरल वाक्य दोहराने के लिए कहें। क्या उसकी बोली अस्पष्ट या अजीब है?

आपातकालीन सेवाओं को कॉल करने का समय÷ यदि व्यक्ति में इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई देता है, तो तुरंत आपातकालीन सेवाओं को कॉल करें।

स्ट्रोक के मामले में समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। जितनी जल्दी किसी व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा मिलेगी, उसके ठीक होने की संभावना उतनी ही बेहतर होगी।

**स्ट्रोक के जोखिम को समझना और इसे कैसे रोकें**

स्ट्रोक किसी को भी हो सकता है, लेकिन कुछ जोखिम कारक स्ट्रोक होने की संभावना को काफी हद तक बढ़ा देते हैं। इनमें उच्च रक्तचाप (सबसे गंभीर जोखिम कारक), हृदय रोग, धूम्रपान, उच्च कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, मोटापा, स्ट्रोक का पारिवारिक इतिहास और 55 वर्ष से अधिक आयु शामिल हैं। पुरुषों को आम तौर पर अधिक जोखिम होता है, हालांकि महिलाओं को अक्सर अधिक गंभीर परिणाम देखने को मिलते हैं। शारीरिक निष्क्रियता और अस्वास्थ्यकर आहार भी जोखिम में योगदान करते हैं।

सौभाग्य से, कई स्ट्रोक रोके जा सकते हैं। नियमित जांच के माध्यम से रक्तचाप को नियंत्रित करना, फलों, सब्जियों और साबुत अनाज से भरपूर संतुलित आहार खाना, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, धूम्रपान छोड़ना, शराब सीमित करना और तनाव कम करना सभी जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं।

## एफपीआई ने इस हफ्ते भारतीय शेयरों में डाले 10000 करोड़ से अधिक

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजारों में 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया। इससे यह साफ हो गया कि घरेलू इक्विटी में विदेशी रुचि फिर से बढ़ने लगी है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने 28 अप्रैल से 2 मई के बीच इक्विटी में 10,073 करोड़ रुपये का निवेश किया।

आंकड़ों के अनुसार 2025 में पहली बार अप्रैल महीने में सकारात्मक शुद्ध एफपीआई प्रवाह देखा गया। अप्रैल में भारतीय इक्विटी में एफपीआई की ओर से शुद्ध निवेश 4,223 करोड़ रुपये रहा। एफपीआई ने मार्च में शुद्ध रूप से 3,973 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। जनवरी और फरवरी में उन्होंने क्रमशः 78,027 करोड़ रुपये और 34,574 करोड़ रुपये की इक्विटी की बिकवाली की थी। इससे यह पता चलता है कि अप्रैल बीते कई महीनों के बाद एफपीआई की भारतीय बाजार में रुचि बढ़ी है।

शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएई सेंसेक्स 259.75 (0.32त्न) अंक मजबूत होकर 80,501.99 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 935.69 अंक या 1.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,177.93 अंक पर पहुंच गया था। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में एनएसई निफ्टी 12.50 अंक अथवा 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,346.70 अंक पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने और मजबूत घरेलू आंकड़ों के कारण शुक्रवार को रुपया सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा और 84 रुपये प्रति डॉलर के नीचे जाने में सफल रहा। हालांकि, आगे चलकर बढ़त कम हो गई और अंत में यह डॉलर के मुकाबले मात्र एक पैसे बढ़कर 84.53 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाईक्रॉस का एक्सक्लूसिव एडिशन पेश किया

**बरेली।** अपने ग्राहक-प्रथम पर कायम रहते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने इनोवा हाइक्रॉस



के एक्सक्लूसिव एडिशन जेडएक्स (ओ) ग्रेड में उपलब्ध होने और लॉन्च किये जाने की घोषणा की। इनोवा हाईक्रॉस एक्सक्लूसिव एडिशन जेडएक्स (ओ) मई 2025 से जुलाई 2025 तक दो रंगों- सुपर व्हाइट और पर्ल व्हाइट में सीमित मात्रा में उपलब्ध होगा। इस लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट श्री वरिंदर वाधवा ने कहा, इनोवा हाईक्रॉस ने अपने आकार और एसयूवी के संतुलन के साथ एमपीवी की विशालता के लिए लगातार ग्राहकों की मजबूत सराहना हासिल की है। इस ब्रांड में उनके निरंतर भरोसे के लिए हम वास्तव में आभारी हैं। आज, हम अपने कद्रदान ग्राहकों की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सोच-समझकर तैयार किए गए इनोवा हाईक्रॉस एक्सक्लूसिव एडिशन को जेडएक्स (ओ) में लॉन्च करते हुए प्रसन्न हैं। यह विशेष वैरिएंट विशिष्टता और बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।एक्सक्लूसिव एडिशन ताजगी भरे स्टाइल और डुअल टोन एक्सेंट के साथ डिज़ाइन किया गया है ताकि वाहन की गतिशील उपस्थिति बेहतर की जा सके उन्नत उपयोगिता, कार्यक्षमता और आराम के लिए खासियतों से समृद्ध अपग्रेड , दो रंगों - सुपर व्हाइट और पर्ल व्हाइट में डुअल टोन के साथ सीमित समय के लिए जेडएक्स (ओ) ग्रेड में उपलब्ध, इनोवा हाईक्रॉस जेडएक्स (ओ) एक्सक्लूसिव एडिशन की एक्स-शोरूम कीमत 32,58,000/-रुपए है (पूरे देश में एक्स-शोरूम कीमत समान होगी)।

# भारत दुनिया की बैठकों, प्रोत्साहनों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों की राजधानी बनने के लिए तैयार: गजेंद्र सिंह शेखावत

**नई दिल्ली।** देश में अत्याधुनिक प्रदर्शनी और सम्मेलन परिसरों के निर्माण के साथ, भारत दुनिया की MICE ((बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियाँ) की राजधानी बनने के लिए तैयार है।

पर्यटन के नए क्षेत्र विकसित हो रहे हैं, जिसमें MICE पर्यटन सबसे महत्वपूर्ण है और देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र है। मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, बैंगलोर, जयपुर और यहां तक कि छोटे शहरों सहित पूरे देश में हम प्रदर्शनी और सम्मेलन के बुनियादी ढांचे को देखते हैं। जी-20 सम्मेलन से संकेत मिलता है कि भारत इस क्षेत्र के लिए मजबूत संभावनाओं की दहलीज पर खड़ा है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने देश में प्रदर्शनी उद्योग की शीर्ष राष्ट्रीय संस्था भारतीय प्रदर्शनी उद्योग संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय सेमिनार भारत





घातीय वृद्धि की भूमि का उद्घाटन करते हुए यह बात कही।

भारत को MICE पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए सरकार और निजी प्रदर्शनी उद्योग को मिलकर काम करना होगा। वैश्विक स्तर पर होने वाले कई कार्यक्रमों को कैलेंडर में शामिल करके भारत में लाया जा सकता है। भारत एक गंतव्य स्थल होने के अलावा, देश एक बड़ा प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र भी बन रहा है।%% शेखावत ने कहा कि सड़क, विमानन और रेलवे क्षेत्रों में योजनाबद्ध विस्तार के साथ-साथ सम्मेलन और प्रदर्शनी क्षेत्र के विस्तार से देश में आर्थिक विकास का एक शानदार भविष्य है। ÷वर्ष 2014 के बाद भारत ने बुनियादी ढांचे में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है, चाहे वह 1,50,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण हो, नए रेलवे स्टेशन हों, सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें हों, अंतर्देशीय जलमार्ग हों या 150 से अधिक चालू हवाई अड्डे हों। इन सभी ने MICE आयोजनों (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियाँ) के संबंध में भारत की प्रगति में योगदान दिया है। भारत द्वारा G20 देशों की मेजबानी के बाद भी आत्मविश्वास बढ़ा है, पूरी दुनिया भारत को विस्मय और जिज्ञासा से देख रही है। आने वाले समय में भारत दुनिया की MICE राजधानी के रूप में उभरेगा। शेखावत ने कहा।

IEIA ओपन सेमिनार और प्रदर्शनी सेवा एक्सपो भारतीय प्रदर्शनी उद्योग का वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है, जिसमें देश के सभी क्षेत्रों और विदेशों से उद्योग के प्रमुख भाग लेते हैं। यह आयोजन व्यापार नेटवर्किंग, ज्ञान के आदान-प्रदान और हमारे उद्योग के भविष्य को आकार देने वाले उभरते रुझानों पर चर्चा के लिए अपनी तरह के एक सार्थक मंच के रूप में कार्य करता है। सोराज धवन, अध्यक्ष ने कहा। भारतीय प्रदर्शनी उद्योग संघ।

14वें संस्करण, IEIA ओपन सेमिनार में निर्णय लेने वाले स्तर पर 700 से अधिक अग्रणी उद्योग खिलाड़ियों के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें प्रमुख प्रदर्शनी/कार्यक्रम आयोजक, विभिन्न व्यापार निकायों के प्रमुख, क्षेत्रीय संघ और प्रमुख सरकारी निकाय शामिल हैं। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ता प्रदर्शनी बाजार है और कोविड के बाद 40% की दर से बढ़ा है। भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रदर्शनी उद्योग का योगदान 50,000 करोड़ रुपये है। प्रदर्शनियों के माध्यम से उत्पन्न व्यवसाय 300,000 करोड़ रुपये है। धवन ने कहा।

# यूपी एनर्जी एक्सपो 2025: प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र के नए युग की शुरुआत

## यूपीईएक्स में जुटेंगे ऊर्जा क्षेत्र के दिग्गज विशेषज्ञ,करेंगे नवीनतम टेक्नोलॉजी पर चर्चा





**लखनऊ।** यूपी में सोलर और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में व्यापार और नई टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए राजधानी में तीन दिवसीय ÷उत्तर प्रदेश ऊर्जा एक्सपो 2025 (यूपीईएक्स)÷ का आयोजन किया जा रहा है। एक्सपो का आयोजन यूपी स्टेट चैप्टर,पीएचडीसीसीआई (पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रिज)और यूपीनेडा के सहयोग से किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 8 मई से 10 मई,2025 तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के लॉन 2 में प्रातः 10 बजे से शाम छह बजे तक लगेगी। सभी आगन्तुकों का प्रवेश निःशुल्क है। ऊर्जा क्षेत्र के 150 से अधिक प्रदर्शकों के इस जमावड़े के दौरान सौर ऊर्जा,स्मार्ट ऊर्जा ग्रिड और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में नवीनतम प्रगति और नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही प्रदर्शनी में आयोजित होने वाले सम्मेलन सत्रों में भविष्य के नवीनतम ऊर्जा विकल्पों और नवाचार की भूमिका पर सार्थक चर्चाएं भी होंगी। एक्सपो में देश और दुनिया भर के ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञ और नीति निर्माता नवीनतम ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और समाधानों का प्रदर्शन करेंगे। यूपीईएक्स का उद्देश्य यूपी को सौर क्षेत्र में निवेश के अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करते हुए एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग करने का है। एक्सपो के मुख्य उद्देश्यों में प्रदेश में सौर ऊर्जा के उत्पादन और भंडारण के क्षेत्र में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। साथ ही राज्य में सौर ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए उद्योग की भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी विकास और विनिर्माण के वैश्विक केंद्र के रूप में बढ़ावा देना है।

इसके अलावा चार्जिंग व बैटरी स्वैपिंग बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निवेश को आकर्षित करने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। साथ ही ईवी पारिस्थितिकी तंत्र निर्माताओं को राज्य में अपनी विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने और वैश्विक बाजार में आपूर्ति करने के लिए आकर्षित करना भी है। पीएचडी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के उत्तर प्रदेश चैप्टर के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में चैप्टर के को-चेयर राजेश निगम ने बताया कि यह एक्सपो यूपी में ऊर्जा क्षेत्र के विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

## कॉपर वाइंडिंग के पंखे बिजली के कम बिल के साथ दे रहे आरामदायक अहसास

**लखनऊ।** गर्मियों में तापमान बढ़ने के साथ एक बार फिर से छत वाले पंखे कूलिंग के लिए ज़रूरी हो गए हैं। घर हो या दुकान, स्कूल हो या ऑफिस ये पंखे गर्मी के लम्बे दिनों में राहत भरी ठंडक देते हैं। हमारे देश में जलवायु परिवर्तन की वजह से लू चलना आम बात हो गई है, ऐसे में पंखे अब सीज़नल अप्लायन्स नहीं रहे- ये रोज़मर्रा की ज़रूरत बन चुके हैं। आधुनिक पंखे जो कुछ ही सालों में खराब होने लगते हैं, उनके बजाए पुराने मॉडलों के अंदर बेहतरीन मटीरियल लगाया जाता था, जिसकी वजह से वे सालों-साल चलते रहते थे। आज के दौर में उर्जा प्रभावी कूलिंग की मांग बढ़ गई है, ऐसे में ज़रूरी हो गया है कि हम फिर से उन्हीं पंखों को अपनाएं जो समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। दशकों पहले स्कूलों और सार्वजनिक इमारतों में जो पंखे लगाए गए थे, वे आज भी चल रहे हैं। इसके बजाए घरों और ऑफिसों में लगे नए पंखे जल्दी खराब हो जाते हैं, शोर करने लगते हैं और इन्हें बार-बार मरम्मत की ज़रूरत पड़ती है। नए और पुराने पंखों में एक मुख्य अंतर है इनके भीतर मौजूद मोटर वाइंडिंग का। पुराने पंखों में कॉपर वाइंडिंग का इस्तेमाल किया जाता था। जिसकी वजह से ये उर्जा प्रभावी, भरोसेमंद होते हैं और बेहतर परफोर्मेन्स देते हैं।

एलुमिनियम के बजाए कॉपर की विद्युत संचालनशीलता 39 फीसदी अधिक होती है, इसलिए ये उर्जा के प्रवाह में ज़्यादा प्रभावी होते हैं। इससे रेज़िस्टेन्स कम होता है और मोटर में हीट कम बनती है, जिसकी वजह से ये लम्बे समय तक चलते रहते हैं। कॉपर वाइंडिंग वाले पंखों में बिजली की खपत कम होती है और ये लम्बे समय तक चलते रहने पर भी अच्छी कूलिंग देते हैं।

कॉपर वाइंडिंग वाले पंखे के परफोर्मेन्स और खर्च के बारे में बात करते हुए श्री आशीष मालवीय, डीजीएम-उजाला, एनर्जी एफिशिएन्ट सर्विसेज़ लिमिटेड ने कहा, ''कॉपर की बिजली और उष्मा संचालनशीलता बेहतर होती है, इसलिए पंखा लम्बे समय तक भरोसेमंद परफोर्मेन्स देता है। इस तरह टिकाउ होने की वजह से इसी लागत कम हो जाती है और यह ज़्यादा फायदेमंद होता है।'

## वैद आईसीएस लखनऊ एवं स्टडी आईक्यू आईएएस ने आयोजित किया भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह





**लखनऊ।** वैद आईसीएस लखनऊ एवं स्टडी आईक्यू आईएएस के संयुक्त उपक्रम के तत्त्वावधान एवं लोकार्पण में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान, सदस्य विधान परिषद, उत्तर प्रदेश एवं सभापति, वित्त एवं प्रशासनिक समिति तथा विशिष्ट अतिथि आलोक रंजन (आईएएस), पूर्व मुख्य सचिव, उ. प्र. सरकार ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया। वैद आईसीएस के निदेशक डॉक्टर पी. एम. त्रिपाठी ने बताया है कि संस्था से चयनित 100 से अधिक आईएएस, पीसीएस एवं न्यायिक सेवा के अधिकारियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार संवर्ग के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी गिरिवर दयाल सिंह, सचिव, राजस्व, बिहार सरकार ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए अपनी तैयारी के दिनों के संस्मरण को साझा किया। कार्यक्रम में स्टडी आईक्यू आईएएस के इंडिया हेड स्वप्निल त्रिपाठी, दिनेश मूर्ति एवं अन्य सहकर्मी उपस्थित रहे। राजधानी क्षेत्र के विद्यालयों एवं विश्व-विद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा इसमें बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया गया और भावी परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों का मार्ग-दर्शन किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम की मौजूदगी में 90 शिकायतें, सात मामलों का निस्तारण

## शिकायती पत्रों का निस्तारण गुण दोष के आधार पर निस्तारण करे अधिकारी

अवधनामा ब्यूरो


कसया तहसील में फरियाद सुनते डीएम व एसपी

**कुशीनगर।** जिले के कसया तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी संतोष कुमार मिश्रा मौजूद रहे। इस दौरान कुल 90 शिकायतें सामने आई। डीएम ने शिकायतों का संज्ञान लेकर कुल शिकायतों में 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करवाया। इसके अलावा अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए विभागीय स्तर पर एक टीम का गठन किया। टीम को एक सप्ताह का समय दिया और समाधान कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को प्राप्त सभी संदर्भों का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिए। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 90 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 61 में से 07 को तत्काल निस्तारित किया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 08, विकास विभाग से संबंधित 04, तथा अन्य विभाग के 17 प्रकरण प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 90 में से 07 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 83 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समय से पूर्व निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा।

## बकरी पालन के लिए जनपद में स्थापित होंगी 19 इकाइयां

**कुशीनगर।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रविन्द्र प्रसाद ने बताया कि जिले में इस वित्तीय वर्ष में 19 बकरी पालन इकाइयां स्थापित होंगी। उक्त योजना के संबंध में उन्होंने अवगत कराया कि वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या 15 के अधीन बकरी पालन की योजना (राज्य योजना) (राज्य योजना 90 प्रतिशत + लाभार्थी अंश 10 प्रतिशत) के अन्तर्गत जनपद कुशीनगर में 19 इकाईयों के स्थापना का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसका पात्रता अनुसार चयन किया जाना है। योजन का उद्देश्य प्रदेश के सीमांत कृषकों, भूमिहीन मजदूरों, विधवा, निराश्रित महिलाओं के आय में वृद्धि व आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से बकरी पालन द्वारा आय दोगुनी करना है। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड स्तरीय कमेटी (संबंधित ग्राम प्रधान, पशु चिकित्साधिकारी एवं उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी) के माध्यम से आगामी 15 मई तक आवेदन पत्र कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते है।

# रंजिश में मोबाइल की दुकान में लगाया आग, छह गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** चार दिन पूर्व कुबेरस्थान बाजार में एक मोबाइल की दुकान में रंजिश वश लगाई आग के मामले में पुलिस ने शनिवार को छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अवधेश चौहान पुत्र अशोक चौहान निवासी बतरौली द्वारा कुबेरस्थान थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरी कुबेरस्थान बाजार में स्थित अशोका मार्ट मोबाईल रिपेयरिंग किंग नामक दुकान में बीते 30 अप्रैल को रात्रि में समय करीब 02 बजे पुष्कर मद्धेशिया पुत्र ओमप्रकाश मद्धेशिया, धनंजय गिरि पुत्र कृष्ण मोहन गिरि, अनिल मद्धेशिया पुत्र अशोक मद्धेशिया निवासीगण कोहरवलिया थाना कुबेरस्थान एवं रफीक अंसारी पुत्र साकिर अली निवासी भंगड़ा पिपरासी थाना कुबेरस्थान अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दुकान में आग लगा दिया। जिससे मेरी दुकान का सारा सामान कीमत लगभग 07 लाख रुपया जल गया।

इस सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नामित अभियुक्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो दो अन्य अभियुक्तों सोनू मद्धेशिया पुत्र गामा मद्धेशिया व पवन चौरसिया पुत्र छोटेलाल चौरसिया निवासीगण कोहरवलिया थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस द्वारा उपरोक्त सभी 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि कस्बा कुबेरस्थान में वादी की मोबाइल मरम्मत व मोबाईल एसेसीरिज की दुकान थी तथा पास में ही रफीक अंसारी उपरोक्त की आरएम मोबाईल नामक दुकान है। अवधेश चौहान की दुकान उसके व्यवहार कुशलता व सस्ते में कार्य करने से काफी लोकप्रिय हो गई थी जबकि रफीक की दुकान अपेक्षाकृत नही चलती थी। जिससे रफिक काफी परेशान था।

इसलिए रफीक ने अपने अन्य सह-अभियुक्तगण को पैसा देकर घटना करने के लिए तैयार किया व घटना को अंजाम दिया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 35 वर्षीय युवक की मौत

अवधनामा ब्यूरो


मृतक रामजीत की फाइल फोटो

**कुशीनगर।** चौराखास थाना क्षेत्र के फाजिलनगर- बघौचघाट मार्ग पर कुंभिया गांव के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रुप घायल युवक का मेडिकल कालेज गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। चौराखास थाना क्षेत्र के कटेया मैनुद्दीन निवासी रामजीत प्रजापति उम्र 35 वर्ष चौराख़ास बाजार में चाय की दुकान चलाते है। शुक्रवार को देर रात नौ बजे दुकान बंद करके बंद कर मोटर साइकिल से घर जा रहे थे। फाजिलनगर बघौचघाट मार्ग पर कुंभिया गांव के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसके परिजनों को सुचना देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फाजिलनगर पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत का खबर से पूरे परिवार में मातम छाया हुआ है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विद्याधर कुशवाहा ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर अन्य विधिक कार्रवाई किया जाएगा।

# रोटरी क्लब ने नव प्रवेशित बच्चों को भेंट किए नि:शुल्क स्कूल बैग

अवधनामा ब्यूरो

**शिक्षा के क्षेत्र में सेवा भाव का अनूठा उदाहरण**


बच्चों में स्कूली ड्रेस वितरण करते रोटरी क्लब

**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा बच्चों की शिक्षा में सहायक बनने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। शनिवार को जूनियर हाईस्कूल डुमरी (कंपोजिट) एवं जूनियर हाई स्कूल खेदनी में अध्ययनरत नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए गया।

इस अवसर पर रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा, शिक्षा ही समाज को प्रगति की ओर ले जाती है। ऐसे प्रयास न केवल बच्चों के शैक्षणिक जीवन को समृद्ध करते हैं, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता भी बढ़ाते हैं। रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा जिले के 10 से अधिक विद्यालयों में इस प्रकार का वितरण कार्य किया जा रहा है।

क्लब के सचिव अजय सिंह ने बताया कि बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि रोटरी हमेशा समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए तत्पर रहती है। जूनियर हाईस्कूल डुमरी के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने रोटरी क्लब की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा, इस सहयोग से न केवल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि उनमें शिक्षा के प्रति रुचि भी गहराएगी।

## शिक्षक को मातृशोक श्रद्धांजलि सभा 14 मई को

**अमेठी।** शुक्रवार की रात शिव प्रताप इंटर कालेज के उप प्राचार्य संजय कुमार राव की माता राम कली पत्नी अभिमन्यु का निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ थीं।शोक सभा और अंत्येष्टि पैतृक गांव मंडौली में हुई। अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार बौद्ध रीति से सम्पन्न हुआ। बौद्धाचार्य तुलसी राम शास्त्री ने संस्कार कराया। श्रद्धांजलि सभा 14मई को होगी। ग्राम प्रधान धर्मराज यादव, सुरेन्द्र कुमार, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, सिरमौर बौद्ध विहार सोइया के सचिव रामफल फौजी, अम्बेडकर कल्याण समिति के संरक्षक इन्द्र पाल गौतम, सामाजिक चिंतक डॉ सुनील दत्त,ग्राम प्रधान रुपम यादव, बजरंग बली, सूर्य बली,राम बली गौतम नरेंद्र कुमार,शिव प्राण, डा सुरेश कुमार राव, राजीव रंजन भारती, ललित कुमार,राजकुमार आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सील हॉस्पिटल को हाईकोर्ट के आदेश पर खोला गया

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश के क्रम में शनिवार को मदर केयर हॉस्पिटल बावली चौक पडरौना को कुछ माह पहले सील कर दिया गया था जिसे हाई कोर्ट के आदेश पर आज खोलवाया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी कुशीनगर के नोडल अधिकारी डॉ राकेश गुप्ता और कुबेरस्थान सीएचसी प्रभारी डॉ धनंजय मिश्र की उपस्थिति में सील हॉस्पिटल खोला गया। इस अवसर पर हाई कोर्ट के अधिवक्ता खंड कार्यवाह पडरौना अनूप सिंह, अधिवक्ता जिला कार्यवाह रवि कीर्ति, जिला प्रचारक अभय, सह प्रांत गौ सेवा प्रमुख फुलबदन, दीनानाथ सह जिला प्रचार प्रमुख, पूर्वांचल व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी, हिंदू जागरण मंच के रवि सिंह, अनमोल खरवार अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील उरई के तहसील सभागार में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने फरियादियो की शिकायतो को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजनमानस की समस्याओं को सुनकर उनका समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान के अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष कुल 48 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करें और समस्याओं का निष्पक्ष, पारदर्शी तथा गुणवत्तापूर्ण एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखें।

# पिछड़ों को संवैधानिक हक न मिलने के लिए केंद्र की सभी सरकारें जिम्मेदार : श्याम लाल पाल

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** समाजवादी पार्टी के युवा नेता जयसिंह प्रताप यादव के बड़े भाई के विवाहोपरान्त शनिवार को मठिया, सरैया मोहन में आयोजित प्रीति भोज में सपा नेताओं का जमावड़ा रहा। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से सरैया मोहन पहुंचे सपा नेताओं ने नव दम्पति को आशीर्वाद प्रदान किया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल भी प्रीति भोज में शामिल हुए। सपा नेताओं से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि देश में जातीय जनगणना की मांग समाजवादी पार्टी की पुरानी मांग है।

केन्द्र सरकार ने जातीय जनगणना कराने का निर्णय लिया है,यह स्वागत योग्य कदम है। देश की सभी जातियों को उनकी आबादी और संख्या बल के आधार पर शासन, प्रशासन, सरकारी नौकरियों और राजनीति में आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। आजादी के 75 साल बाद भी पिछडी जातियों को उनका संवैधानिक हक नहीं मिल पाया है, इसके लिए केंद्र की अब तक की सभी लोकतांत्रिक सरकारें जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में ओ बी सी मंत्रालय का गठन होना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने कभी भी पिछड़ी जातियों को भले के लिए काम नहीं कर किया। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। रोज अपराध की घटनाएं हो रही है। डबल इंजन सरकार से समाज का कोई भी वर्ग खुश नहीं हैं। समाजवादी पार्टी हमेशा से आउटसोर्सिंग और संविदा नियुक्तिओं के विरोध में रही है। बिजली विभाग के कर्मचारी छंटनी के विरोध में आंदोलन कर रहे हैं। सरकार गूंगी,बहरी बनी हुई है। सपा चाहती है कि समाज के सभी वर्ग के लोगों को संख्या बल के आधार पर स्थाई नौकरियां दी जाय। सरकारी सेवाओं का निजीकरण पूरी तरह बंद हो।विश्व विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में एस सी/ओ बी सी का आरक्षण कोटा पूरा किया जाये। बिजली विभाग के वर्क चार्ज कर्मचारियों की छंटनी नहीं होनी चाहिए। पावर कारपोरेशन इस फैसले को वापस ले। प्रदेश अध्यक्ष के साथ आए पूर्व विधायक भगेलू राम ने कहा कि भाजपा बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के नाम पर सिर्फ नाटक कर रही है। दलितों को गुमराह करके सिर्फ वोट लेना चाहती है, डॉ अम्बेडकर के विचारों से भाजपा का कोई मतलब नहीं रहा। इस मौके पर पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व मंत्री राजपाल कश्यप, पूर्व मंत्री तेज नारायण पवन पाण्डेय, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व एम एल सी कमला यादव, पूर्व मंत्री शकील खान, फैजाबाद के सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, अम्बेडकर नगर के सपा जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव, अमेठी के सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव, कादीपुर के पूर्व विधायक भगेलू राम,सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रदीप यादव, सपा विधानसभा अध्यक्ष मनीराम वर्मा, अधिवक्ता संतदीन यादव, अदनान खान आदि मौजूद रहे।

# समय और धन की बचत, होगा विकास जरूरी है एक देश एक चुनाव : मनीषा अनुरागी

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी।** एक देश एक चुनाव के विजन को लेकर जनता के बीच रायसुमारी बढ़ाने और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को गांव गांव भेजकर विजन के पक्ष में माहौल तैयार करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। शुक्रवार को सिंहपुर ब्लॉग सभागार में प्रबुद्ध सम्मेलन करने के बाद शनिवार को महिला सम्मेलन आयोजित किया गया।

प्रबुद्ध सम्मेलन को जिले के प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा और राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सम्बोधित किया था। शनिवार को महिला सम्मेलन को विधायक मनीषा अनुरागी ने सम्बोधित किया। विधायक मनीषा अनुरागी ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव का विजन देश के लिए आवश्यक है। इससे समय और धन की बचत होगी।देश का विकास होगा। पहले भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ हुए हैं। जनहित के लिए अब फिर साथ में चुनाव आवश्यक हैं। आशा वाजपेई की ने कहा कि एक साथ चुनाव कराना कोई नई बात नहीं है।स्वतंत्र भारत में 1950 में संविधान लागू हुआ। उसके बाद 1951 से लेकर 1967 तक सभी राज्य की विधानसभाओं और लोकसभा के आम चुनाव साथ-साथ होते थे। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव 1951-52 में एक साथ आयोजित किए गए थे। यह परंपरा इसके बाद 1957, 1962 और 1967 के तीन आम चुनावों के लिए भी जारी रही। हालांकि, कुछ राज्य विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण 1968 और 1969 में एक साथ चुनाव कराने में बाधा आई थी। पहली, दूसरी और तीसरी लोकसभा ने पांच वर्षों का अपना कार्यकाल पूरा किया। कहा लोकसभा व विधानसभा का अलग-अलग चुनाव कराना चुनौतियां बन गए हैं। उन्होंने कहा सरकार एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए कमेटी बनाकर,आम लोगों से,आधी आबादी से,विभिन्न संगठनों व राजनीतिक दलों से लगातार चर्चा कर माहौल बना रही है। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्ष आशा बाजपेई ने सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न होती है। कार्यक्रम संयोजक श्री मति प्रज्ञा त्रिपाठी रही। संचालन जिला महामंत्री महिला मोर्चा श्रीमती गीता सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती उपमा सरोज, प्रतिमा त्रिपाठी, शकुंतला तिवारी, रेखा मिश्रा,नीरज पांडे,शास्त्री सिंह,डॉक्टर मीना सिंह, पूनम चौहान,मीरा सहित सभी प्रमुख महिला उपस्थित रहीं।

## जातीय जनगणना पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी को दिया धन्यवाद

# भाजपा की कथनी और करनी एक है : सिंह



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** देश में जातीय जनगणना को मंजूरी देने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा द्वारा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अगुआई में शहर के सुभाष चौक पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई तथा पटाखे जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई और कार्यकर्ताओं की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में देश व समाज का उत्तरोत्तर विकास होता रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी ने जातियों, जनजातियों के लिए बहुत काम किया। अब जाति जनगणना कराने का फैसला किए हैं। सभी जातियों का विकास कैसे हो, पीएम मोदी इस बात की चिंता कर रहे हैं। जातियों की संख्या के हिसाब से देश में योजनाएं बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग के लोगों की पीएम से डिमांड रही है कि उनका विकास हो। इसलिए पीएम मोदी सबके लिए काम कर रहे हैं। वह नए भारत के निर्माता हैं। हमें इसके लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहिए। सरकार के इस कदम से सभी जातियों को बहुत फायदा होगा। उन्होंने आगे कहा कि विपक्षी दलों ने सरकार को घेरने के लिए इसे सिर्फ चुनावी मुद्दा बनाया था। अब भाजपा ने पिछड़ों के विकास के लिए ऐसा काम किया है कि सारे दल उसका स्वागत कर रहे हैं। यह स्वागत पूरे देश में होना चाहिए। इससे पूरे देश के पिछड़े, दलितों का उद्धार होगा। यह पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। इस कार्यक्रम के आयोजक पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद चौरसिया ने पिछड़ा समाज की तरफ से प्रधानमंत्री का आभार जताया।

## जिलाधिकारी द्वारा रुद्रपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई जन समस्याएं



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** तहसील रुद्रपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने जनसमस्याओं की सुनवाई की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से किया जाए, जिससे आम जनता को त्वरित राहत मिल सके। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 47 प्रकरण आये जिनमें से छह का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस से अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता, विद्युत एवं अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण से स्पष्टीकरण तलब किया। जनसुनवाई के दौरान डीएम ने कहा कि उनकी संज्ञान में ऐसे कई प्रकरण आ रहे हैं, जिसमें निजी व्यक्ति द्वारा कर्ज देने की एवज में कृषि भूमि को बंधक बनाकर वर्षों से जोता जा रहा है तथा मूल भूस्वामी को कब्जा नहीं दिया जा रहा है। यह पूर्णतया अवैध है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों एवं पुलिस को ऐसे प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राजस्व विभाग के अधिकारियों, विशेषकर लेखपालों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर भूमि संबंधी विवादों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि खलिहान, चकरोड, नाले आदि सार्वजनिक भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए।

# पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना सम्बन्धित कोषागार को तत्काल करें प्रदान : वरिष्ठ कोषाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** वरिष्ठ कोषाधिकारी भावना श्रीवास्तव ने बताया है कि मा0 वित्त मंत्री, उ0प्र0 शासन एवं निदेशक, कोषागार निदेशालय, उ0प्र0 द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त पेंशनरों को सूचित किया है कि यथा स्थिति पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना सम्बन्धित कोषागार को तत्काल प्रदान की जाये। यह पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का भौतिक एवं विधिक कर्तव्य है। यह भी ध्यान रहे कि ऐसे किसी भी प्रकरण में अनियमित भुगतान की धनराशि अनाधिकृत है, जिसकी वसूली बैंक के माध्यम से अथवा जिलाधिकारी द्वारा भू-राजस्व बकाये की भांति की जायेगी।

उन्होंने बताया है कि विगत् तीन माह से जीवन प्रमाण पत्र के अभाव में पेंशन का भुगतान प्राप्त न करने वाले 37 पेंशनरों की जानकारी देते हुए बताया है कि जिसमें राजस्व विभाग से चन्द्रवती शर्मा, होमगार्ड्स विभाग से रमेश प्रताप सिंह, शिक्षा विभाग से पार्वती त्रिपाठी, राजकीय औद्यो0 प्रशि0 संस्थान से आयशा बेगम, स्वास्थ्य विभाग से राम कुमार, बाल विकास एवं पुष्टाहार से मीरा देवी, लोक निर्माण विभाग से कैलाशा, राजकुमारी, सिंचाई विभाग से चन्द्रकली, ऊषा सिंह, शिव कुमारी, विद्युत विभाग से ईश्वर देई, दयाराम, खलीकुन निशा, पुलिस विभाग से शांति देवी, कृष्णा देवी, राजकुमार, लल्ली देवी, माध्यमिक शिक्षा विभाग से कृष्णा कुमारी, विद्यावती, द्रौपदी सिंह, पुष्पा देवी, बेसिक शिक्षा विभाग से शाहजहां बेगम, यशोदा देवी, मूरत देवी, रानी सिंह, सुशीला देवी, रामनाथ मौर्या, चन्द्रवती, मधुबाला चौधरी, लालमनी, राम नरेश सिंह, शांति देवी, काली किशोर मिश्रा, चन्द्रवती, रेखा देवी पाण्डेय, रजिया बेगम पेंशनर हैं। उन्होंने बताया कि उपर्युक्त समस्त पेंशनर निम्न प्रक्रियाओं में से किसी भी माध्यम से जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर पेंशन का भुगतान प्राप्त कर सकते हैं तथा उक्त पेंशनरों में किसी भी पेंशनर का देहान्त होने पर यह उनके सम्बन्धितों का दायित्व है कि वह उनकी मृत्यु की सूचना तत्काल कोषागार में उपलब्ध करा दें। (क) कोषागार में बैंक पासबुक के साथ भौतिक रूप में उपस्थित होकर। (ख) जीवन प्रमाण पोर्टल द्वारा ऑनलाइन माध्यम से। (ग) सम्बन्धित बैंक द्वारा डाक के माध्यम से प्रेषित कराकर। (घ) निकटतम् डाकघर द्वारा पोस्ट मैन के माध्यम से।

## सूचना

मुझ मुकर्रम अली पुत्र मकसूद नि ग्राम देवला थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर ने अपने पुत्र मुक़्तदिर आयु 38 वर्ष नि.देवला को गलत लोगों की संगत में लिप्त होने के कारण अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर उससे सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं अपने किसी भी कार्य हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगा।

# शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई: डीएम

- डीएम और एसपी ने तहसील सदर में सुनीं जन समस्याएं

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जन शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की उपस्थिति में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। कार्यक्रम के दौरान कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 19 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान सिर्फ औपचारिकता न होकर परिणामपरक एवं पारदर्शी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण फील्ड निरीक्षण, दोनों पक्षों की सुनवाई एवं साक्ष्यों के आधार पर किया जाए तथा हर कार्रवाई का फोटोग्राफिक साक्ष्य सुरक्षित रखा जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता से फीडबैक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। यदि किसी भी प्रकरण में समाधान की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निस्तारित शिकायतों का स्वयं फॉलो-अप करते हुए फीडबैक भी प्राप्त करें।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अंतर्गत चिन्हित 10 लाभार्थी बच्चों को लैपटॉप वितरित किए गए। साथ ही 13 पात्र परिवारों को राशन कार्ड (09 अंत्योदय एवं 04 पात्र गृहस्थी) भी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए अवधेश राम, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार पांडे सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूपीएससी चयनित दिशा द्विवेदी को इसौली विधायक ने दी बधाई




- दिशा द्विवेदी पर है गर्व हमें : इसौली विधायक ताहिर खान

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** अपने शुभकामना संदेश में इसौली विधायक ताहिर खान ने यूपीएससी में 672 वां स्थान लाने वाली दिशा द्विवेदी को हार्दिक शुभकामनाएं दिया। विधायक ने कहा कि बेटियां हमारे देश में हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं, हम नारी शक्ति को नमन करते हैं। इसी तरह से हमारे देश प्रदेश जिला तथा विधानसभा की नारी शक्ति एक नया कीर्तमान बना रही है, इन बेटियों को मैं तहे दिल से मुबारकबाद देता हूं, और उनके उज्जवल भविष्य की सदा ईश्वर से कामना करता हूं। जल्द ही मैं दिशा द्विवेदी से मिलकर उनको और उनके परिवार को मुबारकबाद दूंगा, जिस बेटी ने मेरे इसौली विधानसभा का नाम उज्वल किया है ऐसी बेटी और उनके माता-पिता तथा गुरुजनों को नमन है। वही इसौली विधानसभा हाई स्कूल परीक्षा में 94.5 प्रतिशत अंक लाकर ग्राम सभा मिठनेपुर निवासिनी अल्फिया बानो को भी उन्होंने मुबारकबाद दिया और कहा कि बेटों से बेटियां नहीं होती हैं काम हर क्षेत्र में बेटियां नाम रोशन कर रही हैं। एक इंटरव्यू में विधायक ने क्षेत्र के विकास, क्षेत्र भ्रमण तथा जनता की समस्याओं को लेकर मुखर रहने की बात कही तथा जनता की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले विधायक ताहिर खान ने क्षेत्र वासियों का हर संभव मदद करने का संकल्प लिया।

# उत्कृष्ट इकाईयों को मिलेगा ग्रामोद्योग पुरस्कार

**सुलतानपुर।** जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राम सुरेश यादव ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाइयों/उद्यमियों को मण्डल एवं राज्य स्तर पर खादी एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि न्यूनतम पूंजी निवेश पर अधिकतम रोजगार प्रदान करने वाली इकाइयों का चयन इस पुरस्कार हेतु किया जायेगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद स्तर पर 04 श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली इकाइयों का चयन पुरस्कार समिति द्वारा किया जाना है। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजना में प्रशिक्षण प्राप्त उद्यमियों जिन्होने स्वयं के स्त्रोतों से उद्यम स्थापना की हो वो भी पुरस्कार हेतु पात्र होगीं। अधिक जानकारी व आवेदन हेतु इच्छुक उद्यमी व्यक्तिगत रूप से कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, कला भवन निकट डीएम आवास सुलतानपुर में अथवा कार्यालय के दूरभाष नं0 9580503162 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# दहेज़ में नहीं मिली कार तो बिन दुल्हन लौटी बारात

- साढ़े पांच लाख नकद मिलने के बाद भी शादी से मुकरा दूल्हा

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** दहेज़ लोभियों के हठ ने एक और सुहागन की उम्मीदों का गला घोंट दिया। दहेज़ में साढ़े पांच लाख नकद लेने के बाद भी कार नहीं मिली तों दूल्हा बारात लेकर वापस चला गया। मामला धम्मौर थाने के सरैयां गांव का है। वधु पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने वर पक्ष के कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सरैयां गांव निवासी अरविंद कुमार मिश्रा ने अपनी बेटी साक्षी मिश्रा(सोनम) की शादी मटेरा घनियापुर अमेठी निवासी सचिन मिश्रा पुत्र प्रेम कुमार से की थी। सचिन मिश्रा गौरीगंज स्थित एक विद्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत है। अरविन्द मिश्रा ने 5 लाख नगद वह 51 हजार रुपये बरीक्षा के रूप में नगद दिया था। तय कार्यक्रम के अनुसार 30 अप्रैल की शाम करीब। बजे बारात सरैया गांव पहुंची। बारातियों की खूब आव भगत की गई। द्वार पूजा के बाद डाल पूजा की रस्म अदायगी के वक्त लड़की के लिए वर पक्ष द्वारा कोई गहना वगैरह नहीं लाने पर घर वालों ने पूछताछ की तो दूल्हे के परिवार जन भड़क गए। मांग करने लगे कि जब तक उन्हें चार पहिया गाड़ी वह लड़की का पूरा गहना वधू पक्ष की तरफ से नहीं दिया जाता विवाह नहीं होगा।

अरविन्द ने बताया की बातचीत हो ही रही थी की दूल्हे के एक रिश्तेदार मनोज मिश्र ने कहा की बन्दूक लाओ और सभी को गोली मार दो,इससे घराती डर गये। इसके बाद बाराती सभी बिना शादी किये ही लौट गए। अगले दिन मामले की लिखित जानकारी थाने पर दी गयी। वहां पहुंची लड़के की मा मीरा देवी भी धमकी देने लगी। थाना प्रभारी अंजू मिश्रा ने बताया की सचिन, मीरा, मनोज, अभय व सचिन के मामा समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### गर्भवती महिलाओं की डीएम व एसपी ने की गोदभराई



**बहराइच।** तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण करते हुए डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने आईसीडीएस के स्टाल पर 04 गर्भवती महिलाओं रूबी, शीबा, महक व मीरा की गोद भराई की तथा दो बच्चों आदेश व सूर्या को अन्नप्रासन्न कराया।

### मिल दुर्घटना में मृतक श्रमिक के हिताधिकारियों को मिली क्षतिपूर्ति धनराशि



**बहराइच।** थाना दरगाह शरीफ क्षेत्रान्तर्गत राजगढिया राइस मिल के ड्रायर में हुई दुर्घटना में मृतक श्रमिक गफ्फार पुत्र वाहर अली के हिताधिकारियों को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपने कार्यालय कक्ष में रू. 15,04,425=00 की धनराशि का भुगतान आदेश प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल को घटित घटना में 05 श्रमिकों की मृत्यु हुई थी। जिसमें से 04 श्रमिकों के हिताधिकारियों को अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर रू. 47 लाख 01 हज़ार 212 की धनराशि का भुगतान आदेश हस्तगत किया जा चुका है। इस प्रकार मिल दुर्घटना में मृतक 05 श्रमिकों के हिताधिकारियों को कुल रू. 62 लाख 05 हज़ार 637 की धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में उपलब्ध करायी गयी है।

### पेंशनर ट्रेजरी में जमा करें जीवित प्रमाण पत्र

**बहराइच।** वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि ने बताया है कि पिछ्ले तीन माह से पेंशनरों के जीवित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करने के कारण पेंशन भुगतान करने में समस्या आ रही है। उन्होंने ऐसे पेंशनरों से अपील किया है कि जिन्होंने अभी तक जीवित प्रमाण-पत्र नहीं जमा किया है, वे शीघ्र ही अपना जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दें।

### हज ट्रेनिंग कैम्प आज

**फिरोजाबाद।** साहित्यिक व सामाजिक संस्था बज़्मे फ़रोगे़ अदब फिरोजाबाद के तत्वावधान में हज 2025 के लिये जाने वाले पुरुष और महिलाओं की सहूलत के लिये हज ट्रेनिंग कैम्प 04-मई 2025 इतवार सुबह 9 बजे से 2 बजे तक महिलाओं के लिये लालपुर मंडी बाईपास रोड़ मोमिन नगर फ़िरोज़ाबाद हाजी असलम अदीब के घर पर रखा जा रहा है। जिसमें हज की बेहतरीन मअलूमात रखने वाली हज्जन महिला आप सब महिलाओं को ट्रेनिंग देंगी, और हज करने के तरीके समझायेंगी। पुरुषों के लिये हज ट्रेनिंग आयशा मस्जिद मौमिन नगर लालपुर मण्डी पर रखी गई है। हज को जाने वाले लोग ट्रेनिंग में शामिल होकर जानकारी हासिल करें।

### पेंशनर ऑनलाइन कराएं जीवित प्रमाण पत्र

**फिरोजाबाद।** ऐसे पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर को सूचित किया जाता है कि जिनका पेंशन का भुगतान पिछ्ले 3 माह से कोषागार में जीवित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करने के कारण, लम्बित् है। ऐसे पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों से अपील है कि वे अपना जीवित प्रमाण-पत्र कोषागार में अतिशीघ्र प्रस्तुत करें ताकि उनकी पेंशन/पारिवारिक पेंशन का भुगतान नियमानुसार किया जा सके। पेंशनर्स अपना जीवित प्रमाण-पत्र की साइट https:@jeevanpramaan-gov-in पर भी ऑनलाइन करा सकते है।

# अपराध रोकने की गरज से बनाई गई पुलिस चौकी राजनपुर, बन गई सफेद हाथी

अवधनामा संवाददाता




**तिलहर/शाहजहांपुर।** अपराधों पर अंकुश लगाए जाने की गरज से पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशन में तिलहर के राजनपुर रोड पर सरऊ पुलिया स्थित निर्माण कराई गई पुलिस चौकी राजनपुर, चंद माह बाद ही सफेद हाथी सी दिख रही है। चौकी के दरवाजे पर दिन रात ताला लटका नजर आता है जबकि कभी कभार होने वाली चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मचारी पुलिया के आस पास अपने वाहनों पर खड़े चेकिंग करते नजर आते है। क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रजनपुर पुलिस चौकी काफी अहम मानी जाती रही परंतु उसका अचानक बंद हो जाना स्थानीय पुलिस पर कई सवाल खड़ा करता है।

बताया जा रहा है कि राजवह नहर के पुश्ते पर आनन फानन में निर्माण कराई गई राजनपुर पुलिस चौकी भूमि विवाद की शिकार हो गई। हालांकि यह दूसरी बात है कि पुलिस चौकी बिरयागंज, पुलिस चौकी चौहटिया, पुलिस चौकी मौजमपुर तथा पुलिस चौकी नगरिया मोड़ एवं पुलिस चौकी बिरसिंह पर भी पुलिस विभाग द्वारा खरीदी गई भूमि पर तो बिल्कुल नहीं बनी है परंतु अपराध पर अंकुश लगाने के मद्देनजर लगातार संचालित हो पुलिस विभाग का सहयोग कर रही है। राजनपुर पुलिस चौकी के संबंध में कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि तिलहर कोतवाली क्षेत्र में 6 चौकी अधिकृत है जिनमें नगरिया मोड़, बिरसिंह पुर, बिरियागंज, मौजमपुर, इमली, तथा राजनपुर पुलिस चौकी है राजनपुर पुलिस चौकी के बारे में उन्होंने कहा कि वो पुलिस चेक पोस्ट है जो शाम को 6 बजे खुलती है।

# गैरइरादतन हत्या में 4 अभियुक्त गिरफ्त में


अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना खैरगढ पुलिस टीम ने शिवा की गैरइरादन हत्या करने वाले 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 03 डंडा व एक रस्सी बरामद किया गया है।

सायं करीब 4.00 बजे शाम मृतक शिवा के साथ अभि0गण अरविन्द पुत्र बंगाली सिंह, ब्रजेश पुत्र बंगाली सिंह, ओम पुत्र अरविन्द, रजत पुत्र अरविन्द समस्त निवासीगण मलिकपुर थाना खैरगढ ने मुन्नालाल की दुकान के सामने रस्सी से बाँधकर लाठी डन्डों से मारपीट की जिससे शिवा गम्भीर रुप से घायल हो गया जिसे उपचार हेतु सीएचसी खैरगढ लाया गया जहाँ पर डाकटर ने जिला अस्पताल फिरोजाबाद रैफर कर दिया था उसके बाद शिवा को जिला अस्पताल फिरोजाबाद इलाज हेतु ले जाया गया। इलाज के दौरान शिवा की मृत्यु हो गयी थी। मामले में मृतक के पिता महेश पुत्र ऊदल सिंह निवासी मलिकपुर थाना खैरगढ जिला फिरोजाबाद फिरोजाबाद की लिखित तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर 02.05.2025 में मु0अ0सं0 58/25 धारा 115(2)/ 118 (1) / 105 बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त मामले में थाना खैरगढ पुलिस टीम द्वारा अभियोग के वांछित अरविन्द पुत्र बंगाली सिंह, ब्रजेश पुत्र बंगाली सिंह, ओम पुत्र अरविन्द, रजत पुत्र अरविन्द समस्त निवासीगण मलिकपुर थाना खैरगढ जनपद फिरोजाबाद को मलिकपुर से गाँव बैरनी जाने वाले रास्ते पर पडने वाले शिव मन्दिर के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 03 डन्डा व एक रस्सी बरामद की गयी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सम्मिलित रहे प्र0नि0 मनोज कुमार, उ0नि मनिन्द्र कुमार, उ0नि0 सोमिल राठी, हे0का0 324 अजीत सिंह, का0 743 सत्यवीर सिंह, का0 519 नाहर सिंह, का0 1480 अजय कुमार थाना खैरगढ फिरोजाबाद।

# चार दिन से कूड़ा ना उठने से नगर में लगे कूड़े के ढेर



अवधनामा संवाददाता

- कूढ़े के ढेर से उठ रही बदबू से राहगीर और स्थानीय लोग परेशान
- कब तक नगर पालिका डलावघरों में जमा कूड़े को नहीं उठायेगी

**शिकोहाबाद।** (अब्दुल सत्तार) टंचिंग ग्राउंड में अतिक्रमण को लेकर पालिका और अवैध अतिक्रमण कारियों में विवाद है। जिसकी बजह से पालिका नगर में कई जगह बने डलावघर से कूड़ा नहीं उठा पा रही है। जिसकी बजह से नगर की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि विगत पांच दिन से कूड़ा ना उठाये जाने से डलावघरों में आवारा जानवर और गोवंश कूढ़े के ढेर को सड़क पर बिखेर रहे हैं। जिससे राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। नगर पालिका नगर से निकलने वाले कूड़े को मैनपुरी रोड स्थित बने टंचिंग ग्राउंड में एकत्रित करती थी। जिससे वहां भी कूड़े के पहाड़ बन गये थे। नगर पालिका के कर्मचारियों ने उसमें आग लगा दी, जिससे आसपास के लोगों को भारी परेशानी होने लगी। विरोध किया तो पालिका के कर्मचारियों ने आग को बुझा दिया। पालिका का कहना है कि टंचिंग ग्राउंड पर पालिका की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है। जिसकी बजह से वह लोग कूड़ा नहीं डालने दे रहे हैं। इससे नगर के डलावघरों में पड़ा कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। अतिक्रमण को हटवाये जाने के लिए एसडीएम को पत्र लिखा है। जैसे ही अतिक्रमण हटजायेगा, पालिका नगर में बने डलावघरों का कूड़ा उठवा कर वहां डलवाना शुरू कर देगी। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक पालिका का विवाद नहीं सुलझेगा तो क्या तब तक कूड़ा नगर में यूं ही फैलता रहेगा। जगह-जगह कूढ़े के ढेर लग गये हैं। जिसमें आवारा जानवर और गोवंश पूरे दिन मुंह मारते रहते हैं और कूढ़े के ढेर को पूरी सड़क पर फैला देते हैं। जिससे राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपीं ने पाकशाला, महिला व किशोर बैरक सहित अन्य बैरकों तथा मुलाकात स्थल का जायज़ा लिया।

महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान डीएम ने निरूद्ध महिला बन्दियों का मेडिकल परीक्षण कराने तथा स्टाफ नर्स की तैनाती कराए जाने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि महिला बन्दियों में ओ.डी.ओ.पी. अन्तर्गत गेहूँ के डण्ठल से निर्मित होने वाली कलाकृति के प्रति रूझान बढ़ाया जाय तथा इच्छुक बन्दियों को प्रशिक्षित भी कराएं ताकि महिला बन्दी सबल होकर जेल से बाहर जाएं और खुद के साथ दूसरे महिलाओं को भी स्वावलम्बन का मार्ग दिखाये। अल्पवयस्क बैरक के निरीक्षण के दौरान डीएम ने निरूद्ध अल्पवयस्कों के पठन-पाठन के बारे में जानकारी प्राप्त की। पाया गया कि छः माह पूर्व कापी चेक हुई थी। डीएम ने इस स्थिति पर नाराज़गी जताते हुए निर्देश दिया कि अध्ययन अध्यापन के लिए पर्याप्त सामग्री उपलब्ध करायी जाय।

डीएम व एसपी ने अन्य बैरकों का भी निरीक्षण किया। डीएम ने निर्देश दिया कि निरूद्ध बन्दियों को पेंटिंग, प्लंबरिंग, इलेक्ट्रिशियन इत्यादि ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की जाय। जेल चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने भर्ती 18 बन्दियों की चिकित्सा व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान डीएम ने साफ-सफाई व्यवस्था को देखा तथा बन्दियों के लिए तैयार किये गये भोजन दाल, सब्ज़ी रोटी की गुणवत्ता का जायज़ा लेते हुए निर्देश दिया कि बन्दियों को निर्धारित मात्रा व मानक के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाय।

पेयजल की व्यवस्था के बारे में जेल अधीक्षक ने बताया कि आर.ओ. प्लान्ट लगा है जिसके माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है। डीएम ने निर्देश दिया कि कारागार में स्थापित अग्निशमन उपकरणों की नियमित चेकिंग कराई जाए और उनके प्रयोग की विधिवत जानकारी के साथ-साथ आवश्यकतानुसार कुछ लोगों को ट्रेनिंग भी दिलायें। डीएम ने सोलर प्लान्ट, जेल सुरक्षा, जल निकासी इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर शेषनाथ यादव, अनीता सक्सेना व माधुरी तिवारी मौजूद रहीं।

# मुस्लिम समाज के लोगों ने निकाला श्रद्धांजलि जुलूस




**टूंडला।** जामा मस्जिद टूंडला में जुम्मे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने जुलूस निकालकर पहलगाम में आतंकवादी घटना में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि जुलूस जामा मस्जिद से शुरू हुआ और मस्जिद रोड पर भ्रमण करने के बाद मस्जिद पर आकर सम्पन्न हुआ। जुलूस में शामिल सभी लोग पाकिस्तान द्वारा इस प्रायोजित हमले की निंदा की तथा भारत सरकार से मांग की कि इस कायराना घटना का बदला पाकिस्तान से लिया जाये। इस मौके पर इंसानियत कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सभासद सामीउजमा कुरैशी भोले, मोहम्मद सनी, बदरू उजुमा कुरैशी, शमीम उबैद कुरैशी, फैजान कुरैशी, गौरे कुरैशी, कमरुद्दीन कुरैशी, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद राशिद, रफी उल हक, अनवर उल हक मौलाना, हारून मौलाना, अबरार उल हक मौलाना, मिजिउला, मोहम्मद आरिफ मोहम्मद सादान, कुतुबुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# 83 शिकायतों में से 08 का मौके पर निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ-साथ समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील टूंडला में आयोजित किया गया, जहां टूंडला तहसील के दूर-दराज क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को जिलाधिकारी ने सुना, कुछ समस्याओं का तत्काल समाधान करते हुए कुछ समस्याओं को शीघ्र दूर करने का भरोसा दिलाया, जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो जहां राजस्व की टीम को पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां एक संयुक्त टीम गठित कर मामले का शीघ्र निस्तारण करने का प्रयास किया जाए, सभी अधिकारी यह भली प्रकार सुनिश्चित कर लें की समस्याओं को निस्तारण हेतु जनता को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाना पड़े और किसी भी अधिकारी की कोई शिकायत आती हैं, तो उस पर कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान राजस्व, सिंचाई, बिजली, नगर पालिका, नगर पंचायत इत्यादि से संबंधित मामले आए एक मामला नरोत्तम पुत्र मेवाराम जो तारानगर के निवासी हैं, जिन्होंने जिलाधिकारी के पास यह शिकायत की, की ग्राम सभा की भूमि को कुछ अराजक तत्वों ने जोतकर अपने खेतों में मिला लिया है, जब उनसे, उक्त भूमि को खाली करने की कहते हैं, तो वह लोग उनको जान से मारने की धमकी देते हैं, जिलाधिकारी ने तहसीलदार के नेतृत्व में एक टीम बनाकर इस पूरे मामले की जांच करने की आदेश दिए, जिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थी जगदीश सिंह सिसोदिया ने एक प्रार्थना दिया कि, की फिरोजाबाद स्थापना दिवस की तरह ही टूंडला तहसील की स्थापना दिवस 17 जुलाई को भव्यतापूर्वक बनाई जाए, इसी तरह प्रार्थी चंद्रपाल ने ग्राम पखरपुरा का रहने वाला है, उसने जिलाधिकारी से निवेदन किया कि उसका भाई उसके हिस्से का प्लॉट जबरन घेर रहा है और बंटवारे में आयी जमीन देने से मना कर रहा है, जिलाधिकारी ने इस मामले की जांच नायब तहसीलदार और एस0एच0ओ0 को संयुक्त टीम से कराने के निर्देश दिए।


# कार्यालय नगर निगम, शाहजहॉपुर

पत्रांक :- 562/स्वा0वि0/पी0आर0ओ/न0नि0-शाह0/ 2025-26 दिनांक -03-05-2025

## अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट/लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत निम्न क्रयदारी किये जाने हेतु ई-निविदा के माध्यम से दिनांक - 15.05.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक (तकनीकी एवं वित्तीय बिड अलग-अलग) आमंत्रित की जाती है जो तद् दिनांक सायं 04.00 बजे खोली जायेगी। अपनी दर ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर डाल सकते हैं।

| क्र. सं. | आपूर्ति/कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (मय जी.एस.टी.) व वेबसाइट मेन्टीनेन्स चार्ज | आपूर्ति/कार्य की समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 12 नग आधुनिक अण्डरग्राउण्ड डस्टबिन | 1,20,00,000.00 | 6,00,000.00 (05 प्रतिशत) | 14,160.00+250.00 =14,410.00 | 01 माह |

ई-निविदा की क्रयदारी हेतु धरोहर धनराशि नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50265293184 आई0एफ0एस0सी0 कोड - IDIB000C632 ब्रांच इन्डियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहॉपुर व निविदा शुल्क नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50200017927485 आई0एफ0एस0सी0 कोड - HDFC0000869 ब्रांच एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति अथवा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, शाहजहाँपुर में निहित होगा।

**नगर आयुक्त**

## इटावा सफारी पार्क में अब लेपर्ड की संख्या 22 हो गई

**इटावा।** हर वर्ष 3 मई को अंतर्राष्ट्रीय तेंदुआ दिवस (International Leopard Day) मनाया जाता है। इस अवसर पर शनिवार को इटावा सफारी पार्क में लेपर्ड शावकों की विशेष ध्यान रखने वाले कीपर जगदीश सिंह की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। जगदीश सिंह, कीपर द्वारा वर्तमान में 05 लेपर्ड शावकों की देखरेख की जा रही है। लेपर्ड एक आकर्षक वन्य प्राणी है। इसका रंग रूप बहुत ही मन मोहक तथा स्वभाव से यह बहुत ही चालाक होता है। इटावा सफारी पार्क में वर्तमान में कुल 20 लेपर्ड है जिसमें से 15 वयस्क एवं पाँच शावक है। ये सभी लेपर्ड प्रदेश के विभिन्न स्थानों से रेस्क्यू कर लाये गये हैं।चार हैंड रियर्ड लेपर्ड से सफारी का संचालन किया जा रहा है। चार अन्य लेपर्ड को टफेन ग्लॉस युक्त क्राल से पर्यटकों को दीदार कराया जा रहा है। पर्यटक टफेन ग्लास के अंदर लेपर्ड को देखकर बहुत ही रोमांचित महसूस होते है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव,उत्तर प्रदेश की अनुमति से शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय तेन्दुआ दिवस के दिन बिजनौर एवं मुरादाबाद से रेस्क्यू किए गए दो और लेपर्ड शावकों को सफारी पार्क में लाया गया है।

# नारायन कालेज में मना पेरेन्ट्स ओरिएन्टेशन प्रोग्राम

## अभिभावकों को आज के समय में अधिक व्यवहारिक होने की आवश्यकता है: डॉ. श्रेता तिवारी



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विशाल सभागार में पेरेन्ट्स ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। जिसमें नारायन ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन के क्रिएटिव किंगडम की दानों ब्रांच फ्रेण्ड्स कॉलोनी एवं चौगुर्जी तथा नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के सम्मानित अभिभावकों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नारायन ग्रुप की निदेशिका डॉ.श्रेता तिवारी, नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के प्रधानाचार्य डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा, लीड डिजिटल लर्निंग के रिसोर्स पर्सन पुष्पा शुक्ला, अमन, क्रिएटिव किंगडम ब्रांच फ्रेण्ड्स कॉलोनी की प्रधानाचार्या श्रीमती खूशबू शर्मा एवं क्रिएटिव किंगडम ब्रांच चौगुर्जी की प्रधानाचार्या श्रीमती रचना शर्मा विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम में नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स की छात्राओं ने सभी सम्मानित जनों एवं अभिभावकों का स्वागत संगीतमय स्वागत गीत के साथ किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा.धर्मेन्द्र शर्मा ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि नारायन ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन सदैव छात्र-छात्राओं के संर्वागीण विकास को प्राथमिकता देता है। पेरेन्ट्स ओरिएन्टेशन कार्यक्रम इसी दिशा में एक कदम है। आज के डिजिटल युग में शिक्षा की परम्परागत शैली से हट कर हमें आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करना आवश्यक हो गया है। आज के अल्फा और बीटा जनरेशन को समझने और समझाने के लिये अभिभावकों की भूमिका अति महत्वपूर्ण हो गई है। अभिभावकों को भी इस प्रतिस्पर्धी युग में अपने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिये स्वंय भी पहल करनी होगी तथा समय-समय पर विद्यालय द्वारा दिया जाने वाला प्रशिक्षण एवं दिशा निर्देशों का पालन करना पड़ेगा तभी छात्र-छात्राओं का संर्वागीण विकास हो पायेगा। नारायन ग्रुप की निदेशिका डॉ.श्रेता तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अभिभावकों को आज के समय में अधिक व्यवहारिक होने की आवश्यकता है। आज के परिवेश के छात्र-छात्राओं की कल्पनाओं को अभिभावकों को समझना चाहिये एवं अपनी भूमिका को अति महत्वपूर्ण समझते हुये छात्र-छात्राओं को सदा प्रेरित करते रहना चाहिय। पेरेन्ट्स ओरिएन्टेशन कार्यक्रम में अभिभावकों ने विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग किया तथा कार्यक्रम की प्रसंशा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में लीड डिजिटल लर्निंग कोर्डिनेटर श्रीमती गौरी अग्निहोत्री, सी.सी.ए.इंचार्ज ऋतु कनौजिया, सोमी यादव, मेद्या शर्मा तथा वन्दिनी गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मानसिक तनाव के चलते 52 वर्षीय किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर के मौजा बिवार, तहसील मौदहा में आज सुबह 05ः00 बजे 52 वर्षीय रामखिलावन पुत्र रामचरन ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिलाधिकारी द्वारा कराई गई जांच में सामने आया कि मृतक अन्य पिछड़ा वर्ग (प्रजापति जाति) से था और कृषि व मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था।रामखिलावन के परिवार में पत्नी कुसुम (47 वर्ष), पुत्र भीष्म (20 वर्ष), विवाहित पुत्री कारी (28 वर्ष) और अविवाहित पुत्री रजनी (23 वर्ष) हैं। रजनी का विवाह 18 मई 2025 को तय था, जिसे लेकर रामखिलावन पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था। जांच में यह भी पता चला कि मृतक ब्लड प्रेशर का मरीज था।मृतक के नाम बिवार और बांधुर बुजुर्ग में कुल 0.935 हेक्टेयर कृषि भूमि दर्ज थी, जिस पर इस वर्ष गेहूं की फसल उगाई और बेची गई थी। इसके अलावा, मृतक के पास एक गाय, पक्का मकान और सरकारी राशन की सुविधा थी। परिजनों, पड़ोसियों और होने वाले समधी के बयानों के आधार पर जांच में पुष्टि हुई कि रामखिलावन ने मानसिक तनाव के कारण यह कदम उठाया।

# वरिष्ठ अधिवक्ता की प्रतिमा का हुआ अनावरण




अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिला बार एसोसिएशन द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता स्व0वीरेन्द्र कुमार यादव(गुरू जी)की प्रतिमा का अनावरण शनिवार को मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डा. शेखर कुमार यादव, उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अनिल कुमार गौर ने की व संचालन महामन्त्री देवेन्द्र पाल सिंह ने किया। न्यायमूर्ति ने गुरू जी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद श्रदेय नेताजी स्व0मुलायम सिंह यादव जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का एडवोकेट कार्तिकेय यादव आदि ने प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता कृपानन्द बाजपेई ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह गुरू जी की प्रतिमा का नही, प्रतिभा का अनावरण हुआ है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्तागण चन्द्रशेखर प्रसाद गौर, कृपानन्द बाजपेई, बृजेन्द्र कुमार गुप्ता, सतीश चन्द्र चतुर्वेदी, शिव शरण त्रिपाठी, राजकुमार गुप्ता, ज्ञान अग्रवाल, रमाशंकर चौधरी, डीडी मिश्रा, राजेश त्रिपाठी, देवेन्द्र पाण्डेय, अवनीश कुमार यादव, चन्द्रगुप्त, प्रहलाद सिंह यादव, अवधेश तिवारी, मनोज शाक्य, मोहसिन अली, कार्तिकेय यादव, सतेन्द्र पाल सिंह यादव, राघवेन्द्र शर्मा, रोहित यादव, प्रदीप यादव, मेराज अली खान, रीना यादव, काशिफ़ा नाज़ आदि काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत, जो 10 मई 2025 को आयोजित होगी, के सफल आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर में आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशन में नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल कुमार खरवार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने की।बैठक में अपर जिलाधिकारी की ओर से डिप्टी कलेक्टर पवन प्रकाश पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक की ओर से सदर सीओ राजेश कमल, लीड बैंक मैनेजर के प्रतिनिधि योगेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के प्रतिनिधि राजेन्द्र खरे, एआरटीओ अमिताभ राय, बीएसएनएल विभाग से अमर मेहरोत्रा, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग शहजाद खान, उप खण्ड विद्युत विभाग राठ से हरिशचन्द्र, जिलापूर्ति कार्यालय से आशुतोष सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वादकारियों के हित में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण और लोक अदालत के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। नोडल अधिकारी ने चिन्हित मामलों में नोटिस/सम्मन की तामील सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, ताकि वादकारियों को लोक अदालत की जानकारी समय पर प्राप्त हो सके।यह बैठक राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विवादों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण निपटारे के लिए जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के सहयोग को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एनसीएल के मेगा स्पोर्ट्स समर कैंप 'आरोहण 2025' के लिए रेजिस्ट्रेशन शुरू

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा प्रतिवर्ष बच्चों व युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास को समर्पित मेगा समर कैंप ÷आरोहण÷ का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 'आरोहण 2025' के लिए रेजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसके तहत कैंप में भाग लेने हेतु सभी इच्छुक प्रतिभागी 6 मई, 2025 तक पंजीकरण करा सकते हैं। एक माह की अवधि तक चलने वाले आरोहण समर कैंप में 6 वर्ष से 14 वर्ष की आयु के बच्चे भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर के दौरान सभी युवाओं एवं बच्चों को योग्य प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न खेल कूद विधाओं ङ्क बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, क्रिकेट, वालीबॉल, तैराकी, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, जूडो, कराटे, फुटबॉल, संगीत (गायन-वादन), नृत्य, ड्रॉइंग, पेंटिंग इत्यादि में तराशा जाएगा। रेजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के उपरांत, चयनित प्रतिभागियों की सूची 10 मई, 2025 को एनसीएल द्वारा प्रकाशित की जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में सैफई तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में तहसील सैफई में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें।

तहसील सैफई में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 74 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 12 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी सैफई कौशल किशोर, क्षेत्राधिकारी सैफई, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बृजेन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो वारंटी अभियुक्तों गिरफ्तार



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिसोलर पुलिस ने आज दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान हरिश्चंद्र पुत्र भग्गू सिंह ठाकुर (उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम शिव, थाना विसण्डा, जनपद बांदा) और रामचन्द्र पुत्र चिनकई (उम्र 52 वर्ष, निवासी भुजरक, थाना तिंदवारी, जनपद बांदा) के रूप में हुई है।दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा संख्या 136/93, धारा 380/411 IPC के तहत माननीय सिविल जज (एस.डी.) हमीरपुर द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट लंबित था। सिसोलर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कपिल मलिक, कांस्टेबल भगवान सिंह और कांस्टेबल पुरुषोत्तम नारायण शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने इस सफल कार्रवाई के लिए टीम की सराहना की है।

### संपूर्ण समाधान दिवस पर एएसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर किया निस्तारण




**हमीरपुर।** जनपद के तहसील मौदहा में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया व शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया तथा जमीनी विवादों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये।इस अवसर उप जिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

### छात्र/छात्राओं को किया गया सम्मानित



**सोनभद्र।** पंडित विद्याधर इ0 का0 कबरी में हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को शील्ड प्रदान कर ,माला पुष्प, चन्दन एवं मिष्ठान द्वारा सम्मानित किया गया । कक्षा 10 में कुमारी प्रतिभा चौहान प्रथम, प्रियंका द्वितीय एवं शिवांग पाण्डेय तृतीय स्थान प्राप्त किये वहीं इण्टर मीडिएट में नगमा प्रथम, प्रियांशु देव पाण्डेय द्वितीय तथा उर्मिला विश्वकर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। इस प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य श्री ओमप्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि भावी छात्र' छात्राओं को इनसे कड़ी मेहनत,कठोर परिश्रम, दृढ़ संकल्प शक्ति तथा शिक्षा के प्रति समर्पण भाव की प्रेरणा लेनी चाहिए इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक /अध्यापिकाओं में संरक्षक सुरेश तिवारी, श्रवण कुमार पाण्डेय, अनुराग त्रिपाठी, कृष्ण देव पाण्डेय, सगीर खां,राजू प्रसाद, शशि पटेल, पूजा पाण्डेय, पूजा सिंह, निधि सिंह, श्वेता सिंह पायल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निर्माणाधीन तहसील ओबरा के भवन का किया निरीक्षण



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने निर्माणाधीन तहसील ओबरा के भवन का औचक निरीक्षण किये निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एजेन्सी सी.एम.डी.एस. को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील भवन के निर्माण कार्य में तेजी लायी जाये और निर्माण कार्य ससमय गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाये जिससे कि तहसील का संचालन नये भवन से जल्द प्रारम्भ हो सके इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणधीन तहासील भवन के विभिन्न कक्षों को देखे और निर्माण कार्य के गुणवत्ता बेहतर करने हेतु निर्देशित किये इस मौके पर उप जिलधिकारी विवेक सिंह ओबरा, सी.ओ. ओबरा, जे.ई. सी.एम.डी.एस., अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### 4 मई को बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**मौदहा (हमीरपुर)।** विद्युत उपखंड क्षेत्र अंतर्गत 33 केवी लाइन में पुराने तारों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। इसी के चलते आगामी रविवार, 4 मई 2025 को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्य की प्रगति के अनुसार यदि कार्य निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण हो जाता है, तो विद्युत आपूर्ति समय से पहले भी बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान रोजाना की जाने वाली सुबह-शाम की रोस्टिंग नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विद्युत विभाग के सभी कैश काउंटर खुले रहेंगे तथा विभागीय कार्य सामान्य रूप से चलते रहेंगे। उपखंड अधिकारी ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 87 शिकायतें प्राप्त, तीन का मौके पर निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीणा की अध्यक्षता में सदर तहसील में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 3 का मौके पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मिलने और उनकी बात सुनने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायत निस्तारण के दौरान लोकेशन सहित फोटोग्राफ लेने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ/1076 की शिकायतों का निष्पक्ष, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिकायतों का निस्तारण 7 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशानी न हो। साथ ही, शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने और अगले समाधान दिवस में वही शिकायत दोबारा न आने का निर्देश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी चंदशेखर शुक्ल, पीडी साधना दीक्षित, एसडीएम सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर 15 दिवसीय कार्यक्रमों का हुआ समापन

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं योगदान पर बच्चों को जानकारी देने हेतु विभिन्न शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गई, जिनमें चित्रकला प्रतियोगिता, कविता पाठ, गोष्ठी आदि प्रमुख रहीं। इन कार्यक्रमों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार प्राप्त किए।

समापन अवसर पर एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इटावा जिले के सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश उपस्थित हुए। उन्होंने प्रतिभागी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव (डी.टी.सी., सी.बी.एस.ई.)ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी निरंतर प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। पुरस्कार प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खिल उठे और पूरे विद्यालय में उत्सव का माहौल रहा। यह आयोजन न केवल डॉ.अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने का माध्यम बना, बल्कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता की भावना को भी सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हुआ।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मासूम घायल, उरई रेफर

**हमीरपुर (राठ)।** कस्बा राठ में तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाई जा रही मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक पांच वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे तत्काल सीएचसी राठ में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे उरई रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला जुगियाना औडेरा रोड निवासी अजय कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम करीब छह बजे उनका पांच वर्षीय पुत्र बैभव अपनी मां के साथ मकान के बाहर बैठा था। इसी दौरान पड़ोसी भगत सिंह पुत्र पन्ना लाल अनुरागी ने तेज व लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते हुए बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। थाना राठ पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी बाइक सवार भगत सिंह के खिलाफ मु0अ0सं0 204/2025, धारा 281/2025 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वक्फ संशोधन विधेयक कमजोर वर्ग को मजबूत करेगा : अशोक



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** वक्फ सुधार जनजागरण अभियान हेतु अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यकम शुभश्री पैलेस राबर्ट्सगंज पर सम्पन्न हुयी संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया जी व विशिष्ठ अतिथि के रुप मे क्षेत्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अब्दुल कलाम अंसारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर मुख्यअतिथि अशोक चौरसिया, अब्दुल कलाम अंसारी जी, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल ने पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी व संचालन जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष महामंत्री अशोक चौरसिया जी ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक 2025 कमजोर वर्ग एवं मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रुप से मजबूत करने मे सहायक साबित होगा आगे कहा कि वक्फ इस्लामी कानून के अंतर्गत स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है, जिसे भारत में वक्फ अधिनियम, 1995 के तहत मान्यता प्राप्त और विनियमित किया जाता है। वक्फ बोर्ड और उनके द्वारा नियंत्रित सम्पत्तियाँ भारत में इस्लामिक जीवन के महत्वपूर्ण अंग हैं, क्योंकि वे अनगिनत मस्जिदों, धार्मिक और परोपकारी संस्थानों के संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि 2018 की केंद्रीय वक्फ परिषद रिपोर्ट के अनुसार भारत में 8 लाख एकड़ से अधिक वक्फ संपत्ति है, जिसकी अनुमानित कीमत रू0 10 लाख करोड़ से अधिक है। यू0पी0ए0 सरकार द्वारा प्रस्तुत वक्फ संशोधन अधिनियम, 2013 ने वक्फ बोर्ड की शक्तियों का विस्तार करके मनमाने ढंग से भूमि अधिग्रहण को सक्षम करके सम्पत्ति के अधिकारों को कमजोर कर दिया। इसमें पारदर्शिता की कमी और हितधारकों की चिंताओं को नजर अंदाज करने के साथ ही बिना किसी नियम कानून के फैसले किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ठ अतिथि अब्दुल कलाम अंसारी ने कहा कि जैसे-राज्य-वित्तपोषित सर्वेक्षण और वक्फ संपत्ति पर प्रतिबंध राज्य सरकार के अधिकार और गैर-मुस्लिम दान को शामिल करने की सीमाएँ, वक्फ परिषद की बढ़ी शक्तियाँ और वक्फ संपत्ति पर लेनदेन पर प्रतिबंध, राज्यों पर बोझ और मनमाने भूमि दावे, यू0पी0ए0 सरकार द्वारा 2014 के विधेयक में वक्फ बोर्ड को और अधिक व्यापक शक्ति देने का प्रस्ताव किया गया के साथ - साथ अनेको वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की मुख्य विशेषताओं पर विस्तृत चर्चा किया। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 कमजोर वर्ग एवं मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रुप से मजबूत करने मे सहायक साबित होगा यह विधेयक विरासत एवं व्यक्तिगत संपत्तियों के अधिकारों की सुरक्षा करेगा मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति मे सुधार होगा विपक्ष का एजेंडा नकारात्मक प्रचार से लोगो को भ्रमित करने का है। प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास है और यही संकल्प केन्द्र सरकार की प्रत्येक योजना एवं निर्णय में परिलक्षित होता है। भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल जी ने आये हुए मुख्यअतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रबुद्धजनों व कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग अपने-अपने मंडलों में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के बारे में सामाजों में जाकर चर्चा करें एवं कार्यक्रम समापन की घोषणा की। कार्यक्रम मे मुख्यरुप से जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कमलेश खांम्भे, अल्ताफ कादरी, समीर वारसी, अनवर अली, अजहर खां, मुस्ताक अहमद खां, अब्दुल गलिब, मिराउदीन खां, मुस्तफा जमाल सुन्ना, तौकिर खां, औरंगजेब खां, अल्ताफ कादरी, एकलाख खां, अफसर वारसी, वसीर अहमद, जिला मंत्री संतोष शुक्ला, शंम्भू नारायण सिंह, कैलास बैसवार, बृजेश श्रीवास्तव सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बालिकाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 की तैयारियों के तहत प्रतिभागी बालिकाओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 20 शासकीय विद्यालयों से चयनित 103 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे 19 मई से 15 जून 2025 तक चलने वाले इस आवासीय कार्यक्रम के लिए पूरी तरह से स्वस्थ और सक्षम हैं। यह परीक्षण डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके साथ डॉ. हेमा उराव (वरिष्ठ विशेषज्ञ), डॉ. तनय पटेल (स्पेशलिस्ट) और डॉ. भगवत सिंह लोधी (जीडीएमओ) की अनुभवी टीम मौजूद रही। इस अवसर पर बालिकाओं की ऊँचाई, वजन, हीमोग्लोबिन स्तर और सामान्य शारीरिक स्थिति की जाँच की गई। इस स्वास्थ्य परीक्षण का उद्देश्य न केवल प्रतिभागियों की शारीरिक फिटनेस सुनिश्चित करना था, बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और आत्मविश्वासी शुरुआत देना भी था। एनटीपीसी विंध्याचल का यह प्रयास बालिकाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

मुख्यमंत्री ने की बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यों की समीक्षा

# 'मुख्यमंत्री सुपोषण योजना' प्रारम्भ की जानी चाहिए : योगी



- योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को प्रातःकाल स्वल्पाहार के रूप में दूध, फल, पोषाहार आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाएगी
- 'मुख्यमंत्री सुपोषण योजना' के सम्बन्ध में विस्तृत कार्ययोजना यथाशीघ्र तैयार की जाए
- यह योजना डॉ0 भीमराव आंबेडकर जीरो पॉवर्टी मिशन के अंतर्गत चिन्हित गरीब परिवारों के लिए एक बड़ी सौगात होगी, आकांक्षात्मक जनपदों और आकांक्षात्मक विकासखण्डों को इससे लाभान्वित किया जाए
- प्रदेश के सभी जनपदों में टेक होम राशन की इकाइयां स्थापित करने के निर्देश
- वर्तमान में 43 जनपदों में 204 इकाइयों द्वारा 288 परियोजनाओं को टेक होम राशन की आपूर्ति की जा रही, निर्माण, पैकेजिंग और वितरणकी पूरी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण हो
- रेसिपी आधारित टेक होम राशन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में उपलब्ध विशिष्ट फसलों जैसे प्रतापगढ़ का आंवला, श्रीअन्न, गुड़ आदि भोज्य पदार्थों को स्थान दिया जाए, मेन्यू को विविधतापूर्ण बनाया जाए

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'सुपोषित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए 'मुख्यमंत्री सुपोषण योजना' प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, उन्होंने प्रदेश के सभी जनपदों में टेक होम राशन (टी0एच0आर0) की इकाइयां स्थापित करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यों की समीक्षा की और योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गम्भीर तीव्र कुपोषण (सैम) की समस्या को लेकर अब तक 'सम्भव अभियान' के अंतर्गत जो प्रयास किए गए हैं, उनसे उल्लेखनीय सुधार अवश्य हुआ है, लेकिन अभी भी सतत पोषण सहायता की महती आवश्यकता बनी हुई है। इसके दृष्टिगत 03 से 06 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को प्रातःकाल पौष्टिक स्वल्पाहार उपलब्ध कराने हेतु 'मुख्यमंत्री सुपोषण योजना' प्रारम्भ की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना डॉ0 भीमराव आंबेडकर जीरो पॉवर्टी मिशन के अंतर्गत चिन्हित गरीब परिवारों के लिए एक बड़ी सौगात होगी। इसके साथ ही, आकांक्षात्मक जनपदों और आकांक्षात्मक विकासखण्डों को भी इससे लाभान्वित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इसी भाव के साथ 'मुख्यमंत्री सुपोषण योजना' के सम्बन्ध में विस्तृत कार्ययोजना यथाशीघ्र तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने बच्चों में स्टंटिंग, अंडरवेट और वेस्टिंग जैसे पोषण मानकों की सतत मॉनीटरिंग पर बल देते हुए कहा कि इसके लिए स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के समन्वय से एकीकृत प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को प्रातःकाल स्वल्पाहार के रूप में दूध, फल, पोषाहार आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

# बीएसएफ जवान की सकुशल रिहाई सुनिश्चित करे सरकार

- रक्षा मंत्री के लखनऊ कार्यालय प्रतिनिधि को दिया गया ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** युवा शक्ति संगठन द्वारा पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कालिदास मार्ग कार्यालय, लखनऊ में कार्यालय प्रतिनिधि राघवेंद्र शुक्ला को ज्ञापन प्रेषित कर बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव की सुरक्षित और सकुशल रिहाई के लिए रक्षामंत्री से उच्चस्तरीय कदम प्राथमिकता से उठाने की मांग की गई । संगठन संयोजक गौरव सिंह ने कहा की पहलगाम में बर्बर आतंकवादी हमले और पंजाब के फिरोजपुर जिले की अंतरराष्ट्रीय सीमा से जिस तरह से बीएसएफ जवान को पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा पकड़ा गया है उससे देशवासियों में रोष व्याप्त है ।बीएसएफ जवान को छुड़ाने के लिए पिछले 10 दिनों से जारी प्रयास के बाद भी पाकिस्तान द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा है। संगठन के संयोजक गौरव सिंह ने कहा कि बीएसएफ जवान को छुड़ाने के लिए भारत सरकार को उच्चस्तरीय पहल प्राथमिकता से करनी चाहिए। वहीं बीएसएफ जवान की तस्वीर पाकिस्तान द्वारा जारी की गई है वह अमानवीय और जवान के साथ क्रूरता की आशंका को दर्शाता है। पाकिस्तान द्वारा जेनेवा कन्वेंशन का घोर उल्लंघन किया जा रहा है, भारत सरकार को इस विषय को संयुक्त राष्ट्र में भी उठाना चाहिए। बीएसएफ जवान के जीवन की सुरक्षा और सकुशल रिहाई के लिए किए जा रहे पहल पर हम तत्काल सरकार से देशवासियों को अवगत कराने की मांग करते हैं। ज्ञापन प्रेषित करने 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में गौरव सिंह, अहमद खान, अनिल मौर्या जयप्रकाश नायक, रमेश चौरसिया उपस्थित रहे।

## अच्छेलाल बाल्मीकि जी की 11वीं पुण्यतिथि पर

**लखनऊ।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ एवं आल इण्डिया बाल्मीकि महासभा के संस्थापक, पूर्व सांसद, पूर्व विधान परिषद सदस्य स्व. अच्छेलाल बाल्मीकि की 11वीं पुण्यतिथि पर आज अच्छेलाल बाल्मीकि सामाजिक चेतना वाटिका, परिवर्तन चैक, लखनऊ पर श्रद्धांजलि सभा एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बृजेश पाठक- उप मुख्यमंत्री- उ0प्र0 सरकार, भाजपा के नगर अध्यक्ष आनन्द त्रिवेदी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में सम्मिलित बाल्मीकि समाज के अन्य लोगों में सर्वश्री कौशल बाल्मीकि, कमल कुमार बाल्मीकि, नरेश बाल्मीकि, बृजेश चौधरी, सुनील धानुक, संतोष बाल्मीकि, सौरभ बाल्मीकि, राम नरेन्द्र दीवान, राजेन्द्र बाल्मीकि, जगदीश अटल, राजू प्रधान, राम कुमार बागी, चौधरी वीर सिंह, मनोज बाल्मीकि 'मनु', अनिल चौधरी, विशाल वैद्य, अजीत वैद्य, मनोज बाल्मीकि, रवि बाल्मीकि, अमन, सुमित चौधरी, बबलू चौधरी, आदित्य चौधरी, चौधरी आयूष कुमार बाल्मीकि- पूर्व पार्षद प्रत्याशी- भाजपा आदि लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## दो हजार से ज्यादा बिजली कर्मियों का वेतन रुका

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मियों को विभाग ने ही करारा झटका दिया है। फेशियल अटेंडेंस की अनिवार्यता का पालन न करने वाले 2000 से ज्यादा बिजली कर्मियों का अप्रैल का वेतन रोकने का आदेश मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने जारी किया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने इस आदेश पर आपत्ति दर्ज जतायी है। वहीं, शुक्रवार से निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का क्रमिक अनशन शक्ति भवन पर शुरु हो गया। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे के मुताबिक, संविदा कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छंटनी चल रही है। इसके अलावा 2000 से ज्यादा बिजली कर्मचारियों का वेतन रोके जाने के भी आदेश भी जारी हो गया है, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी है। उन्होंने आदेश को तानाशाहीपूर्ण बताते हुए हटाए गए सभी संविदा कर्मचारियों को फिर से नौकरी में लिए जाने और वेतन के भुगतान करने की मांग की है।

# बच्चों की सफलता पर टिंबर व्यापारियों ने किया मिष्ठान वितरण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ऐशबाग मंडी चौराहे पर काष्ठ आधारित उद्योगों से जुड़े विभिन्न संगठनों द्वारा आईसीएसई और आईएससी बोर्ड 2025 में टिंबर व्यापारियों व आढ़तियो के 90त्न से ऊपर उत्तीर्ण हुए बेटे व बेटियों व अभिभावकों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले होनहार बच्चे नबील खान पुत्र शादाब खान,इशिका सक्सेना पुत्री सोनू सक्सेना सहित सभी बच्चों को टिंबर व्यापारियों ने बधाई दी व मिष्ठान वितरण किया।

इस दौरान मुख्य आयोजक उत्तर प्रदेश लकड़ी व्यापार मंडल व लखनऊ टिंबर ब्रोकर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष देवाशीष देव, उपाध्यक्ष अयाज अहमद,सह आयोजक लखनऊ टिंबर सामिल ऑनर्स एसोसिएशन मंत्री जितेंद्र सिंह,कोषाध्यक्ष सोनू सक्सेना, उत्तर प्रदेश टिंबर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी, उपाध्यक्ष एजाज खान, सचिव वसीम अहमद सहित सैकड़ों टिंबर व्यापारी मौजूद रहे।

'अन्तर्राष्ट्रीय प्रधानाचार्य सम्मेलन' में देश-विदेश के शिक्षाविदों के बीच परिचर्चा का दौर जारी

# छात्रों के सर्वांगीण विकास की साक्षी बने शिक्षा: प्रो. गीता

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोल्फ सिटी कैम्पस, जॉपलिंग रोड कैम्पस एवं राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय प्रधानाचार्य सम्मेलन (आई.सी.पी.) का दूसरा दिन आज देश-विदेश से पधारे शिक्षाविदों के बहुमूल्य विचारों से ओतप्रोत रहा।

आस्ट्रेलिया, मॉरीशस, नेपाल एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से पधारे प्रधानाचार्य व शिक्षाविद्ों ने इक्कीसवीं सदी में शिक्षा के नये रूप को विकसित करने की पद्धति, नवीन शैक्षिक तकनीकों, नवीन शैक्षिक उपकरणों एवं टीचिंग एड्स पर अपने विस्तृत अनुभव रखे। परिचर्चा का शुभारम्भ सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट डा. रोजर किंगडन ने सारगर्भित अभिभाषण से हुआ। डा. किंगडन ने कहा कि सम्मेलन का लक्ष्य यही है कि शिक्षा पद्धति में रचनात्मक बदलाव होना चाहिए। बच्चों एवं शिक्षकों के बीच एक भावनात्मक सम्बन्ध होना आवश्यक है। शिक्षक न सिर्फ छात्रों की पढ़ाई पर ध्यान दें अपितु उनकी जिज्ञासाओं व उलझनों को भी सुलझायें। सी.एम.एस. की सुपीरियर प्रिन्सिपल एवं क्वालिटी अश्योरेन्स एवं इनोवेशन डिपार्टमेन्ट की हेड सुश्री सुष्मिता घोष ने शिक्षाविद्ों का स्वागत करते हुए कहा कि जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा ही छात्रों को समाज का एक आदर्श नागरिक बनायेगी। सम्मेलन के अन्तर्गत आज देश-विदेश से पधारे शिक्षकों व प्रधानाचार्यो ने 'द पास्ट, प्रजेन्ट एण्ड फ्यूचर ऑफ स्कूल लीडरशिप' थीम पर अपने विचार रखे। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों ने पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए 'स्किल बेस्ड लर्निंग - फ्यूचर प्रूफिंग स्टूडेन्ट्स फॉर सक्सेस' एवं 'बिल्डिंग ग्लोबल सिटीजनशिप - इनोवेटिव एप्रोच टु इन्वायर्नमेन्टल एजूकेशन' विषय पर व्याख्यान दिया। इसके साथ ही ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद्ों के बीच शिक्षा पद्धति में रचनात्मक बदलावों पर भी गहन चिन्तन-मनन हो रहा है। गूगल फॉर एजूकेशन इण्डिया के हेड श्री संजय जैन ने अपने संबोधन में कहा कि ए.आई. शिक्षा में कान्तिकारी बदलाव का टूल है, जो छात्रों की जिज्ञासाओं का तुरन्त ही सटीक समाधान प्रस्तुत करता है। इसके माध्यम से छात्र अपनी रूचि के विषयों में गहरी से गहरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर सुश्री कविता आनंद, फाउण्डर-डायरेक्टर, अध्ययन क्वालिटी एजूकेशन सर्विस, डा. ज्योति, शिक्षाविद्, गुड़गांव, सुश्री श्रुति नागर, शिक्षाविद्, गुड़गांव समेत कई प्रख्यात शिक्षाविद्ों ने अपने विचार व्यक्त किये।

# बक्शी का तालाब ब्लॉक के पर्यटन ग्राम कठवारा का विजिट

- मां चंद्रिका देवी आदि का विजिट कराया गया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान (एमकेआईटीएम) में 28 अप्रैल से 02 मई, 2025 तक ग्रामीण पर्यटन समन्वयकों के लिए आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रदेश के 18 जिलों- शामली, सहारनपुर, बांदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर, रायबरेली, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, लखनऊ, वाराणसी, चंदौली, अयोध्या, बाराबंकी, अमेठी, बहराइच और गोंडा से चयनित 29 ग्राम समन्वयकों ने भाग लिया। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश ग्रामीण पर्यटन परियोजना (एग्री-रूरल एवं गंगे ग्राम रूरल टूरिज्म) के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को ग्रामीण पर्यटन, ग्राम समन्वयक की भूमिका, व्यक्तित्व विकास, होम-स्टे की अवधारणा, पारंपरिक भोजन, स्थानीय शिल्प, लोककला, रीति-रिवाज, जैविक खेती, कहानी कहने की कला, कचरा प्रबंधन, सोशल मीडिया, ऑनलाइन मार्केटिंग, डिजिटल भुगतान, स्वच्छता, सुरक्षा, योग एवं ध्यान आदि विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। इसका उद्देश्य ग्राम समन्वयकों को इस योग्य बनाना है कि वे हो-मस्टे संचालकों और लाभार्थियों के साथ समन्वय स्थापित कर पर्यटकों को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को लखनऊ मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर, सीतापुर रोड स्थित बक्शी का तालाब ब्लॉक के पर्यटन ग्राम कठवारा में एक्सपोज़र विजिट भी कराया गया। यहाँ 10 होम-स्टे इकाइयों को चिन्हित कर विकसित किया जा रहा है, ताकि घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों को स्थानीय जीवनशैली का अनुभव कराया जा सके। साथ ही जिले स्तर पर कुछ एग्रो-टूरिज्म प्रॉपर्टी को भी चिन्हित किया जा रहा है, जिन्हें पर्यटन विभाग के साथ पंजीकृत कर संचालित किया जाएगा।

# नमन वर्मा ने 99.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम किया रोशन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सेंट एंटनी इंटर कॉलेज, जानकीपुरम, लखनऊ के लिए यह गर्व का क्षण है कि कक्षा 10वीं 2025 और कक्षा 12वीं 2025 का परिणाम 30 अप्रैल 2025 को घोषित किया गया। हम माता-पिता और छात्र नमन वर्मा की कड़ी मेहनत की सराहना करते हैं जिन्होंने कक्षा 12वीं आईएससी 2025 में 99.75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने अंग्रेजी में 99 प्रतिशत, गणित में 100 प्रतिशत, भौतिकी में 100 प्रतिशत, कंप्यूटर में 100 प्रतिशत और रसायन विज्ञान में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हमें इस उपलब्धि पर गर्व है।

हम निधि बिष्ट की कड़ी मेहनत की सराहना करते हैं जिन्होंने कक्षा 10 वीं आईसीएसई 2025 में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, उन्होंने अंग्रेजी में 95 प्रतिशत, हिंदी 98 प्रतिशत, इतिहास, नागरिक शास्त्र और भूगोल 99 प्रतिशत, गणित 99 प्रतिशत, कंप्यूटर 99 प्रतिशत, जीवविज्ञान 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हमें इस उपलब्धि पर गर्व है।

# सरोजनी नगर की फैक्ट्री में भीषण आग, मालिक और मजदूर जिंदा जले

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अमौसी के गंगा नगर इलाके में शनिवार शाम को बंद पड़ी स्वीटी फूड फैक्ट्री में वेल्डिंग के काम के दौरान आग लग गई। लपटों व धुएं के बीच फैक्ट्री मालिक अखिलेश (45), डाला चालक समेत तीन लोग फंस गए। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने घर के बाहर खड़ी कार और छत पर रखे केमिकल से भरे टैंकर को चपेट में ले लिया, जिससे लपटों के साथ-साथ धमाके होने लगे। आनन-फानन में पुलिस ने आसपास का इलाका खाली कराया। अंदर फंसे डाला चालक ने तो कूदकर जान बचाई। दमकल की 20 गाड़ी, हाइड्रोलिक प्लेटफार्म और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची। करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उसके बाद टीम अंदर पहुंची। जले हुए फैक्ट्री मालिक और मजदूर अबरार (44) को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। आलमबाग के मवैया निवासी ऋतिक कुमार ने बताया कि वह शनिवार शाम को पिता अखिलेश के साथ फैक्ट्री के बाहर खड़े थे। एक साल से बंद पड़ी बेकरी फूड की फैक्ट्री में अंदर वेल्डिंग का काम हो रहा था। इसी बीच फैक्ट्री में आग देख पिता अंदर देखने चले गए। तभी आग फैल गई। आग ने बाहर खड़ी कार को भी चपेट में ले लिया। अखिलेश अंदर फंस गए। ऋतिक मदद के लिए चिल्लाने लगा। चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग और राहगीर दौड़े। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी पहुंच गए थे। फैक्ट्री में सामान लेकर आया छत पर सो रहा डाला चालक श्रीचंद्र लपटों व धुएं के बीच फंस गया था। आनन-फानन में वह नीचे उतरा तो देखा फैक्ट्री में काम करने वाले लोग जान बचाने के लिए भाग रहे थे। श्रीचंद्र ने बताया कि वह फिर से छत पर भाग गया। टैंकर में आग पकड़ता देख उसने छत से छलांग लगा दी, जिससे वह चोटिल हो गया।

# डीपी यादव की चौथी पुण्यतिथि पर मेडिकल कैम्प और भण्डारे का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिनेश पाल यादव की चौथी पुण्यतिथि पर फ्री मेडिकल कैम्प व भंडारे का उनकी पत्नी अनीता यादव, पुत्र उदित यादव, प्रिंस यादव, पुत्री आयुषी यादव, भाभी पुष्पा यादव, भतीजे अमरेंद्र सिंह के द्वारा ग्राम अमानीगंज मलिहाबाद स्थित शरद वाटिका में आयोजन करते हुए श्रृद्धासुमन अर्पित कर भवभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रृद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत,प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह, प्रदेश सचिव वसी अहमद, अभय मुलायम सिंह यादव,उपाध्यक्ष विजयश्री गौतम, पूर्व पार्षद मोनू कनौजिया, डिप्टी एसपी एसके यादव, ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश चेयरमैन केशरी राव धारा सिंह यादव,जिला पंचायत सदस्य निहाल अहमद सिद्दीकी, पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत, राहुल सिंह यादव, बेचेलाल यादव, अशोक यादव, शिवम गोलू, उदय शंकर, डॉ माधवेंद्र प्रताप सिंह यादव, चौधरी मुल्तान सिंह यादव सहित अन्य लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंच कर श्रृद्धांजलि अर्पित की। करीब 250 लोगों ने अपना मेडिकल चैकप कराकर दवाइयां ली और भंडारे में प्रसाद चखा।

# नवनियुक्त कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब, लखनऊ में विभिन्न सरकारी, अर्धसरकारी विभाग/संस्थाओ के अधिकारियों व कर्मचारियों व विभाग व रचनात्मक कार्यो से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें और अधिक दक्ष व सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्रम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब, लखनऊ द्वारा भारतीय खाद्य निगम के सहयोग से, भारतीय खाद्य निगम में नवनियुक्त तृतीय श्रेणी के कार्मिकों हेतु, दिनांक 21अप्रैल 03 मई 2025 की अवधि में, आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस बारह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण, 86कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

संस्थान के महानिदेशक एल0 वेंकटेश्वर लू के संरक्षण व अपर निदेशक बी डी चौधरी के मार्गनिर्देशन तथा उप निदेशक सरिता गुप्ता एवं सहायक निदेशक डॉ सीमा राठौर के नियन्त्रण में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हुआ है।

इस आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विषयों यथा - स्ट्रक्चर आफ स्टेट एण्ड रिलेशनशिप विथ एफ सी आई, रोल आफ पार्लियामेंट कामिटीज, फूड पालिसी आफ इंडिया एण्ड नेशनल फूड सिक्योरिटी ऐक्ट एण्ड इट्स ईम्प्लीमेन्टेशन, सस्टेनेबल डेवलपमेंट आफ इण्डियन एग्रीकल्चर एंड रोल इन इण्डियन इकोनॉमी, टाइप्स आफ फिजिकल वेरीफिकेशन इन एफ सी आई - ऐनुअल पी वी, क्वार्टरली पी वी एण्ड आई एस आई पी वी, लेबर सिस्टम इन एफ सी आई पेमेंट एण्ड बेनिफिट्स टू डिपार्टमेंट एण्ड डी पी एस लेबर, आफिस प्रोसिजर, ओपेनिंग एण्ड मेंटीनेंस आफ फाइल्स, आफिसियल रिकार्डस , वर्कशॉप आन नोटिंग ड्राफ्टिंग इत्यादि अनेक प्रासंगिक एवं उपयोगी विषयों पर भारतीय खाद्य निगम व अन्य संबंधित विभागों के विशेषज्ञ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विषयगत प्रासंगिक व महत्वपूर्ण वार्ताओं के माध्यम से नवनियुक्त कार्मिकों का ज्ञानवर्धन किया गया, जिससे कि अपने-अपने कार्य क्षेत्र में जाकर यथोचित रूप से शासकीय कार्यो का निष्पादन कर सकें। नवनियुक्त कार्मिकों को अभिप्रेरित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संस्थान के महानिदेशक एल0 वेंकटेश्वर लू, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग के पूर्व वरिष्ठ सदस्य डा0 कृष्ण वीर सिंह शाक्य तथा लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी के वरिष्ठ विजिटिंग फैकल्टी प्रोफेसर स्वामी मधुसूदन जी की वार्ताएं अद्वितीय रहीं हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन संस्थान के प्र 0अपर निदेशक बी डी चौधरी की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक प्रशान्त शर्मा आई ए एस की गरिमामई उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। महाप्रबंधक प्रशान्त शर्मा द्वारा सभी कार्मिकों को शासकीय ढांचे में कार्य करने के अनेक प्रकार के उपयोगी निर्देश देने के साथ मार्ग निर्देशन भी प्रदान किया गया। अध्यक्षीय सम्बोधन के अन्तर्गत संस्थान के अपर निदेशक बी डी चौधरी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सम्पूर्ण आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन एवं प्रबंधन के दृष्टिगत उप निदेशक सरिता गुप्ता एवं सहायक निदेशक डॉ सीमा राठौर की सराहनीय भूमिका होने के साथ सहयोग की दृष्टि से संस्थान के डॉ शिव बचन सिंह, विवेक यादव, अनुज दूबे, मो0शहन्शाह तथा सूरज ने उपयोगी भूमिका निभाई।

# भाषा वि.वि. में क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान का शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय परिसर में नैक मूल्यांकन की युद्धस्तर तैयारियों के अंतर्गत क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान कुलपति प्रो. अजय तनेजा के नेतृत्व और राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में आरंभ किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, उप कुलसचिव मो. सहील, तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रामदास, डॉ जफरून नकी, डॉ. अभय कृष्णा, डॉ श्वेता अग्रवाल, डॉ मनीष कुमार, डॉ साइमा अलीम एवं डॉ. हारून रशीद की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. अजय तनेजा के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। उद्बोधन के उपरांत कुलपति ने स्वयं फील्ड में पहला फावड़ा चलाकर एवं पौधरोपण करके अभियान की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने स्वच्छ, हरित एवं सतत परिसर निर्माण के लिए सभी को संकल्प दिलाया। डॉ. नलिनी मिश्रा ने इस अवसर पर सभी से पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की अपील की और कहा कि स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है। डॉ. बुशरा अलवेरा, एएनओ एनसीसी भी कार्यक्रम में उपस्थिति रही। यह अभियान न केवल नैक मूल्यांकन की तैयारी का हिस्सा है, बल्कि यह विश्वविद्यालय समुदाय को स्वच्छता एवं हरित जीवनशैली की ओर प्रेरित करने की दिशा में एक अहम कदम भी है।